18 मई, 2025
ज्येष्ठ, कृष्ण पक्ष, पंचमी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
रविवार, वर्ष 10, अंक 207

* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

नेपाल के रास्ते आतंकियों के भारत में घुसने की सूचना यूपी-बिहार अलर्ट



सिर्फ मेडिकल Preparation का संस्थान

BIOME से लगातार दूसरी बार NEET (UG) में 700 Marks पार

BIOME ®
Leading Institute for Pre-Medical Exam.
A Unit of Bhavya Educational Services LLP

## DIRECT ADMISSION
BASED ON 2025 BOARD RESULTS


According To BOARD MARKS [X[th]/XII[th]]

| Scholarship Eligibility for NEET | Scholarship |
|---|---|
| For any State Board (Top 15 Merit Students) | 30% |
| For CBSE Board (95% or above) | 25% |
| For ICSE Board (90% or above) | 25% |
| For any State Board (80% or above) | 25% |
| For CBSE Board (90% or above) | 20% |
| For ICSE Board (85% or above) | 20% |
| For any State Board (75% or above) | 20% |
| For CBSE Board (85% or above) | 15% |
| For ICSE Board (80% or above) | 15% |
| For any State Board (70% or above) | 15% |
| For CBSE Board (80% or above) | 10% |
| For ICSE Board (75% or above) | 10% |
| For any State Board (65% or above) | 10% |
| For CBSE Board (75% or above) | 5% |
| For ICSE Board (70% or above) | 5% |
| For any State Board (65% or above) | 5% |

## ADMISSION ANNOUNCEMENT
through B-SAT

For NEET 2026 / 2027

Get upto 100%* SCHOLARSHIP
through
BIOME SCHOLARSHIP CUM ADMISSION TEST




SCHOLARSHIP TEST TO BE HELD ON
17[th], 18[th] & 24[th], 25[th] May 2025
Test results on same day | OFFLINE Test

SCAN this QR CODE & Register for OFFLINE SCHOLARSHIP TEST

*Note : The Scholarship is offered only on Tuition Fee.*

## BIOME CLASSROOM HIGHLIGHTS


COMPLETE DIGITAL CLASS


HI-TECH LIBRARY


INDIVIDUAL DOUBT SOLVING


HOSTEL FACILITY


TRANSPORT FACILITY

## SOME OF OUR STAR PERFORMERS OF NEET UG - 2024




**FOUNDATION**
(11[th] moving students)
For NEET 2027

**FRESHER**
(12[th] moving students)
For NEET 2026

**TARGET**
(12[th] passed students)
For NEET 2026

**PHASE - II**
Batch Starting from
29[th] May 2025

# 7360066185 / 86 / 87 / 88 / 89 / 90 / 91 / 92

Shivpuri (Kilburn Colony) Opp. Spring City Mall, Hinoo, Ranchi

New Nagratoli, Near Women's College, Science Block, Ranchi

BARIATU : (Classroom Campus) - Chhotanagpur Public School, Beside Medica Hospital, Booti More, Ranchi

www.biomeinstitute.in | youtube.com/biomeinstitute | facebook.com/biomeinstitute/

LIBRARY | HOSTEL | TRANSPORT
Manage by third party

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 18 मई, 2025
www.azadsipahi.in


# भारत ने मात्र डिफेंसिव मोड में ही चीनी हथियारों की पोल खोल दी, फुस्स हुए सारे हथियार

- भारत जब आक्रामक हुआ तो पाकिस्तान को उसकी औकात बता डाली, आ गया घुटनों पर
- मात्र दो दिन में ही सरेंडर कर चुका था पाकिस्तान, उसकी वायु सेना ने सबसे पहले हाथ खड़े कर दिये
- शस्त्र के पीछे कौन है, महत्व उसका होता है, पाकिस्तान तो एफ-16 भी डकार गया
- दुनिया में भारतीय हथियारों का दबदबा बढ़ते देख फूफा से लेकर पड़ोसी तक नाराज
- एक तरफ फूफा रोज अटपटा बयान दे रहा, तो ड्रैगन खुद की आग में झुलस रहा
- ऑपरेशन सिंदूर ने भारत को मजबूत किया, दुश्मनों की पहचान करायी वो अलग

**आजाद सिपाही विशेष**

**भारत के चार दिवसीय 'ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर हुए संघर्ष विराम की सबसे बड़ी बात यह है कि भारत और पाकिस्तान दोनों अपनी-अपनी सफलता पर प्रसन्न हैं। दोनों जश्न मना रहे हैं, किंतु इस संघर्ष से सबसे ज्यादा लाभ जहां भारत को हुआ है, तो सबसे ज्यादा नुकसान संघर्ष से दूर खड़े होकर तमाशा देख रहे चीन को। भारत इस संघर्ष में अपने शस्त्रों, विशेषकर मिसाइलों की गुणवत्ता और सटीकता को पूरी दुनिया में साबित करने में कामयाब रहा। इससे भारत में बनी रक्षा प्रणालियों और हथियारों को लेकर मांग अब बढ़ेगी। चीन संघर्ष में प्रत्यक्ष रूप से शामिल नहीं था, लेकिन पाकिस्तान उसके हथियारों के बल पर मैदान में था। चीन के बने उपकरण पहले ही अपनी निम्न क्वालिटी के लिए प्रसिद्ध थे। इस संघर्ष में तो उन हथियारों के निराशाजनक प्रदर्शन ने चीन के सामान की साख मिट्टी में मिला दी है। इससे चीन बुरी तरह बौखला गया है चीन अब सफाई में भले ही यह कह रहा है कि उसके उपकरण सही हैं, पाकिस्तानी सैनिकों को उन्हें चलाना नहीं आया, लेकिन दुनिया के बाजार इस बात की गवाही दे रहे हैं कि भारत ने न केवल चीनी हथियार और पाकिस्तान की औकात बता दी, बल्कि चीन की ताकत को भी बेपर्दा कर दिया है। चीन अब कुछ भी सफाई दे, लेकिन कोई भी देश अब यह मानने को तैयार नहीं कि चीन के हथियार किसी काम के हैं। इसलिए दुनिया भर के बाजारों में चीनी हथियार कंपनियों के शेयर के दाम लगातार गिरते जा रहे हैं। पाकिस्तान का साथ देकर चीन अपने ही बुने जाल में फंस गया है। क्या है इस पूरे घटनाक्रम की पृष्ठभूमि और क्या होगा इसका असर, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

भारत और पाकिस्तान के बीच चले संघर्ष में भले ही पाकि?स्तान अपनी जीत के झूठे दावे कर रहा हो, असल लड़ाई तो भारत और चीन के बीच चल रही थी। संघर्ष के बाद यह तय हो गया कि दुनिया में भारत के हथियारों की विश्वसनीयता बढ़ी है। दूसरी तरफ इस संघर्ष ने चीन की कागजी ताकत को बेपर्दा कर दिया है और इस कारण वह बुरी तरह बौखलाया हुआ है। वह सफाई दे रहा है कि उसके हथियार ठीक हैं, लेकिन पाकिस्तान की सेना उन्हें चलाना ही नहीं जानती है।

## चीनी हथियारों की खुल गयी पोल

संघर्ष के दौरान पाकिस्तान ने चीन में बने एचक्यू-16 और एचक्यू-9 एयर डिफेंस सिस्टम का इस्तेमाल किया। एचक्यू-9 जहां 125 किलोमीटर, तो एचक्यू-16 लगभग 50 किलोमीटर की रेंज वाला एयर डिफेंस सिस्टम है। पाकिस्तान के लिए चीन ने इसमें बदलाव किये। इसके बावजूद इसका कोई फायदा नहीं हुआ। ये सिस्टम न तो भारत के ड्रोन रोक सके और न ही मिसाइल। भारत ने तो इन डिफेंस सिस्टम को ही तबाह कर दिया। चीन ने पाकिस्तान को जेएफ-17 लड़ाकू विमान भी बेचा था। पाकिस्तान को इसका भी कोई लाभ नहीं मिल सका। पाकिस्तान ने भारत पर हमले के लिए चीन में बने ड्रोन का भी इस्तेमाल किया था, लेकिन इन्हें भी भारत ने सीमा पर ही मार गिराया।

## भारत ने चीन को सिखाया सबक

चीन के एचक्यू-9 एयर डिफेंस सिस्टम की बर्बादी की कहानी तो पूरी दुनिया तक पहुंच चुकी है। भारत ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान पाकिस्तान में तैनात चीनी एयर डिफेंस सिस्टमों को बर्बाद कर दिखा दिया कि उनकी कोई औकात नहीं है। चीनी हथियार भी पाकिस्तान की बर्बादी को रोक नहीं पाये। इससे चीन का बौखलाना तो तय ही था, क्योंकि उसके बढ़ते रक्षा बाजार की साख पर भारत ने बट्टा लगा दिया। अब कोई भी देश चीनी हथियारों को खरीदने से पहले कम से कम एक बार तो जरूर सोचेगा।

## शेयर बाजार भी बता रहे चीन की असलियत

इस संघर्ष में वास्तव में दोनों देशों की डिफेंस कंपनियों की साख दांव पर लगी हुई थी। संघर्ष के दौरान जहां भारत की डिफेंस कंपनियों के शेयर रॉकेट बने हुए थे, वहीं दूसरी ओर चीनी शेयर बाजार के डिफेंस स्टॉक फुस्सी बम की तरह धराशायी हुए। इसका मतलब है कि भारत ने दोनों ही मोर्चों, यानी पाकिस्तान के सामने आसमान पर और चीन के सामने शेयर बाजार पर बाजी मारी।

भारत के साथ चार दिनों के संघर्ष में भारत के खिलाफ जीत के पाकिस्तान के छाती पीटने वाले दावों को बेनकाब करते हुए शेंजेन और मुंबई के शेयर बाजार इस बात की कहीं अधिक खुलासा करने वाली तस्वीर पेश कर रहे हैं कि वास्तव में कौन विजयी हुआ। पाकिस्तान ने भले ही तीन राफेल सहित पांच भारतीय लड़ाकू विमानों को मार गिराने का दावा करते हुए एक सिनेमाई जीत का दावा किया हो, लेकिन चीनी डिफेंस स्टॉक में भारी बिकवाली और भारतीय डिफेंस शेयरों में तेजी से यह स्पष्ट हो गया है कि आसमान पर हुए इस संघर्ष में किसकी जीत हुई है। यह जानना दिलचस्प है कि आखिर चीनी डिफेंस शेयरों में कितनी गिरावट देखने को मिली, वहीं भारत के डिफेंस शेयरों में कितना इजाफा देखने को मिला है।



## चीनी डिफेंस शेयरों में बड़ी गिरावट

चीनी स्टॉक एक्सचेंज शेंजेन में लिस्टेड एविक चेंगदू एयरक्राफ्ट कंपनी, जो पाकिस्तान द्वारा तैनात जे-10सी लड़ाकू विमानों की निर्माता है, पिछले तीन कारोबारी सत्रों में नौ फीसदी से अधिक गिर गयी। पीएल-15 एयर-टू-एयर मिसाइलों की निर्माता कंपनी झूझोउ होंगडा इलेक्ट्रॉनिक्स कॉर्प के शेयरों में भी बड़ी गिरावट देखने को मिली और कंपनी की वैल्यूएशन 10 फीसदी कम हो गयी। खास बात तो ये है कि गिरावट का ये सिलसिला यहीं नहीं रुका। जब से सैटेलाइट तस्वीरों ने पाकिस्तान के भारतीय एयरबेस को नुकसान पहुंचाने के दावों की हवा निकाली है और भारतीय वायुसेना के पाकिस्तानी एयरबेसों में विनाश के दावे को बिल्कुल सटीक तरीके से पुष्ट किया है, तब से चाइना एयरोस्पेस टाइम्स इलेक्ट्रॉनिक्स के शेयरों में दो दिनों में सात फीसदी की गिरावट आयी है, जबकि ब्राइट लेजर टेक्नोलॉजीज, नॉर्थ इंडस्ट्रीज ग्रुप, चाइना स्पेससैट और एवीआइसी एयरक्राफ्ट के शेयरों में 5-10 फीसदी तक की गिरावट देखी गयी।

## भारत में रॉकेट हुए डिफेंस स्टॉक

दूसरी ओर निवेशक भारतीय डिफेंस शेयरों को खरीदने के लिए कतार में लगे हुए दिखाई दिये। विश्लेषकों का कहना है कि भारत के 'ऑपरेशन सिंदूर' ने स्वदेशी हथियारों और अत्याधुनिक घरेलू तकनीकों द्वारा संचालित भारतीय सेना की विशाल शक्ति को प्रदर्शित किया। निफ्टी इंडिया डिफेंस इंडेक्स ने तीन दिनों में 10 फीसदी की शानदार बढ़त दर्ज की, जिसमें आइडियाफोर्ज, जीआरएसइ, कोचीन शिपयार्ड और भारत डायनेमिक्स ने सिर्फ एक हफ्ते में 38% तक की बढ़त दर्ज की। जानकारों ने कहा कि भारत ने अपने सभी घोषित रणनीतिक उद्देश्यों को हासिल कर लिया है। 'ऑपरेशन सिंदूर' एक स्पष्ट सफलता थी। स्वदेशी हथियारों और अत्याधुनिक घरेलू तकनीकों द्वारा संचालित एक सफलता। डिफेंस शेयरों में तेजी रहने का अनुमान है। वहीं दूसरी ओर पाकिस्तान की सेना ने दावा किया कि उसने कई भारतीय लड़ाकू विमानों, रडार सिस्टम और यहां तक कि बेशकीमती सुदर्शन एस-400 एयर डिफेंस बैटरी को नष्ट कर दिया। भारत ने तुरंत जवाब भी दिया और वह भी सुबूत के साथ।

## पीएम मोदी ने खोली पोल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पाकिस्तान की पोल खोलते हुए आदमपुर एयरबेस पर नष्ट हो चुके एस-400 के ठीक सामने तस्वीर खिंचवायी, जिसे कथित तौर पर पाकिस्तानी हाइपरसोनिक मिसाइल ने धूल में मिला दिया था। यह बेस 'ऑपरेशन सिंदूर' का केंद्र था। 23 मिनट की तेज उड़ान में भारतीय जेट ने न केवल पाकिस्तान के चीन द्वारा सप्लाई किये गये एयर डिफेंस नेटवर्क को जाम कर दिया, बल्कि लोइटरिंग अम्यूनिशन या आत्मघाती ड्रोन का उपयोग करके रणनीतिक पाकिस्तानी एयरबेस- नूर खान और रहीमयार खान को भी नष्ट कर दिया। मलबे से भारतीय बलों ने पीएल-15 मिसाइलों के हिस्से, यिहा या यीहाव नामक तुर्की मूल के यूएवी, क्वाडकॉप्टर और लंबी दूरी के रॉकेट बरामद किये।

## डिफेंस एक्सपोर्ट बढ़ाने का लक्ष्य

सरकार अब भारत के डिफेंस एक्सपोर्ट को बढ़ाने का लक्ष्य बना रही है, जो वित्त वर्ष 2025 में लगभग 24 हजार करोड़ रुपये के रिकॉर्ड आंकड़े को पार कर गया है, जिसे 2029 तक 50 हजार करोड़ रुपये तक ले जाना है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस सप्ताह की शुरूआत में कहा कि हमारा लक्ष्य 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र और दुनिया का सबसे बड़ा डि?फेंस एक्सपोर्टर बनाना है। लक्ष्य हासिल करने के लिए हमें अपने डिफेंस कंपोनेंट्स की गुणवत्ता के बारे में वैश्विक विश्वास विकसित करना होगा और 'ऑपरेशन सिंदूर' ने ऐसा ही किया।

## भारतीय कंपनियों के लिए अच्छी खबर

जानकार बताते हैं कि आकाश एसएएम और इलेक्ट्रॉनिक वॉर जैसी स्वदेशी रक्षा प्रणालियों की बड़ी सफलता ने विश्वसनीयता और प्रभावशीलता को दर्शाया है और मांग को और मजबूत किया है। हमारी सीमाओं को मजबूत करने और हमारी तैयारियों को बढ़ाने की आवश्यकता ने रक्षा उपकरणों की निरंतर मांग स्थापित की है और रक्षा कंपनियों के लिए उनके ऑर्डर बुक और टॉप लाइन में मजबूत वृद्धि से यह बेहद सकारात्मक है। चीनी और पाकिस्तान में अन्य डिफेंस सिस्टम के मुकाबले भारत में निर्मित डिफेंस सिस्टम के प्रदर्शन से ग्लोबल डिमांड में वृद्धि होने की संभावना है। ब्रह्मोस की तो पहले ही मांग होने लगी थी। अब और ज्यादा मांग आयेगी। भारत का शस्त्रों का बाजार बढ़ेगा। निर्यात बढ़ेगा तो देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी।

अनुमान लगाया जा रहा है कि चीन के हथियारों के भारत के खिलाफ फेल होने के बाद अब पाकिस्तान अमेरिका और बाकी पश्चिमी देशों से हथियार खरीदने पर जोर लगायेगा। हालांकि उसकी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है किंतु यह एक हजार साल भी भारत से लड़ने का इरादा रखता है। भले ही उससे दुनिया के आगे भीख मांगनी पड़े। झोली फैलनी पड़े।

---

### सिमडेगा में आशा गोयल की हत्या पर रक्षा राज्य मंत्री का बयान

# एसआइटी गठित कर निष्पक्ष और उच्चतरीय जांच हो

**पुलिस महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करे**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** तीन दिन पूर्व सिमडेगा शहर में दिनदहाड़े आशा गोयल की हत्या को लेकर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने राज्य सरकार से इसकी उच्चस्तरीय जांच करने की मांग की है। इस संबंध में जारी एक बयान में रक्षा राज्य मंत्री श्री सेठ ने कहा है कि आशा गोयल अपने घर में अकेले रहती थीं और दिनदहाड़े उनकी गला रेतकर निर्मम हत्या की गयी है। घटना के चार दिन बाद भी अब तक इसका खुलासा नहीं हो पाया है, जो कहीं ना कहीं गंभीर प्रश्न खड़े करता है। रक्षा राज्य मंत्री ने कहा कि सिमडेगा शहर में दिनदहाड़े घर में घुसकर निर्मम हत्या की घटना से आम नागरिक दहशत में हैं। मैं राज्य सरकार से मांग करता हूं कि इस मामले को लेकर एसआइटी का गठन किया जाये और इसकी उच्च स्तरीय निष्पक्ष जांच हो। दोषियों पर अविलंब ठोस कार्रवाई सुनिश्चित की जाये। इसके पीछे के कारणों का भी यथाशीघ्र उद्भेदन पुलिस प्रशासन करे। इसके साथ ही उस क्षेत्र में महिलाओं की सुरक्षा की गारंटी सुनिश्चित की जाये।



# नयी शराब नीति में माफियाओं को खुली छूट : बाबूलाल

- अपने चहेतों को लाभांन्वित करने के लिए राज्य सरकार लायी नयी शराब नीति
- अधिसूचित क्षेत्रों में जनसंख्या के अनुपात में हो दुकानों का आवंटन
- ग्रामीण महिलाओं को प्राथमिकता मिले, ऐसा नहीं हुआ तो करेंगे आंदोलन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सरकार की नयी शराब नीति पर बड़ा निशाना साधा। श्री मरांडी ने पूर्व में मुख्यमंत्री को लिखे पत्र का भी उल्लेख किया। कहा कि पहले भी उन्होंने राज्य सरकार की नीति और नीयत को उजागर किया है और समय आने पर फिर खुलासा करेंगे। कहा कि राज्य सरकार ने अपने कार्यकाल में तीसरी बार शराब घोटाले की नींव डाली है। पहले दो घोटाले अभी जांच के घेरे में हैं और अब तीसरी बार अपने चहेतों को उपकृत करने के लिए नये तरीके से शराब नीति लायी गयी है। जो माफियाओं को खुली छूट देकर शराब पर कब्जे की वैधानिक कार्रवाई है।



कहा कि इस नीति के तहत नीलामी यूनिट के आधार पर होगी। हर यूनिट में एक से चार दुकानों का प्रावधान है। कोई भी व्यक्ति या समूह इसके तहत अधिकतम 12 यूनिट ले सकता है। इसमें ऐसा भी प्रावधान है कि अगर किसी ने ऐसी यूनिट ली जिसमें चार दुकानें हैं तो वह व्यक्ति या समूह एक जिले में 48 दुकानें ले सकता है। कहा कि इतना ही नहीं एक व्यक्ति या समूह इस नीति के तहत राज्य में 140 दुकानें ले सकता है। कहा कि सभी को पता है कि कारोबारी पहले से ही दो, चार, दस, बीस कंपनियां बनाकर बैठे हैं। वे अलग-अलग कंपनियों और समूहों के नाम पर नीलामी में भाग लेंगे। इस नीति का फायदा उठाकर पूरे राज्य की शराब दुकानों पर कब्जा और एकाधिकार स्थापित करेंगे। फिर एक बार राज्य के शराब व्यापार पर कुछ चुनिंदे नामों का खुला नियंत्रण होगा। इस प्रकार यह नीति माफियाओं को कानूनी मान्यता देने की साजिश है। कहा कि इस नीति के कारण फिर से राज्य को राजस्व की भारी क्षति होगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार अगर सचमुच ने रोजगार देना चाहती है तो एक व्यक्ति को एक दुकान की नीति लागू हो। इससे शराब व्यापार में समानता और पारदर्शिता आयेगी। साथ ही जो लाइसेंस ले उसे ही दुकान चलाने की शर्त रखी जाये ताकि बिचौलियों और नामधारी माफियाओं का धंधा बंद हो। उन्होंने कहा कि अगर राज्य सरकार ऐसा नहीं करती तो भाजपा इसका पूरे प्रदेश में प्रबल विरोध करेगी। पार्टी चुप नहीं बैठेगी। प्रखंड, जिलों तक आंदोलन करेगी। प्रेसवार्ता में मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक, प्रवक्ता अविनेश कुमार सिंह उपस्थित थे।

www.epaper.azadsipahi.in
18 मई, 2025
ज्येष्ठ, कृष्ण पक्ष, पंचमी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00
कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही
रांची
रविवार, वर्ष 10, अंक 207

मधुपुर में बरौनी-हल्दिया पाइप लाइन से क्रूड ऑयल चोरी का खुलासा, दो गिरफ्तार



FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nursing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

SMD TRADERS
कटहल मोड़ चौक
पटाखा गली, श्रीराम नगर
गुटवा, थाना - नगरी, राँची
हम मुर्गा छाप एवं अन्य ब्राण्डेड कंपनियों के पटाखें अन्यों से 10% कम भाव में थोक एवं खुदरा विक्रेता
जाओ मम्मी - पापा जाओ एसएमडी के पटाखे लाओ
क्यो ?...............इसलिए !
मम्मी पापा से कहते है बच्चे एसएमडी के पटाखे अच्छे
संपर्क करें :
6201474385
7488680098
9717720847

सेना, सुरक्षा एजेंसी और स्थानीय पुलिस अलर्ट, हर राज्य में पैनी नजर

# नेपाल के रास्ते आतंकियों के भारत में घुसने की सूचना

## बॉर्डर समेत अन्य सीमावर्ती इलाकों में संदिग्ध गतिविधियों पर है नजर

- उत्तरी कश्मीर में छापामारी, आंतकियों की मदद करने वालों की हो रही तलाश

आजाद सिपाही संवाददाता

**जम्मू कश्मीर/ नयी दिल्ली/ सुपौल।** भारत और पाकिस्तान के बीच फिलहाल सीजफायर है। इसके बाद भी देश की सुरक्षा एजेंसियां चौकस हैं। सेना, सुरक्षा एजेंसी और स्थानीय पुलिस अलर्ट मोड में है। बार्डर के साथ-साथ सीमावर्ती क्षेत्रों में संदिग्ध गतिविधियों पर पैनी नजर है। खुफिया इनपुट के मुताबिक नेपाल से बिहार के रास्ते आंतकियों के भारत में घुसने के प्रयास की सूचना है। इसे देखते हुए नेपाल बॉर्डर पर चौकसी बढ़ा दी गयी है। वहीं, कश्मीर में आतंकियों की मदद करने वालों की तलाश जारी है। सेना और स्थानीय पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है।

**मध्य और उत्तरी कश्मीर में छापामारी:** आतंकी गतिविधियों पर लगाम लगाने के लिए जम्मू कश्मीर पुलिस की स्टेट इंवेस्टिगेशन एजेंसी (एसआइए) ने शनिवार को बड़ी कार्रवाई की है। राज्य जांच एजेंसी (एसआइए) मध्य और उत्तरी कश्मीर में कई स्थानों पर छापेमारी कर रही है। यह अभियान क्षेत्र में संदिग्ध आतंकवाद संबंधी गतिविधियों पर चल रही कार्रवाई का हिस्सा है।

**नेपाल बॉर्डर से तीन विदेशी नागरिक गिरफ्तार:** भारत-नेपाल सीमा पर तीन विदेशी नागरिकों को एसएसबी (सशस्त्र सीमा बल) के जवानों ने हिरासत में लिया है। तीनों को लदनिया थाना पुलिस के हवाले कर दिया गया है। हिरासत में लिए गये विदेशी नागरिकों में एक चीनी नागरिक और दो नेपाली नागरिक शामिल हैं। सभी विदेशी नागरिकों से पूछताछ की जा रही है। चीनी नागरिक ने अपना नाम यूसिसु बताया है।



### तीन कट्टर इस्लामिक संगठन रच रहे साजिश

खुफिया सूचना के मुताबिक बांग्लादेश में सक्रिय तीन कट्टर इस्लामिक संगठनों जमात-उल-मुजाहिदीन बांग्लादेश, हरकत-उल जिहाद अल-इस्लामी, बांग्लादेश जमात-ए-इस्लामी से जुड़े लोग बड़ी घटना को अंजाम देने की तैयारी में हैं। भारत-नेपाल सीमा पर गश्त काफी तेज कर दी गयी है। आने-जाने वाले लोगों की गहनता से जांच की जा रही है। सशस्त्र सीमा बल और बिहार पुलिस की संयुक्त टीम ने किशनगंज, सुपौल, किशनगंज, अररिया और सीतामढ़ी में गश्त बढ़ा दी है। वीरपुर, निर्मली और कोसी नदी के दियारा क्षेत्रों में गश्त तेज कर दी गयी है।

### यूपी-बिहार के रास्ते घुसपैठ की सूचना

ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत के तमाम अंतरराष्ट्रीय बॉर्डर हाई अलर्ट पर हैं। यूपी-बिहार में भारत-नेपाल बॉर्डर पर भी चौकसी बढ़ायी गयी है। इस बीच नेपाल के रास्ते पाकिस्तान और बांग्लादेश के करीब दो दर्जन संदिग्ध लोगों के बिहार में घुसपैठ और आतंकी हमले की योजना जैसी खुफिया सूचनाओं ने सुरक्षा एजेंसियों के कान खड़े कर दिये हैं। खुफिया सूचना के मुताबिक आतंकियो का दल बांग्लादेश से ठाकुरगंज के रास्ते रवाना हुआ है और नेपाल की सीमा होते हुए भारत में घुसपैठ की तैयारी कर रहा है। इस सूचना के मद्देनजर भारत-नेपाल सीमा पर सुरक्षा एजेंसियों ने चौकसी बढ़ा दी है।

## जासूसी के आरोप में महिला यूट्यूबर समेत पांच गिरफ्तार

**हिसार (आजाद सिपाही)।** हिसार पुलिस ने पाकिस्तान के लिए जासूसी करने वाले छह लोगों को गिरफ्तार किया है। इसमें यूटयूबर ज्योति मल्होत्रा तथा उसके पांच साथी शामिल हैं। ज्योति को हिसार के न्यू अग्रसेन एक्सटेंशन से गिरफ्तार किया गया है। ज्योति ट्रैवल विद जो नाम से अपना यू ट्यूब चैनल चलाती है। ज्योति ने पुलिस को बताया कि वह वर्ष 2023 में वीजा लगवाने के लिए पाकिस्तान हाई कमीशन में गयी थी। वहां उसकी मुलाकात अहसान उर रहीम उर्फ दानिश से हुई। उसने दानिश का मोबाइल नंबर ले लिया। दोनों की बातें होने लगी। उसके बाद उसने दो बार पाकिस्तान की यात्रा की थी।

**पाकिस्तानी इंटेलीजेंस अधिकारियों से भी मिली:** सूत्रों के मुताबिक ज्योति ने बताया कि पाकिस्तान में अहसान उर रहीम के कहने पर उनके जानकार अली अहवान से मिली। अली अहवान ने उसके घूमने-फिरने और रहने का प्रबंध किया। अली अहवान ने पाकिस्तानी इंटेलीजेंस तथा सिक्योरिटी के अधिकारियों से उसकी मुलाकात करायी।



### पाकिस्तानी इंटेलीजेंस के संपर्क में थी ज्योति

सूत्रों के मुताबिक ज्योति ने बताया कि वह राणा शहबाज और शाकिर से भी मिली। उसने शाकिर का मोबाइल नंबर भी लिया और अपने मोबाइल में जट रंधावा के नाम से सेव कर लिया, ताकि किसी को शक न हो। वापस भारत आने के बाद व्हाटस एप, स्नैप चैट, टेलिग्राम के माध्यम से उन लोगों के संपर्क में रहने लगी। देश विरोधी सूचनाएं उन तक पहुंचाने लगी। वह पाकिस्तानी इंटेलीजेंस ऑपरेटिव के संपर्क में भी है। बता दें कि अहसान उर रहीम को भारत सरकार के विदेश मंत्रालय ने जासूसी के आरोप में पर्सन नोन ग्राटा घोषित किया हुआ है।

## जेएससीए की मैनेजमेंट कमेटी का चुनाव आज



- वार्षिक आम सभा के साथ 2025-28 के लिए कमेटी के 15 सदस्यों का चुनाव होगा
- अजय नाथ शाहदेव और एसके बेहरा टीम के बीच सीधा मुकाबला
- 718 सदस्य कमेटी के 15 सदस्यों को चुनेंगे

सुनील सिंह

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड राज्य क्रिकेट संघ (जेएससीए) की वार्षिक आम सभा (एजीएम) सह सत्र 2025-28 की कमेटी ऑफ मैनेजमेंट के 15 सदस्यों का चुनाव रविवार को जेएससीए इंटरनेशनल स्टेडियम परिसर में संपन्न होगा। सुबह 8.30 बजे से 9 बजे तक प्रत्याशी मतदान कर सकते हैं, जबकि 718 आम सदस्यों के मतदान के लिए सुबह 9 से दोपहर 1 बजे तक समय तय है। दोपहर दो बजे से मतगणना की प्रक्रिया शुरू होगी। मतगणना के बाद परिणाम की घोषणा की जायेगी।

**पूर्व आइएएस एनएन पांडेय हैं निर्वाचन पदादिकारी:** सबसे खास बात ये है कि चुनावी संचालन की प्रक्रिया में जेएससीए के किसी भी सदस्य की भूमिका नहीं है। निर्वाचन पदाधिकारी पूर्व आइएएस एनएन पांडेय ने चुनाव सम्पन्न कराने के लिए राज्य निर्वाचन कार्यालय और जिला प्रशासन से लगभग 70 लोगों की टीम चुनावी प्रक्रिया में लगायी है। शनिवार को निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न करानेवाले कर्मियों का प्रशिक्षण शिविर भी आयोजित हुआ। 2019 में भी तत्कालीन रिटर्निंग अफसर आइएएस शिव बसंत ने भी मतदान व मतगणना की प्रक्रिया से जेएससीए के सदस्यों को अलग रखा था, लेकिन मतदाताओं के निबंधन प्रक्रिया का जिम्मा कुछ सदस्य ही संभाल रहे थे।

### मतदान के लिए सात बूथ बनाये गये

मतदान के लिए क्रमांक संख्या के अनुसार 7 बूथ बनाये गये हैं। क्रमांक संख्या के हिसाब से मतदाता अपने बूथ पर मतदान करेंगे। मतदान स्थल पर मतदाता को छोड़कर किसी अन्य व्यक्ति के जाने पर सख्त पाबंदी रहेगी। प्रत्याशी 9 बजे तक मतदान कर बाहर निकल जायेंगे। आम सदस्यों के मतदान के दौरान कोई भी प्रत्याशी मौजूद नहीं रहेगा। मतदान स्थल के आसपास कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गयी है।

### शाहदेव और बेहरा की टीम चुनावी मैदान में

चुनावी मुकाबले में अजय नाथ शाहदेव और एसके बेहरा टीम के बीच आमने-सामने हैं। शाहदेव टीम को निवर्तमान अध्यक्ष का समर्थन प्राप्त है। शाहदेव टीम की ओर से पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर सौरव तिवारी सचिव और शाहबाज नदीम संयुक्त सचिव के प्रत्याशी हैं, जबकि एसके बेहरा टीम की ओर से पिच क्यूरेटर एसबी सिंह सचिव पद और राजकुमार शर्मा संयुक्त सचिव पद पर अपनी किस्मत आजमा रहे हैं।

### न्यूज रील्स

#### पीएम मोदी ने हर हमले का करारा जवाब दिया : शाह

**अहमदाबाद।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह शनिवार से दो दिन के गुजरात दौरे पर हैं। शनिवार को वे गांधीनगर पहुंचे, जहां विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि मोदीजी के प्रधानमंत्री बनने के बाद से तीन हमले हुए हैं और मोदीजी ने तीनों ही आतंकी हमलों का मुंहतोड़ जवाब दिया है। उरी को सर्जिकल स्ट्राइक से, पुलवामा को एयर स्ट्राइक से और अब ऑपरेशन सिंदूर से पाकिस्तानी मुख्यालय को मिटा दिया गया है। हमारी सेना ने पाकिस्तान के अंदर 100 किमी तक घुसकर आतंकियों के 9 ठिकानों को तबाह किये। इसके अलावा 100 से ज्यादा आतंकियों को मारा। पाकिस्तान ने कच्छ से कश्मीर तक हमले का दुस्साहस किया, लेकिन हमारी सेना ने हर हमले को विफल किया। एक भी मिसाइल भारत में नहीं गिरी। हमारी आर्मी ने पाक एयरबेस को भी तबाह कर दिया। हमारी सेना ने पहलगाम हमले के जवाब में जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा के मुख्यालयों को उड़ाकर बदला लिया।

भारत-पाकिस्तान सीजफायर पर फिर पलटे डोनाल्ड ट्रंप, कहा

## दोनों देशों के बीच युद्ध 'एन' तक पहुंच गया था, मैंने रुकवाया

- अमेरिकी राष्ट्रपति का इशारा न्यूक्लियर युद्ध की तरफ था
- श्रेय नहीं देने का भी मलाल जताया

एजेंसी

**वाशिंगटन।** भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर के बाद अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने लगातार बयान दिये हैं। ट्रंप एक बार फिर 15 मई को दिये गये बयान से पलट गये हैं। उन्होंने 15 मई को कहा था कि मैं ने सीजफायर नहीं कराया, सिर्फ मदद की थी। अब एक बार फिर ट्रंप भारत और पाकिस्तान के बीच युद्धविराम कराने का श्रेय लेने की कोशिश करते दिखे हैं। ऐसा ही दावा उन्होंने एक बार फिर किया है। उनका कहना है कि दोनों देशों के बीच तनाव बहुत ज्यादा बढ़ गया था और 'एन' तक पहुंच गया था। 'एन' शब्द से ट्रंप का इशारा न्यूक्लियर युद्ध की ओर था। डोनाल्ड ट्रंप ने युद्धविराम में अमेरिकी भूमिका को 'अपनी बड़ी सफलता' बताया है। भारत सरकार ने ट्रंप के दावे को सीधे तौर पर नहीं माना है। भारतीय सेना का कहना है कि ये सीजफायर भारत और पाकिस्तान के डीजीएमओ के बीच बातचीत से तय हुआ। ट्रंप ने कहा कि हालात बहुत गंभीर हो गये थे। विदेश नीति की सफलताओं पर ट्रम्प ने कहा कि भारत-पाकिस्तान जंग को रोकना उनकी सबसे बड़ी सफलताओं में से एक है। हालांकि उन्हें इसका क्रेडिट नहीं मिला। ट्रम्प ने कहा कि उन्होंने दोनों देशों को जंग रोकने के बदले उनके साथ ट्रेड करने का प्रस्ताव रखा था। अब मैं बिजनेस का इस्तेमाल हिसाब चुकता करने और शांति स्थापित करने के लिए कर रहा हूं।



### भारत-पाकिस्तान सीजफायर पर ट्रंप के पांच पुराने दावे

- 10 मई: जंग रोकने का दावा किया
- 11 मई: कश्मीर मुद्दे पर हल निकालने की कोशिश करूंगा
- 12 मई: मैंने भारत-पाकिस्तान के बीच परमाणु जंग रोकी
- 13 मई: सीजफायर के लिए बिजनेस का इस्तेमाल किया
- 15 मई: सीजफायर नहीं कराया, सिर्फ मदद की

## पाकिस्तान कबूल रहा भारत ने कैसे धोया

- विमान गिरा, एयरबेस पर तबाही

एजेंसी

**इस्लामाबाद।** भारत की तरफ से ऑपरेशन सिंदूर के तहत जिस सटीकता के साथ पहले आतंकी ठिकानों और फिर पाकिस्तान के एयरबेसों को निशाना बनाया गया, उसकी तस्दीक अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों से लेकर मीडिया समूह तक करने में जुटे हैं। सबूतों के इस भारी दबाव में खुद पाकिस्तान भी दबा नजर आ रहा है। शुरआती दौर में भले ही उसने अपने सैन्य नुकसान की बात छिपायी हो, लेकिन अपनी कुछ हरकतों और कबूलनामे से एक के बाद एक उसकी क्षति सामने आ रही है। पाकिस्तान ने भले ही अपनी हानि को छिपाने के लिए भारत के बेसेज में तबाही की झूठी खबरें फैलायी हों, लेकिन सैटेलाइट तस्वीरों ने पूरे घटनाक्रम की पोल खोल कर रख दी।



**शहबाज ने कबूली नूर खान पर हमले की बात:** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने नूर खान एयरबेस पर भारतीय हमले की बात कुबूल कर ली है। उन्होंने कहा कि 10 मई की रात करीब 2:30 बजे जनरल आसिम मुनीर ने उन्हें सेफ लाइन पर फोन कर बताया कि भारत की बैलिस्टिक मिसाइलों ने नूर खान एयरबेस और कुछ अन्य इलाकों को निशाना बनाया है। एक नूर खान एयरपोर्ट पर गिरा है और कुछ दूसरे इलाकों पर गिरे हैं। इससे पहले पूर्व एयर मार्शल मसूद अख्तर ने वकबूल किया था कि भारत के हमले में पाकिस्तान को काफी नुकसान पहुंचा है।

BABU DINESH SINGH UNIVERSITY
(Established Under Government of Jharkhand Act-06, 2023 & Section 2(f) of the UGC Act, 1956, Member of AIU, Delhi)
Admission Open 2025-26
Approved by BCI
LL.B. (3 Years) | B.A. LL.B. (Honours) (5 Years) | B.B.A. LL.B. (Honours) (5 Years)
Special Fetures - Traditional and e-Library | Highly Qualified Faculty | Legal Research Cell | Separate Hostels for Boys & Girls | 23-Year of Academic Excellence | Practical court craft & moot court | 100 + Acre Green Campus
Programs Approved by AICTE & Apex Bodies
BCA | MCA | BBA | MBA
B.TECH CSE | CSE (AI) | CE | EEE CSE (CYBER SECURITY) Regular & Lateral
DIPLOMA CSE | EEE | CE ME | EE Regular & Lateral
Others Job Oriented Courses
MERIT BASED SCHOLARSHIP UP TO 30% ON TUITION FEE
B.D.S | B.H.M.S | B.Sc. Nursing | GNM | ANM
B.Sc. (Medical) | B.Sc. (MLT) | M.Sc. (MLT)
B.Ed. | D.El.Ed | M.D. | M.D.S. | M.Sc. (Medical)
PARAMEDICAL | B.A. | B.Sc. | B.Com. | M.A.
M.Sc. | M.Com. | B.Sc. (Agriculture) | B.Pharm
D.Pharm | B.Lib.I.Sc. | M.Lib.I.Sc. | ITI
BDSU : FARATHIYA, GARHWA-822114, JHARKHAND
9661462506, 6206297213, 9934688493
For More Details Visit : bdsu.ac.in email : bdsugarhwa@gmail.com

St. Michael's School
Noble Thought • Noble Action
CBSE Affiliated Senior Secondary School
25 YEARS OF ACADEMIC EXCELLENCE
HEARTY CONGRATULATIONS
on your impressive performance in
CBSE Secondary School Examination (Class X) Result - 2025
AKSHIT KUMAR 97% | SNEHA 98% | AASTHA PARASHAR 96.6%
GAURI PRANJAL 96.4% | GAURAV KUMAR CHAURASIYA 96.2% | KANISHKA RAJ 96%
EVA SAHAY 95.8% | ARPIT KUMAR 95.6% | AASTHA MINZ 95.4%
MAHI KUMARI 95.4% | ADITI SODHANI 95.2% | SHIVANSH SHAHDEO 95%
ACADEMIC SESSION : 2025-26
ADMISSION OPEN
GRADE-XI
Science & Commerce Stream
Scholarship available for Meritorious Students
School Topper SNEHA 98%
RESULT SUMMARY
ABOVE 95% 11 STUDENTS | ABOVE 90% 62 STUDENTS | ABOVE 80% 168 STUDENTS | ABOVE 75% 233 STUDENTS | 295 TOTAL STUDENTS
The school of tomorrow.....
FACILITIES
• Professional & highly qualified faculty
• Holistic learning experience
• Personality grooming
• 21st century curriculum
• Technology based classrooms
• Enriching curriculum through real life connect
Transport Facility Available
For registration, please visit www.stmichaels.info
JAJPUR, SOPAROM, ITKI ROAD, RANCHI - 835303 (JHARKHAND)
Phone : 9153983203 / 9905103322 • E-mail : stmichaelsranchi@gmail.com
Scan for more details

## टिकट जांच अभियान में 161 रेल यात्री पकड़े गये



झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)। धनबाद रेल मंडल अंतर्गत धनबाद-पहाड़पुर रेलखंड पर मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में विशेष टिकट जांच अभियान चलाया गया। रेलवे द्वारा साझा की गयी जानकारी के अनुसार इस अभियान के दौरान 161 यात्रियों को नियमों के उल्लंघन में पकड़ा गया। इनमें से कई बिना टिकट यात्रा कर रहे थे, कुछ यात्री बिना उचित प्राधिकार के यात्रा कर रहे थे जबकि कुछ यात्री बिना बुक किये गये सामान के साथ सफर कर रहे थे। रेलवे ने इन यात्रियों से कुल 50,155 की जुर्माना राशि वसूला। विशेष चेकिंग केवल ट्रेनों तक सीमित नहीं रही, बल्कि मेल और एक्सप्रेस ट्रेनों के अलावा विभिन्न स्टेशनों पर भी सघन टिकट जांच अभियान चलाया गया। धनबाद मंडल के वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक सह जनसंपर्क अधिकारी मोहम्मद इकबाल ने यात्रियों से अपील की कि वे नियत श्रेणी का ही टिकट लेकर यात्रा करें और रेल नियमों का पालन करें। उन्होंने बताया कि इस प्रकार के टिकट चेकिंग अभियान भविष्य में भी लगातार जारी रहेंगे।

## मिट्टी नमूना संग्रहण के लिए प्रशिक्षण आयोजित



कोडरमा (आजाद सिपाही)। केंद्र प्रायोजित योजनान्तर्गत सॉइल फर्टीलिटी योजना के तहत आकांक्षी प्रखंड मरकच्चो में वित्तीय वर्ष 2025-26 खरीफ मौसम में मिट्टी नमूना संग्रहण के लिए लक्ष्य-1020 मिट्टी नमूना के विरूद्ध एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रखंड विकास पदाधिकारी, मरकच्चो के अध्यक्षता में किया गया। जिसमें प्रखंड कृषि पदाधिकारी सभी जनसेवक प्रभारी और किसान मित्र उपस्थित हुए। इस कार्यक्रम में ऐग्री क्लिनिक कोडरमा के दीक्षा कुमारी के द्वारा ऑन लाइन साथी पोर्टल में मिट्टी नमूना लेने हेतु प्रशिक्षित किया गया। यह कार्यक्रम जिला कृषि पदाधिकारी कोडरमा द्वारा आयोजित कि गयी। जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा उपस्थित सभी कर्मी को निर्देश दिया गया कि पुर्व के जिस ग्राम में मिट्टी नमूना संग्रहण कार्य नहीं किया गया है। उन ग्रामों के प्राथमिकता के आधार पर किसानों का चयन कर मिट्टी नमुना का संग्रहण का कार्य करेंगें।

## राणी सती मंदिर के 27वें स्थापना दिवस पर मंगल पाठ का आयोजन



हजारीबाग (आजाद सिपाही)। शहर के मालवीय मार्ग स्थित राणी सती मंदिर में 27वां स्थापना दिवस बेहद हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित एक दिवसीय दादी उत्सव का भव्य आयोजन हुआ। मंदिर परिसर भक्ति और श्रद्धा से भक्तिमय हो गया कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 6:00 बजे राणी सती दादी की विशेष पूजा-अर्चना और पाटा पूजन से हुई। इसके पश्चात मंगला आरती के साथ एक दिवसीय उत्सव की विधिवत शुरुआत हुई। सुबह से ही मंदिर में दादी भक्तों का आगमन शुरू हो गया था और पूरे परिसर में दिव्यता का माहौल छा गया था। दोपहर 2 बजे से मंदिर प्रांगण में भव्य मंगल पाठ का आयोजन किया गया। इस पावन अवसर पर कई महिलाओं ने पारंपरिक राजस्थानी परिधान में सज-धजकर दादी की मंगल पाठ की। मंदिर के प्रधान पुजारी शशिकांत मिश्रा के द्वारा विधिवत पूजा अर्चना कर पाठ विधिवत रूप से प्रारंभ करवाया। मंगल पाठ के दौरान इत्र उत्सव, जन्मोत्सव बधाई, हल्दी महोत्सव, सिंदूर उत्सव, मेहंदी उत्सव, गजरा उत्सव, चुनरी उत्सव तथा दादी पाठशाला जैसे अनेकों उत्सव का आयोजन किया गया। महिलाओं ने राणी सती दादी के जन्म से लेकर विदाई तक की सभी प्रमुख धार्मिक विधियों को बड़े ही श्रद्धाभाव और उत्साह से निभाया।

## कोडरमा में चलंत लोक अदालत सह विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन




कोडरमा (आजाद सिपाही)। कोडरमा में चलंत लोक अदालत सह कानूनी जागरूकता का आयोजन कोडरमा प्रखंड मुख्यालय में किया गया। कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव गौतम कुमार ने कहा कि समाज का कोई भी व्यक्ति साधन के आभाव में न्याय से वंचित नहीं रह सकता। लोगों के मौलिक अधिकारों के संरक्षण के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार कृत संकल्पित है। उन्होंने जिला विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा प्रदान की जाने वाली सभी सुविधाओं के बारे में लोगों को अवगत कराया और उन्होंने कहा कि कानून की जानकारी सभी को होनी चाहिए, कानून की जानकारी नहीं होने के कारण लोगों को बहुत सारी परेशानियों को झेलना पड़ता है। कोडरमा के अंचलाधिकारी हलधर प्रसाद सेट्ठी ने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा लोगों को हर प्रकार की कानूनी सहायता उपलब्ध कराया जाता है। एलएडीसीएस के अधिवक्ता नवल किशोर व राजेंद्र मंडल ने घरेलु हिंसा अधिनियम से संबंधित कई महत्वपूर्ण जानकारी दी। मध्यस्थ अंशु यामिनी ने कहा कि डायन कह कर किसी को प्रताड़ित करना कानूनन जुर्म है। पैनल अधिवक्ता जय गोपाल शर्मा ने कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय और कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मुहैया कराने में जिला विधिक सेवा प्राधिकार काफी लाभकारी साबित होता है। मौके पर न्यायालयकर्मी संतोष कुमार सिंह, पारा लीगल वोलेनटियर सुभाष मिस्त्री, मनोज कुमार,मंटू कुमार राम, सोनाली सिन्हा, राम चन्द्र यादव, सुनील कुमार, प्रीति आर्या सहित भारी संख्या में लोग मौजूद थे।

## मधुमक्खी के हमले से एक युवक घायल

कोडरमा (आजाद सिपाही)। कोडरमा थाना अंतर्गत चेचाई में मधुमक्खी के डस लेने से युवक घायल हो गया। घायल की पहचान दीपू साव (उम्र 30 वर्ष पिता विजय साव, ग्राम चेचाई) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार शनिवार की सुबह टहलने के लिए जा रहे थे। मधुमक्खी ने युवक को पूरी तरह काटकर घायल कर दिया जिसके बाद आनन फानन में टेंपो की मदद से सदर अस्पताल लाया गया जहां इलाज चल रहा है।

# डेली मार्केट में चला नगर निगम का डंडा, सड़क अतिक्रमण मुक्त

आजाद सिपाही संवाददाता



हजारीबाग। डेली मार्केट में शनिवार को अफरातफरी मच गयी जब नगरनिगम की टीम डेली मार्केट के मुख्य सड़क को अतिक्रमण मुक्त करने पहुंची। सड़क के दोनों तरफ के दुकानदारों ने सड़क को अतिक्रमण कर रखा था जिससे बाजार में आए नागरिकों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था, नगरनिगम के अधिकारियों के पहुंचते ही सभी अतिक्रमणकारियों ने अपना-अपना सामान समेटने में लग गये, जिससे उहापोह की स्थिति उत्पन्न हो गयी किई दुकानदारों के साथ नगरनिगम के अधिकारियों के साथ तू तू मैं मैं भी होते देखा गया। सहाय नगर आयुक्त बिपीन कुमार ने बताया कि, लगातार सूचना मिल रही थी कि, डेली मार्केट के मुख्य सड़क के दोनों तरफ दुकानदारों ने अपने सामानों को रखकर अतिक्रमण कर लिया है। जिससे बाजार आनेवाले नागरिकों को तकलीफ होती थी सभी दूकान दारों को मौखिक सूचना दी गयी और अतिक्रमण मुक्त करने का नोटिस भी दिया गया लेकिन किसी ने नहीं सूनी आज सड़क को अतिक्रमण मुक्त कराया जा रहा है किई दूकानदारो से जुर्माना भी वसूला जायेगा। दोबारा अतिक्रमण करते पकड़े जाने पर दूकान कुछ लिए समाप्त कर दिया जायेगा। वहीं दुकानदारों ने नगरनिगम की कार्रवाई का तिखा विरोध किया है।

# मां देवी प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकली कलश यात्रा


आजाद सिपाही संवाददाता



जयनगर। प्रखंड के पंचायत तिलोकरी अंतर्गत ग्राम बेहराडीह मे महादेवी प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ को लेकर कलश यात्रा निकाली गयी। जिसमें 551 महिलाओं ने माथे पर कलश लेकर योगियाटिल्हा उतरवाहिनी बराकर घाट पहुंचे। कलश यात्रा का उद्घाटन जिला परिषद केदारनाथ यादव, यज्ञाचार्य आचार्य बसंत शास्त्री जी महाराज के द्वारा फीता काटकर और दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया। कार्यक्रम का अध्यक्षता पंचायत के मुखिया इंद्रदेव यादव और संचालन समाजसेवी गजेंद्र साव ने किया। बता दें कि उत्तरवाहिनी जल भरने के लिए बराकर नदी पहुंचे। नगर भ्रमण के दौरान सभी महिलाएं छोटे-छोटे बच्चे हाथों में भगवा ध्वज लेकर जय माता दी, जय श्री राम, जय भोलेनाथ, जय बजरंगबली के जयकारे से पूरा क्षेत्र गुंजे मान हुआ। ज्ञात हो कि बेहराडीह निवासी रामचंद्र साव के अथक प्रयास से मंदिर का निर्माण संभव हुआ। यज्ञाचार्य आचार्य बसंत शास्त्री और प्रवचन कर्ता पंडित विष्णु कांत शास्त्री के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार करते हुए यज्ञ का शुभारंभ करवाया गया। यज्ञाचार्य श्री शास्त्री ने बताया कि 5 दिनों तक चलने वाले यज्ञ में ब्राह्मण पूजन, वेदी पूजन, नगर भ्रमण, जलाधीवास, अन्नाधीवास सहित अन्य कई तरह के कार्यक्रम किये जायेंगे और अंतिम दिन विशाल भंडारा के साथ यज्ञ का पूणार्हुति किया जायेगा। यज्ञ को सफल बनाने में समस्त ग्रामीण का सहयोग किया जा रहा है। मौके पर शिक्षक लक्ष्मण चंद्र यादव, प्रभारी प्रधानाध्यापक सकलदेव राम, समाजसेवी अरुण राणा, राम लखन यादव, वीरेंद्र मोदी, बद्री साव, महेंद्र साव, अशोक यादव, लक्ष्मण साव, नंदलाल मोदी, छत्रु यादव सहित बेहराडीह के ग्रामीण उपस्थित थे।

# केटीपीपी में बालू के सप्लाई को लेकर दो विधायकों के समर्थकों में झड़प, केस दर्ज

आजाद सिपाही संवाददाता



जयनगर। प्रखंड के कोडरमा ताप विद्युत केंद्र में 1600 मेगावाट बिजली के उत्पादन के कार्य को लेकर निर्माण कार्य प्रारंभ हो चुका है। जिसको लेकर अलग-अलग लोगों द्वारा उक्त कार्य के लिए मटेरियल सप्लाई का काम स्थानीय लोगों द्वारा किया जा रहा है। इधर बीते दो दिनों से प्लांट में निर्माण कार्य के लिए बालू के सप्लाई को लेकर दो गुटों में गहमागहमी और झड़प चल रही थी। वहीं शुक्रवार की रात्रि मामला बढ़ जाने के कारण प्लांट के मुख्य द्वार के बाहर दोनों गुटों में जमकर मारपीट हुई। बड़ी बात यह रही कि इस मारपीट के समय बरही विधायक मनोज कुमार यादव व बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव भी घटनास्थल पर ही मौजूद थे। बताया जा रहा है कि उक्त मारपीट इन्हीं दोनों विधायकों के समर्थकों के बीच हुई है। मिली जानकारी के अनुसार बीते शाम बरही विधायक मनोज कुमार यादव केटीपीएस प्लांट के पास पहुंचे और अपने कार्यकर्ताओं द्वारा प्लांट में बालू सप्लाई की बात की। वहीं जब स्थानीय लोगों ने इसका विरोध किया तो देर रात वे अपने कार्यकर्ताओं के साथ केटीपीएस के पास पहुंचे, इसी बीच जानकारी पाकर बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव भी वहां पहुंचे। जहां बातों ही बातों में दोनों विधायकों के कार्यकर्ताओं आपस में भीड़ गये। इस दौरान जमकर लाठीबाजी व पत्थरबाजी भी हुई। जानकारी के अनुसार इस दौरान जिस वाहन से बरही विधायक मनोज कुमार यादव आए थे, पत्थरबाजी में उनके वाहन का शीशा भी टूट गया। हालांकि घटना की जानकारी मिलते ही मुख्यालय डीएसपी रतिभान सिंह, जयनगर थाना प्रभारी बबलू कुमार सिंह, चंदवारा थाना प्रभारी धनेश्वर कुमार, तिलैया डैम ओपी प्रभारी नवीन कुमार सहित भारी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंची। पुलिस के वहां पहुंचते ही दोनों पक्ष के लोग वहां से फरार हो गए। जिसके पश्चात उक्त स्थल पुलिस छावनी में तब्दील हो गया। इधर अहले सुबह एक पक्ष के बलराम राणा नामक व्यक्ति द्वारा दूसरे पक्ष के 6 लोगों पर नामजद और 40 से 50 अन्य लोगों के ऊपर जयनगर थाना में मामला दर्ज कराया गया है। इधर शनिवार दोपहर बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव ने केटीपीएस के समीप अपने कार्यकर्ताओं के साथ एक बैठक की। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं को भरोसा दिलाया कि प्लांट के अंदर चाहे मजदूरी हो या मटेरियल सप्लाई की बात हो प्राथमिकता स्थानीय व विस्थापितों को दी जायेगी। विधायक अमित कुमार यादव ने कड़े तेवर में दूसरे पक्ष के लोगों को चेतावनी देते हुए कहा कि इस प्लांट में पहला हक विस्थापितों का है। कोई भी बाहरी यहां आकर अपना वर्चस्व कायम करने का काम न करे। अगर ऐसे लोग नहीं मानेंगे तो हम हर तरह से उनसे निबटने के लिए तैयार हैं। इधर दूसरे पक्ष के अरुण यादव ने भी जयनगर थाना में 4-5 लोगों पर 50 हजार रुपये रंगदारी मांगने सहित अन्य आरोप लगाते हुए आवेदन दिया है। इधर घटना की जानकारी देते हुए मुख्यालय डीएसपी रतिभान सिंह ने बताया कि घटना के पश्चात से ही उक्त स्थल पर पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। उक्त क्षेत्र में धारा 126 लगा दी गयी है। एक पक्ष का आवेदन प्राप्त हुआ है। मौके पर सुरेश यादव, उमेश यादव, संजय साव सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

### आइसेक्ट विवि का 10वां स्थापना दिवस मनाया गया

# मनमोहक नाच और गाने पर झूमे लोग

**इस अवसर पर साझा की गयी विश्वविद्यालय की उपलब्धियां**

आजाद सिपाही संवाददाता



हजारीबाग। आइसेक्ट विश्वविद्यालय, हजारीबाग का 10वां स्थापना दिवस झील रोड स्थित ओपन थिएटर परिसर में धूमधाम से मनाया गया। बता दें कि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक, कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद, प्रतिकुलपति डॉ गौरव शुक्ला, डीन एडमिन डॉ एसआर रथ, वोकेशनल निदेशक डॉ बिनोद कुमार और आइसेक्ट इंटर कॉलेज की प्राचार्या ममता शर्मा के हाथों दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की गयी। स्वाति एंड ग्रूप की ओर से पेश की गयी गणेश वंदना की मधुर आवाज ने मौजूद लोगों का मन मोह लिया। इसके बाद छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। पम्मी एंड ग्रूप के नागपुरी गीत की प्रस्तुति ने जहां एक ओर झारखंड की सांस्कृतिक विविधता को दर्शाया, वहीं निकिता, शालिनी, यशोदा, दिव्या, दिव्यांशु, अकांक्षा, ज्योति, राखी और प्रिया के सोलो डांस, पल्लवी एंड ग्रूप, अनन्या एंड ग्रूप, वाशु एंड ग्रूप और गीतांजलि एंड ग्रूप के ग्रूप डांस के अलावा विद्यार्थियों की ओर से पेश किये गये गजल, कव्वाली, स्पेनिश व साउथ इंडियन ग्रुप डांस ने दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। सुमित की स्टैंडअप कॉमेडी ने भी खूब तालियां बटोरी।

इससे पूर्व स्वागत भाषण देते हुए विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने विश्वविद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। वहीं कुलपति प्रो पीके नायक ने कहा कि आइसेक्ट विश्वविद्यालय ना केवल सूदूरवर्ती क्षेत्रों में शिक्षा का अलख जगा रहा है बल्कि विद्यार्थियों के बेहतर भविष्य की राह भी तय कर रहा है। हजारीबाग में आइसेक्ट विश्वविद्यालय की स्थापना 16 मई 2016 को हुई थी। कार्यक्रम को सफल बनाने में कस्तूरी 2025 के कोर कमिटी हेड सीमा गुप्ता, डॉ प्रीति कुमारी, डॉ अरविंद कुमार, डॉ रितेश लाल, डॉ विनय पंजियार, सबीता कुमारी, रविकांत कुमार, कोमल पल्लवी भेंगरा, सबा परवीन, आमंत्रण कमिटी हेड डॉ आलोक राय, राहुल रजवार, हिमांशु चौधरी, अनुशासन कमिटी हेड उदय रंजन, विजय कुमार, एसएनके उपाध्याय, आदित्य कुमार, दशरथ सिंह नाग, डॉ आरसी राणा, डॉ राजेश रंजन, डॉ आलोक कुमार, राज तिवारी, राहुल रजवार, संजय दांगी, विजय लाल, आसित प्रधान, विशाखा बाला, आशा गुप्ता, मुन्ना कुमार, वीरेंद्र कुमार, अभिमन्यु पांडे, राजीव रंजन, धीरज कुमार, रिचा, रोहित लाल, बबलू कुमार चौधरी, नागेश्वरी कुमारी, गीता कुमारी, ओम प्रकाश दास, संतोष कुमार रविदास, डॉ बचनदेव राय, बिरेंद्र कुमार रोशन कुमार सिंह, पूजा भारती, मुकेश कुमार, लक्ष्मी देवी, प्रियंका कुमारी, अर्जुन राणा, हर्ष राज, राजेश रंजन, सत्यार्थी ज्ञान प्रसाद, गौरी प्रिया, संजना कुमारी, कुंवरजीत कुमार, रेखा कुमारी, डॉ जयदीप सान्याल, प्रभात किरण, डॉ सच्चिदानंद बेहरा, डॉ सुमन चंद्र, कार्यक्रम प्रबंधन कमेटी हेड अमित कुमार, तबरेज खान, नीतीश कुमार, राज शर्मा, सुशांत कुमार, राजेश कुमार, राजीव रंजन, सौरभ सरकार, ललित मालवीय, सहित अन्य का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## नृत्य और गायन प्रतियोगिता का ऑडिशन 24 -25 मई को




हजारीबाग (आजाद सिपाही)। सामाजिक संस्था सेल्फ हेल्प ग्रुप न्यू एरिया हजारीबाग के द्वारा आगामी 24 और 25 मई को स्थानीय टिनी टॉयज प्ले स्कूल (न्यू एरिया चौथी गली के पास) में नृत्य एवं गायन (कराओके) प्रतियोगिता के लिए ऑडिशन आयोजित कर रही है। इस ऑडिशन में भाग लेने के लिए सभी इच्छुक युवक और युवतियां हिस्सा ले सकते हैं। ऑडिशन के बाद चुने गये प्रतिभागियों के बीच अंतिम मुकाबला 1 जून 2025 को होगा। प्रतियोगिता में भाग लेना नि:शुल्क है। विजेताओं को नकद पुरस्कार के साथ मोमेंटम और सर्टिफिकेट भी प्रदान किये जायेंगे। प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए अजय राम, बाबू भैया, विनय पांडे, गोपाल दा, आशीष सिंहा, मनोज, मुकेश सिंह, मनोज पप्पू, विक्की, मुकेश सिंह (मास्टर साहब), संजय, राकेश सिन्हा उर्फ.डब्लु, हंसराज लोहरा और दीपक सिन्हा प्रयासरत हैं।

## मुन्ना सिंह को जय हिंद सभा कार्यक्रम के लिए प्रभारी नियुक्त किया गया



हजारीबाग (आजाद सिपाही)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह को जय हिन्द सभा कार्यक्रम के लिए हजारीबाग नगर निगम क्षेत्र का प्रभारी नियुक्त किया गया है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव केसी वेणुगोपाल द्वारा प्रेषित निर्देशों के आलोक में यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गयी है। वहीं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने बताया कि मुन्ना सिंह की संगठनात्मक क्षमता, जनसंपर्क और जमीन से जुड़े कार्यों को देखते हुए उन्हें यह दायित्व दिया गया है। वे हजारीबाग के नगर निगम क्षेत्रों में आयोजित होने वाले जय हिन्द सभा के प्रभारी के तौर पर कार्य करेंगे। जबकि जय हिन्द सभा का आयोजन 20 मई से 30 मई तक किया जायेगा, जिसमें सेना के पूर्व सैनिकों, सेवानिवृत्त कर्मियों और आम जनता की भागीदारी सुनिश्चित की जायेगी। इस आयोजन का उद्देश्य देश की सशस्त्र सेनाओं के शौर्य और बलिदान के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करना है। मुन्ना सिंह ने इस अवसर पर कहा, कि यह मेरे लिए गौरव और जिम्मेदारी का विषय है। मैं प्रयास करूंगा कि यह कार्यक्रम नगर निगम क्षेत्र में पूरी गरिमा और प्रभाव के साथ संपन्न हो। यह हमारी सशस्त्र सेनाओं के प्रति सम्मान प्रकट करने का एक अनूठा प्रयास है।

## सड़क दुर्घटना में बुजुर्ग व्यक्ति की मौत

कोडरमा (आजाद सिपाही)। जिले के तिलैया थाना क्षेत्र के बाईपास में वाहन के चपेट में आने से स्कूटी सवार बुजुर्ग व्यक्ति की मौत हो गयी। मृतक की पहचान अशोक कुमार सोनी (उम्र 65 वर्ष, पिता स्वर्गीय बाबूलाल, दूधी माटी कोडरमा) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार अपनी स्कूटी से तिलैया की तरफ जाने के दौरान अज्ञात वाहन की चपेट में आ जाने से स्कूटी सवार गंभीर रूप से घायल हो गये। इसके बाद आनन फानन में कोडरमा सदर अस्पताल लाने के दौरान रास्ते में इसकी मौत हो गयी। अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टर द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया।

## वज्रपात से एक व्यक्ति की मौत

चलकुशा (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मानगो में वज्रपात के चपेट में आने से राजू तुरी पिता केशव तुरी उम्र 40 वर्ष की मौत हो गयी। राजू तुरी मजदूर कर अपने परिवार का जीवन आपन करता था। राजू अपने पत्नी ओर पांच वर्ष का लड़का और तीन वर्ष की लड़की छोड़ गया। इस घटना से परिवार वालों का रो-रो कर बुरा हाल है। वहीं घटना स्थल पर मुखिया प्रतिनिधि वासुदेव यादव पहुंच कर बीडीओ अमृता सिंह, थाना प्रभारी चितरंजन कुमार को अवगत कराया।

## खतियानी परिवार की हुई बैठक



हजारीबाग (आजाद सिपाही)। हजारीबाग में शनिवार को पुराना धरना स्थल के नजदीक खतियानी परिवार की बैठक अशोक राम की अध्यक्षता में हुई। बैठक में पिछले दशक पर गहरी चिंतन की गयी की, 197' में पूर्व के प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी पाकिस्तान को कमर तोड़ कर रख दी, पाकिस्तान के दो हिस्सों का जो पूर्वी और पश्चिमी पाकिस्तान के नाम से जाना जाता था उसे पूर्वी पाकिस्तान बांग्लादेश नाम से अलग देश अस्तित्व आया साथ दोनों देशों के बीच जो राजनीतिक समझौता हुआ जिसमें कश्मीर के मुद्दे में दुनिया के कई देशों ने मध्यझतता नहीं करेंगे, उसे समझौते के आधार पर भारत और पाकिस्तान के बीच के हमले का अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने अपने दादागिरी में ऑपरेशन सिंदूर का समझौता कर दिया, यानी सीजफायर बंद कराया भारत के वरिष्ठ पत्रकार रवीश कुमार ने कई वीडियो बनाकर भारत पाकिस्तान के बीच अमेरिका के मध्यक्षतता के जोरदार ढंग से उठाया इधर ट्रंप ने 15 मई के वक्तव्य मे मध्यझतता नहीं करने की बात स्वीकार कर ली। अब ट्रंप के द्वारा बोला गया पहला वक्तव्य और दूसरा वक्तव्य के बीच झूठ बोलने की स्थिति पैदा हो गयी। अमेरिका के झूठ बोलने की राजनीतिक षड्यंत्र भारत के विद्वानों ने पकड़ लिया और देश में ट्रंप की दोहरा नीति का खुलासा हो गया। हमने अगले ही बैठक में ही लेफ्टिनेंट सोफिया कुरैशी के राष्ट्र प्रेम की तारीफ की थी और उसमें भारतीय मुसलमान की राष्ट्रीय भावना को उजागर किया गया था। इधर मध्य प्रदेश के मंत्री विजय शाह ने विवादित बयान दे दिया जिस पर भारत में पुरजोर विरोध किया गया अमेरिका और मध्य प्रदेश के सरकार में मंत्री मुसलमानो के देशभक्ति पर विवादित बयान देकर झूठ बोल रहे हैं। बैठक में उपस्थित मो हकीम, प्रदीप कुमार मेहता, सीपीआइके जिला सह सचिव निजाम अंसारी, सुरेश महतो, विजय मिश्रा, बोधी साव, शैलेश तीनाभेंगरा, मोहम्मद फकीरूद्दीन, अमर कुमार गुप्ता, मुन्नी देवी, शरिफ खान वो अन्य उपस्थित थे।

## पत्रकार को फोन पर दी गयी धमकी

बरकट्ठा (आजाद सिपाही)। प्रखंड के ग्राम झुरझुरी निवासी पत्रकार कुंवर यादव को फोन पर धमकी दिये जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में कुंवर यादव ने बरकट्ठा थाना में आवेदन देकर सुरक्षा की गुहार लगायी है। जिसमें उन्होंने बताया कि मेरे फोन नंबर 9304366162 पर दूसरे मोबाइल नंबर 9570554541 से कॉल कर मुझे जान से मारने की धमकी दी गयी है। साथ ही उक्त नंबर से सोशल मीडिया के व्हाट्सएप ग्रुप भगवती मंडप यज्ञ समिति और आजाद हिंद युवा क्लब ग्रुप में भी मेरे खिलाफ धमकी भरा पोस्ट किया गया है। उन्होंने बताया कि उक्त नंबर उसी गांव के डेगालाल यादव के पुत्र बलदेव यादव का है, जिससे मुझे जान से मारने की धमकी दी गयी है। कुंवर यादव ने आवेदन में आरोप लगाया कि उसका असामाजिक तत्वों से संबंध है, जिससे मैं काफी डरा हुआ हूं। पुलिस आवेदन के आधार पर मामले की जांच कर रही है।

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 18 मई, 2025
www.azadsipahi.in


## युवक ने फांसी लगा कर की आत्महत्या

चतरा (आजाद सिपाही)। गिद्धौर थाना क्षेत्र के इंदरा गांव निवासी शंभू यादव का बीस वर्षीय पुत्र मिथिलेश कुमार यादव ने शुक्रवार को देर रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। जानकारी के अनुसार शुक्रवार की रात लगभग 8 बजे मिथलेश अपने घर से बिना किसी को बताये बाहर निकला। कुछ देर बीत जाने के बाद घर वाले उसे ढूंढने लगे तो गांव के ही एक व्यक्ति ने बताया कि मिथिलेश के हाथ में रस्सी था और वो रेलवे लाइन की तरफ जा रहा था। आनन-फानन में परिजन युवक को खोजने निकले तो घर से लगभग 200 मीटर की दूरी पर विद्युत आपूर्ति के लिए गाड़े गये लोहे के खंभे में लगे रस्सी के फंदे में झूलता हुआ पाया। युवक को इस हालत में देख घर वाले काफी मर्माहत हैं। युवक की जान बचाने के ख्याल से खंभे से जमीन पर उतारने के लिए परिजनों ने अचानक रस्सी को काट दिया। परिजन युवक का शव घर ले आए। इस घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता, पुलिस अवर निरीक्षक सुनील कुमार सिंह दलबल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल चतरा भेज दिया। जिसके पश्चात शव परिजनों को सौंप दिया गया। इधर पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### सार्वजनिक तालाबों को अतिक्रमण मुक्त कराने को लेकर डीसी ने किया निरीक्षण

# तालाबों को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए जारी रहेगा अभियान: चंदन कुमार

**उपायुक्त ने जिला वासियों से की अपील, तालाब का अतिक्रमण न होने दे**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** रामगढ़ जिला अंतर्गत सरकारी तालाबों पर अतिक्रमण पर उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार ने विशेष संज्ञान लिया है और अधिकारियों को अभियान चला कर योजनाबद्ध तरीके से सभी तालाबों से अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया। साथ ही जन सहयोग से तालाबों के रखरखाव और सौंदर्यीकरण में श्रमदान और सहयोग करने का अपील किया गया। इसी क्रम में शनिवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार ने उपविकास आयुक्त रोबिन टोप्पो सहित अन्य अधिकारियों के साथ रामगढ़ शहर व नगर परिषद क्षेत्र के विभिन्न तालाबों का निरीक्षण किया। इस दौरान उपायुक्त के द्वारा प्रथम चरण में रामगढ़ शहर अंतर्गत झंडा चौक के समीप स्थित तालाब, सतकौड़ी कॉम्प्लेक्स के समीप स्थित तालाब, नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत कैथा तालाब, मरार स्थित मरार तालाब, सेवटा स्थित सेवटा तालाब, हाथमारा स्थित हाथमारा तालाब का निरीक्षण कर अतिक्रमण का जायजा लिया गया। मौके पर उपायुक्त ने अधिकारियों को अच्छे तरीके से तालाबों से अतिक्रमण हटाने और दोबारा अतिक्रमण न होने देने का निर्देश दिया। इसके साथ ही उपायुक्त ने जिले वासियों से भी अपील करते हुए कहा कि सभी जिलेवासी अपने-अपने क्षेत्र में सरकारी तालाबों पर विशेष ध्यान दें, तालाबों पर अतिक्रमण न होने दे।

**रामगढ़ तालाब बचाओ अभियान के तहत हो रही है कार्यवाही :** रामगढ़ तालाब बचाओ योजना के तहत संबंधित तालाब क्षेत्र अंतर्गत वासियों से अनुरोध किया जाता है कि दो दिनों का श्रमदान करें या श्रमदान के बदले राशि दान कर तालाबों की और श्रमदान कर तालाबों का सौंदर्यीकरण और रखरखाव हेतु सहयोग करें। सभी ऐसे दानकर्ता के नाम से तालाब किनारे उनके नाम से पौधरोपण कर सम्मानित किया जायेगा। मौके पर मुख्य रूप से अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग कुमार तिवारी, गोपनीय प्रभारी रविंद्र कुमार गुप्ता, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद मनीष कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉक्टर प्रभात शंकर, अंचल अधिकारी रामगढ़ सुदीप एक्का सहित अन्य उपस्थित थे।

## सरकारी भूमि पर अतिक्रमण के निरीक्षण के बाद चलेगा अभियान: डीसी

रामगढ़। डीसी चंदन कुमार के द्वारा अधिकारियों को योजनाबद्ध तरीके से रामगढ़ जिले के सभी क्षेत्रों से अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया गया है। इसके तहत सर्वप्रथम स्थल निरीक्षण कर अतिक्रमित भूमि को चिन्हित करने एवं इसके उपरांत अभियान चलाकर भूमि आदि को अतिक्रमण मुक्त करने का निर्देश दिया गया है। इसी क्रम में शनिवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार द्वारा उपविकास आयुक्त रोबिन टोप्पो सहित अन्य अधिकारियों के साथ रामगढ़ अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण किया गया। वहीं भूमि को अतिक्रमण मुक्त करने को लेकर चल रहे कार्यों का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान सर्वप्रथम उपायुक्त रामगढ़ रांची रोड मरार पहुंचे। जहां उन्होंने अतिक्रमण हटाने के तहत चल रहे कार्यों का जायजा लिया। मौके पर डीसी ने अच्छे तरीके से अतिक्रमण हटाने एवं आगे भी किसी प्रकार का अतिक्रमण न होने देने का निर्देश दिया। रांची रोड मरार के उपरांत उपायुक्त माण्डू प्रखंड अंतर्गत कुज्जु मुरपा के सरना टोली पहुंचे। जहां उन्होंने स्थल पर अतिक्रमण का जायजा लिया। मौके पर उपायुक्त ने अधिकारियों को जल्द से जल्द स्थल से अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने अधिकारियों से पतरातू प्रखंड अंतर्गत बुजुर्ग जमीरा क्षेत्र में अतिक्रमण की जानकारी लेते हुए अतिक्रमण हटाने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने जिले में सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा कर अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध अभियान चलाकर भूमि को अतिक्रमण मुक्त करने को लेकर संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मौके पर मुख्य रूप से अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग कुमार तिवारी, गोपनीय प्रभारी रविंद्र कुमार गुप्ता, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद मनीष कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ प्रभात शंकर, अंचल अधिकारी रामगढ़ सुदीप एक्का सहित अन्य उपस्थित थे।

## रामगढ़ कॉलेज एलुमनी एसोसिएशन ने डॉ सुनील अग्रवाल को किया सम्मानित



रजरप्पा (आजाद सिपाही)। रामगढ़ कॉलेज एलुमनी एसोसिएशन ने डॉ. शारदा प्रसाद की अध्यक्षता में डॉ. सुनील कुमार अग्रवाल के आवास पर एक सम्मान समारोह का आयोजन किया। सर्वप्रथम डॉ शारदा प्रसाद ने उपस्थित सभी सदस्यों का स्वागत किया और आज की बैठक के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। डॉ सुनील कुमार अग्रवाल, अध्यक्ष, कॉमर्स विभाग, विनोबा भावे विश्वविद्यालय, को विनोबा भावे विश्वविद्यालय द्वारा संकायाध्यक्ष, कॉमर्स बनाये जाने के उपलक्ष्य में उन्हें सम्मानित किया गया। डॉ. शारदा प्रसाद, अध्यक्ष और सुरेश पी अग्रवाल, संस्थापक अध्यक्ष, ने उन्हें शॉल ओढ़ाकर और सभी सदस्यों ने पौधा देकर उन्हें सम्मानित किया। उनके उज्वल भविष्य और भविष्य में उत्तरोत्तर प्रगति की कामना की गयी। सुरेश पी अग्रवाल ने भविष्य में और ऊंचे पद पर पहुंचने की शुभकामनाएं दीं। डॉ. शारदा प्रसाद ने कहा कि हम सभी उनके इस पद पर आसीन होने से गौरवान्वित हैं, यह रामगढ़ के लिए गर्व का विषय है। कार्यक्रम में सुंदरलाल, भारत भूषण श्रीवास्तव, डॉ. उमा सेन गुप्ता, डॉ. अंजु शर्मा, मनोज कुमार झा, तारा शंकर अग्रवाल, उत्तम कुमार इत्यादि सदस्य उपस्थित थे। सुरेश पी अग्रवाल ने धन्यवाद ज्ञापन किया और तत्पश्चात सभा समापन की घोषणा की गयी।

## सोना-चांदी समेत 10 लाख की चोरी

पतरातू (आजाद सिपाही)। पतरातू थाना अंतर्गत पीटीपीएस हेसला के एक क्वार्टर में शनिवार की सुबह चोरी की घटना हुई है। चोरी की घटना को लेकर पतरातू सर्किल इंस्पेक्टर सत्येंद्र कुमार सिंह, पतरातू थाना प्रभारी शिवलाल कुमार गुप्ता घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की छानबीन की। बताया जाता है कि इस चोरी की घटना में चोरों ने नगद रुपये सहित जेवर की चोरी की है भुक्तभोगी व्यक्ति प्रवीण कुमार की ओर से इस बाबत थाना में आवेदन दिया है आवेदन के अनुसार सोने का झुमका, तीन सेट मांग टीका, एक सेट नथिया, गले का चैन एक सेट, अंगूठी एक सेट, सोने की चूड़ी एक जोड़ी, नगद पांच हजार और चांदी कुल सामानों कि राशि लगभग 10 लाख कि चोरी हुई है।

## गर्मी में बिजली की बेकार व्यवस्था से लोग परेशान

हंटरगंज/चतरा (आजाद सिपाही)। प्रखड मुख्यालय के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी उमस भरी गर्मी में विद्युत की बदहाल व्यवस्था और भीषण गर्मी में बिजली की आंख मिचौली की समस्या से हंटरगंज प्रखंड मुख्यालय के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों के लोग भी खासा परेशान व त्रस्त हैं। भीषण गर्मी और उमस भरे इस मौसम में हंटरगंज में प्रतिदिन कई बार लोगो को अघोषित कटौती का सामना करना पड़ता हैं। लोगों का कहना है कि तेज धूप व उमस ने सभी को परेशान करके रखा है, ऊपर से बिजली की आंख मिचौली व अघोषित कटौती इस समय आग में घी डालने का काम करती है। रात हो या दिन किसी भी वक्त बिजली गुल हो जाती है। बार- बार बिजली गुल होना आम बात हो गयी है। खास तौर पर शाम के समय बिजली की बदहाल व्यवस्था से लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। इस संबंध में हंटरगंज प्रखंड जिप सदस्य प्रतिनिधि बेचन पासवान ने बताया कि बिजली की इस आंख मिचौनी के कारण छोटे-छोटे बच्चों को ज्यादा परेशानियों का सामना करना पड़ता हैं। क्षेत्र में कब बिजली आएगी और कब कटेगी, इसका कोई समय-सारणी ही नहीं है। बिजली कटौती ने लोगों का जीना हराम कर दिया है। सरकार झारखंड से करोड़ों की खनिज बेचती है बावजूद इसके सरकार, सांसद, विधायक और बिजली विभाग द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। यह स्थिति क्षेत्र में लगातार बनी हुई है। इलेक्ट्रॉनिक उपकरण भी खराब हो रहे हैं। दो माह से मात्र प्रखंड वासियों को 5 घंटे ही बिजली मिल रही है। लोगों ने 2 दिनों का अल्टीमेटम देते हुए कहा है कि अगर बिजली विभाग इस समस्या में सुधार नहीं किया तो दो दिनों के बाद प्रखण्ड के लोग आंदोलन को बाध्य होंगे।

## विद्यालय की भूमि पर अवैध कब्जा को लेकर सीमांकन की मांग

चतरा (आजाद सिपाही)। जिले के पत्थलगड़ा प्रखंड के प्लस टू जनता उच्च विद्यालय की लगभग 8.85 एकड़ जमीन पर अतिक्रमण का गंभीर मामला सामने आया है। विद्यालय प्रशासन ने इस संबंध में अंचलाधिकारी (सीओ) को एक आवेदन सौंपते हुए अतिक्रमण हटाने और भूमि का सीमांकन कराने की मांग की है। विद्यालय परिवार का कहना है कि वर्ष 1970 के दशक में ग्रामीणों द्वारा विद्यालय को कुल 8.85 एकड़ भूमि दान स्वरूप दी गयी थी। जिसका नियम संगत रजिस्ट्री भी कराया गया था। यह विद्यालय भवन पत्थलगड़ा बाजारटांड़ में स्थित है। विद्यालय की जमीन पर स्थानीय लोगों ने अवैध रूप से कब्जा कर खेती कर रहे हैं। अंचलाधिकारी को दिये गये ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि यह जमीन पत्थलगड़ा, दुबी और कुबा गांव में स्थित है। इनमें से पत्थलगड़ा के सिंघानी पंचायत अंतर्गत खाता संख्या 218, प्लॉट संख्या 1390 में 50 डिसमिल, खाता संख्या 173, प्लॉट संख्या 1413 में 60 डिसमिल, दुंबी गांव में खाता संख्या 94, प्लॉट संख्या 18 में 266 डिसमिल और खाता संख्या 66 में 60 डिसमिल और कुबा गांव के खाता संख्या 87 और 128, प्लॉट संख्या 615 और 609 में 439 डिसमिल भूमि शामिल है। इन सभी भूखंडों पर अवैध रूप से कुछ लोगों ने कब्जा कर लिया है। विद्यालय प्रशासन ने विद्यालय की भूमि का यथाशीघ्र सीमांकन कर चिन्हित करने की मांग किया है ताकि भविष्य में किसी प्रकार की भूमि विवाद की स्थिति उत्पन्न न हो और विद्यालय विकास कार्यों के लिए अपनी जमीन का उपयोग कर सके।

## केबीपीएमएल के सीएसआर विभाग ने कराया भ्रमण, बच्चों में दिखा उत्साह




वेस्ट बोकारो (आजाद सिपाही)। केबीपी माइनिंग लिमिटेड (केबीपीएमएल) के सीएसआर विभाग द्वारा शनिवार को सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, बसंतपुर के विद्यार्थियों को भगवान बिरसा मुंडा जैविक उद्यान, ओरमांझी का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। इस विशेष यात्रा में कुल 87 विद्यार्थी, 6 शिक्षक और 22 अभिभावक शामिल हुए। इस शैक्षणिक भ्रमण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को प्राकृतिक वातावरण, जैव विविधता और वन्य प्राणियों के बारे में प्रत्यक्ष अनुभव प्रदान करना था। बच्चों को प्रकृति से जोड़ने और उनके भीतर पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता विकसित करने के उद्देश्य से यह पहल की गई। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने उद्यान में स्थित विभिन्न वन्य जीवों, पक्षियों और पेड़-पौधों को नजदीक से देखा। इसके साथ ही बच्चों ने तितली घर और मछली घर का भी भ्रमण किया, जहाँ वे रंग-बिरंगी तितलियों और विभिन्न प्रजातियों की मछलियों को देखकर काफी रोमांचित हुए। बच्चों ने इन जीवों के जीवन चक्र, रहन-सहन और पारिस्थितिकी तंत्र में उनकी भूमिका के बारे में जानकारी प्राप्त की। यह पूरा कार्यक्रम केबीपीएमएल के मुख्य परिचालन पदाधिकारी (सीओओ) एल. प्रणय के दिशानिर्देश में आयोजित किया गया। उन्होंने कहा कि बच्चों की सोच को विस्तृत करने के लिए उन्हें कक्षा के बाहर की दुनिया से भी समय-समय पर अवगत कराना चाहिए। ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों का सर्वांगीण विकास संभव होता है। इस अवसर पर सीएसआर विभाग के डीजीएम विजय तिवारी, सामु महतो, तनुश्री सरकार, रिया मंडल और नीलाद्रि शेखर भी मौजूद थे। विद्यालय के शिक्षकगण और अभिभावकों की सहभागिता से यह कार्यक्रम और भी सफल रहा। सभी ने इस पहल की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों की आवश्यकता पर बल दिया।

## जिला स्तरीय योग प्रतियोगिता में सोनम को मिला द्वितीय स्थान



चतरा (आजाद सिपाही)। गिद्धौर प्रखंड में संचालित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की 9 वीं कलास की छात्रा ने जिला स्तरीय योग ओलंपिक 2025-26 के प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। विद्यालय की वार्डन बिंदु पोद्दार ने बताया कि छात्रा का नाम सोनम कुमारी है। इस बच्ची की इस उपलब्धि से विद्यालय का नाम रौशन हुआ है। विद्यालय के सभी शिक्षक और शिक्षिकाओं ने छात्रा को ढेर सारी शुभकामनाएं दी हैं। विद्यालय के अन्य छात्रों को भी इससे प्रेरणा लेने की बात कही है।

### रामगढ़ टैक्सी मेंस यूनियन की हुई संयुक्त बैठक

# वाहन चालकों के लिए ड्रेस कोड होगा लागू: अमित कुमार

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** रामगढ़ टैक्सी मेंस यूनियन की संयुक्त बैठक गोला रोड स्थित यूनियन कार्यालय के समक्ष अध्यक्ष अमित कुमार सिन्हा के अध्यक्षता में आयोजित की गयी। बैठक में यातायात प्रभारी गजेंद्र पांडे और अरुण कुमार सिन्हा उपस्थित हुए। बैठक का संचालन बलजीत सिंह बेदी ने किया। बैठक में रामगढ़ में यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने में वाहन चालकों की भूमिका पर विस्तृत चर्चा की गयी। जिसमें निर्णय लिया गया कि सभी टेंपो चालक यातायात नियमों का पालन करते हुए वाहन में दाहिनी और रॉड लगाकर लॉक कर देंगे ताकि दाहिनी और से कोई पैसेंजर न उतरे। इसके अलावे सभी चालकों के लिए ड्रेस कोड भी लागू किया जायेगा। बैठक में मुन्ना सिंह, शंकर प्रसाद, मोहम्मद सलीम, राजू पासवान, धर्मेंद्र कुमार, बारिक खान, मंटू खान, अब्दुल रशीद, प्रदीप कुंडा, शंकर रजक, मोहम्मद करीम, मोहम्मद सलीम, निर्मल करमाली, अशोक बडेरा, अनिल नायक समेत ओरमांझी लाइन रांची लाइन भुरकुंडा, पतरातू, घाटो, कूज्जू बरकाकाना, सारूबेड़ा आदि लाइन के कई यूनियन प्रतिनिधि हुआ वाहन चालक आदि मौजूद रहे।

## रामगढ़ छावनी परिषद क्षेत्र में जल संकट गहराया, समस्या के समाधान की मांग



रामगढ़ (आजाद सिपाही)। छावनी परिषद क्षेत्र के लोगों को इन दिनों भीषण जल संकट से जूझना पड़ रहा है। पानी की आपूर्ति या तो पूरी तरह बाधित है या अत्यंत सीमित दबाव और समय में की जा रही है, जिससे आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। इस गंभीर जनसमस्या को लेकर भाजपा नेता सह सांसद प्रतिनिधि (मीडिया) धनंजय कुमार पुटूस ने शनिवार को मुख्य अधिशासी अधिकारी छावनी परिषद को एक मांग पत्र सौंपा है। इसमें उन्होंने जल आपूर्ति व्यवस्था को सुधारने हेतु तत्काल ठोस कदम उठाने की मांग की है। मांग पत्र में धनंजय कुमार पुटूस ने निम्नलिखित प्रमुख बिंदुओं पर जोर दिया है। जिसमें छावनी परिषद क्षेत्र में प्रतिदिन सुबह और शाम नियमित जल आपूर्ति सुनिश्चित की जाये, प्रत्येक वार्ड में पानी सप्लाई का निर्धारित समय तय किया जाये ताकि नागरिक पूर्व तैयारी कर सकें, जल आपूर्ति का समय कम से कम एक घंटा किया जाये ताकि सभी घरों को समुचित मात्रा में जल मिल सके, जहां पाइपलाइन की सुविधा नहीं है, वहां प्रति दिन दो बार टैंकर से जल आपूर्ति कराई जाए आदि मांग शामिल है। धनंजय कुमार पुटूस ने कहा कि यह केवल पानी की समस्या नहीं है, यह सीधे तौर पर नागरिकों के स्वास्थ्य, स्वच्छता और गरिमा से जुड़ा मुद्दा है। महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को जिस तरह जल संकट का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने उम्मीद जताई कि छावनी परिषद प्रशासन इस विषय को गंभीरता से लेते हुए अविलंब प्रभावी समाधान करेगा।

## मुखिया ने किया ट्रांसफार्मर का उद्घाटन



टंडवा (आजाद सिपाही)। प्रखंड के धनगड़ा पंचायत के रक्सी गांव में नया ट्रांसफार्मर लगाया गया। जिसका उद्घाटन स्थानीय मुखिया सह जिला मुखिया संघ अध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह ने फीता काटकर किया। बताया गया इस गांव में पिछले दो महीने से दो दो ट्रांसफार्मर जलने से बिजली बाधित थी, ग्रामीणों ने ईसकी जानकारी स्थानीय मुखिया, बीस सूत्री अध्यक्ष सुभाष यादव समेत विभाग को दी गयी। दो महीने बाद विभाग द्वारा दोनो ट्रांसफार्मर बदल दिया गया। शनिवार को पुन:बिजली बहाल कराकर ग्रामीणों के चेहरे पर खुशी ला दी है। हालांकि ग्रामीणों ने बताया कि विभाग से 25केवीए के जगह 63या 100केवीए का ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की जा रही थी। लेकिन बिजली विभाग के अधिकारी एक न सुनी।मुखिया ने कहा की भविष्य में पुन: ट्रांसफार्मर जला तो निश्चित रूप से सौ केवीए का ट्रांसफार्मर लगाने का प्रयास किया जायेगा। इस मौके पांडे अभिषेक, महावीर राणा, जीवन राम, राजेंद्र साव, सुगन साव, बसंत कुमार, पिंटू साव, गोलू दुर्गेश राणा, शंकर साव समेत कई ग्रामीण उपस्थित थे।

# मुरपा में सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने गयी टीम का ग्रामीणों ने जमकर किया विरोध, बैरंग लौटी

आजाद सिपाही संवाददाता



**कुजू।** जिला प्रशासन, रामगढ़ के निर्देश पर गोसाई टोला, मुरपा में गैरमजरूआ आम भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने पहुंची प्रखंड टीम को ग्रामीणों का भारी विरोध का सामना करना पड़ा। वहीं, टीम जेसीबी के साथ बैरंग लौट गई। प्रभारी मांडू अंचल निरीक्षक सह प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी रामरतन पांडेय शनिवार की दोपहर एसडीएम के निर्देश पर कुजू पुलिस के साथ प्रखंड प्रशासन की टीम कुजू पूर्वी पंचायत सचिवालय के पास गोसाई टोला, मुरपा में खाता संख्या 86 एवं प्लॉट नंबर 799 का गैरमजरूआ आम/खास भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने एवं अवैध निर्माण हटाने के लिए पहुंचा। इसी बीच सूचना पाकर पहुंचे ग्रामीणों ने पुलिस व प्रशासन का जमकर विरोध किया। विरोध कर रहे ग्रामीणों ने बताया कि उक्त भूमि पर हमलोग सैंकड़ों वर्ष पूर्व से निवास कर रहे है। जिला प्रशासन द्वारा अचानक से हम सभी घरों के तोड़ने के लिए आ धमका है, जो सरासर गलत है। ग्रामीणों ने कहा कि प्रशासन द्वारा बिना नोटिस दिए ही घरों को तोड़ने के उद्देश्य के साथ जेसीबी भी लेकर पहुंची। प्रशासन की कारवाई को देख हम सभी काफी डरे सहमे है। ग्रामीणों ने डीसी से अनुरोध करते हुए कहा कि हम सभी आदिम जनजाति से जुड़े लोगों के साथ एक बार सामूहिक रूप से ग्रामसभा कर समस्या को जानने का प्रयास करें। घरों का टूट जाने की कार्रवाई से बेघर होने पर सामूहिक रूप से आत्मदाह करने चेतावनी दी। जिसकी सारी जिम्मेवारी जिला प्रशासन की होगी। मौके पर मौजूद अमीन बैजनाथ विश्वकर्मा ने बताया कि 11 एकड़ 23 डिसमिल गैरमजरूआ आम भूमि है। इस भूमि पर सरना पूजा स्थल, पंचायत भवन, अस्पताल, विद्यालय व कॉलेज भी शामिल है। जबकि करीब एक एकड़ भूमि पर ग्रामीणों द्वारा कब्जा किया गया है। उक्त भूमि को मुक्त कराने के लिए जिला प्रशासन के निर्देश पर हमलोग पहुंचे है। इस दौरान अतिक्रमित भूमि पर बने मकानों को भी पूर्व में चिन्हित किया गया। मौके पर हल्का कर्मचारी मनोज कुमार, कुजू ओपी से दरोगा रौशन कुमार सदल बल के अलावे विरोध कर रहे ग्रामीणों में मनोज अगरिया, मुकेश अगरिया, दिलीप अगरिया, अशोक अगरिया, बलराम अगरिया, कारू अगरिया, जानकी अगरिया, सोहर अगरिया, छोटन अगरिया, रामचंद्र अगरिया, पवन अगरिया, सोनू अगरिया, मोनू अगरिया, सावन अगरिया, योगेंद्र अगरिया, संदीप अगरिया, दीपक अगरिया, सूरज अगरिया, राहुल अगरिया, जीतन तुरी, रितन तुरी, छोटेलाल तुरी, रितिक तुरी, गुलाब तुरी, महेश महतो, मिथुन महतो, दिलीप महतो, उमेश महतो, मोहन महतो, शनि घटवार सहित काफी संख्या में महिला-पुरूष ग्रामीण शामिल रहे।

## दो बिरहोर छात्राओं का कस्तूरबा में हुआ नामांकन



चतरा (आजाद सिपाही)। कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय गिद्धौर की वार्डन बिंदु पोद्दार की कड़ी मेहनत रंग लायी। आदिम जनजाति परिवार के दो बच्चियों का नामांकन शनिवार को कराया गया। नामांकन के अवसर पर वार्डन ने दोनों छात्राओं को माथे पर तिलक लगाकर और गुलदस्ता देकर स्वागत किया। पिछले दिनों ही वार्डन ने जपुआ गांव में निवास कर रहे बिरहोर परिवार के लोगों से मुलाकात कर बच्चियों के नामांकन के लिए प्रेरित की थी। वार्डन ने बतायी कि पहली बार दो आदिमजाति की बच्चियों का नामांकन कक्षा 6 में किया गया है। जिसमें खुटी बिरहोर की पुत्री सीमा कुमारी 11 वर्ष और सुरज बिरहोर की पुत्री मोनिता कुमारी 11 वर्ष शामिल है।

## नयामोड़ में जदयू की बैठक आज

कुजू (आजाद सिपाही)। जदयू की जिलास्तरीय बैठक रविवार को नयामोड़ स्थित कार्यालय में आयोजित की गयी है। उक्त आशय की जानकारी जदयू जिलाध्यक्ष ज्योतिंद्र प्रसाद साहू ने दी। उन्होंने बताया कि बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष सह रामगढ़ जिला प्रभारी कुमेश्वर महतो मुख्य रूप से शामिल होंगे। उन्होंने बैठक में जिला के सभी पदाधिकारी व कार्यकताओं को शामिल होने का आग्रह किया।

## महिला की मौत, पति को भेजा जेल

बड़कागांव (आजाद सिपाही)। पंडरिया गांव में विवाहित महिला 33 वर्षीय सरिता देवी की मौत को लेकर पुलिस ने सरिता के पति बलदेव महतो को गिरफ्तार कर हजारीबाग जेल भेज दिया। मृतका के पिता महेश महतो के द्वारा थाने में दी गयी आवेदन में दामाद बलदेव महतो पर बेटी की हत्या कर देने का गंभीर आरोप लगाया है। आवेदन में बताया गया कि सरिता की हत्या कर अपनी गलती को छुपाने के लिए बलदेव ने लाश कुएं में डाल दिया। ज्ञात हो की 14 मई की रात्रि को ग्रामीणों के सहयोग से सरिता की लाश को कुएं से बरामद किया गया था। मामले में थाना प्रभारी नेमधारी रजक ने बताया कि मृतका के पिता वादी महेश महतो के द्वारा थाने में आवेदन दी गयी थी।

## महुदी पहाड़ पर हैं कई औषधीय पेड़

बड़कागांव (आजाद सिपाही)। बुढ़वा महादेव, महुदी पहाड़, कई हजारों हेक्टेयर में फैला हुआ है, इस जंगल में हर प्रकार के औषधिय पेड़ पौधे पाये जाते हैं। जैसे केंद, प्यार, कटेल, पिठोइर, आम, जामुन, भेलवा, मोहलाइन, कनोद, काज, पैंसार, महुआ, पपरोट, शखुआ, ढौंठा, डूमैर इत्यादि, लेकिन इस जंगल में शखुआ का पेड़ 90प्रतिशत है।

# भारत की दो टूक

सिंधु जल संधि पर भारत का सख्त रवैया पाकिस्तान के लिए साफ संदेश है कि अब सीमा पार आतंकवाद पर गोलमोल बातें नहीं चलेंगी। इस्लामाबाद को अगर पानी चाहिए, तो उसे आतंकियों को समर्थन देने की अपनी नीति छोड़नी होगी। पानी और आतंकवाद साथ-साथ नहीं चल सकते।

**भ्रम टूटा :** भारत ने पहली बार सिंधु जल समझौता स्थगित किया है। यहां तक कि 1965, 1971 और करगिल युद्ध के दौरान भी समझौता जारी रहा। इसी वजह से पाकिस्तान को भ्रम हो गया था कि उसकी तरफ से उकसावे की चाहे जितनी भी कार्रवाई हों, पानी तो मिलता ही रहेगा। लेकिन, पहलगाम में हुए आतंकी हमले ने नयी दिल्ली के सब्र का बांध तोड़ दिया। बॉर्डर पर समझौते के बाद पाकिस्तान चाहता है कि सिंधु जल संधि भी बहाल हो जाये, लेकिन विदेश मंत्री जयशंकर ने बिल्कुल सही कहा है कि पहले सीमा पार आतंकवाद को समर्थन देना बंद करना होगा।

**रिव्यू की जरूरत :** वैसे भी बात इस संधि को निलंबित रखने या बहाल करने भर की नहीं है, वक्त है इसे पूरी तरह रिव्यू करने का। दोनों देशों के बीच 1960 में यह समझौता हुआ था। भारत ने मानवता दिखाते हुए पाकिस्तान के पक्ष में ज्यादा पानी की बात मान ली थी। इस संधि की वजह से सिंधु का 70% पानी पाकिस्तान को मिलता है और उसकी 80% खेती एवं करीब एक तिहाई हाइड्रो पावर प्रॉजेक्ट इसी पर निर्भर हैं।

**बॉर्डर पर समझौते के बाद पाकिस्तान चाहता है कि सिंधु जल संधि भी बहाल हो जाये, लेकिन विदेश मंत्री जयशंकर ने बिल्कुल सही कहा है कि पहले सीमा पार आतंकवाद को समर्थन देना बंद करना होगा।**

**हालात बदल चुके :** 1960 से लेकर अब तक हालात काफी बदल चुके हैं। जब समझौता हुआ, तब किसी को अंदाजा नहीं था कि नयी सदी में दुनिया के सामने क्लाइमेट चेंज की चुनौती होगी। इसके अलावा, भारत की इकॉनमी तेजी से बढ़ रही है। उसकी पानी और एनर्जी की अपनी जरूरतें हैं। पुराने समझौतों के आधार पर सिंधु जल संधि जारी रखना न तो संभव होगा और न सही।

**हकीकत से भाग रहा पाक :** ट्रीटी में कोई भी बदलाव आपसी रजामंदी से ही किया जा सकता है। इसी वजह से भारत ने पहले भी प्रस्ताव रखा था कि संधि पर नये सिरे से बात की जाये, पर पाकिस्तान ने इसे स्वीकार नहीं किया। उल्टे वह जम्मू-कश्मीर की किशनगंगा और रतले जल विद्युत परियोजनाओं पर एतराज करता आया है। वह इस मामले को कोर्ट ऑफ आर्बिट्रेशन में ले जा चुका है।

**अड़ियल रवैया :** पाकिस्तान की मांग एकतरफा है। वह चाहता है कि सिंधु में पानी बहता रहे, लेकिन न तो जल के उचित बंटवारे पर बात हो और न आतंकवाद पर उसे कोई एक्शन लेना पड़े। उसने शिमला एग्रीमेंट समेत दूसरे द्विपक्षीय समझौतों को नहीं मानने की भी धमकी दी है। उसके इस अड़ियल रवैये से तनाव बढ़ेगा ही और नुकसान भी उसे ही ज्यादा होगा।

**अभिमत**
**आजाद सिपाही**

भारत से हर साल लगभग 1.75 लाख तीर्थयात्री पवित्र हज यात्रा पर जाते हैं। सऊदी अरब साम्राज्य (केएसए) के साथ घनिष्ठ समन्वय में, भारतीय हज समिति के माध्यम से चार महीने तक चलने वाले इतने व्यापक और संवेदनशील ऑपरेशन का प्रबंधन करना राष्ट्रीय समन्वय, कूटनीति और सेवा का एक महत्वपूर्ण नमूना है। अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय के माध्यम से भारत सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि यह आध्यात्मिक यात्रा निर्बाध होने के साथ-साथ गरिमापूर्ण, समावेशी और तकनीकी रूप से सशक्त भी हो।

# भारत से हज यात्रियों का डिजिटल सशक्तिकरण



**सीपीएस बख्शी**

भारत सरकार ने हाल के वर्षों में समावेशी शासन पर अत्यधिक बल दिया है। एक ऐसा शासन, जो भूगोल, पृष्ठभूमि या विश्वास की परवाह किए बिना हर नागरिक तक पहुंचता हो। यह बात वार्षिक हज यात्रा के संचालन में भी स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। एक नियमित प्रशासनिक क्रियाकलाप से दूर, यह एक विशाल मानवीय, कूटनीतिक और तार्किक संचालन है, जो अनेक राष्ट्रों और संस्कृतियों तक फैला हुआ है। सबका साथ, सबका विकास के लोकाचार से प्रेरित होकर सरकार ने हज प्रबंधन को 21वीं सदी की सेवा वितरण के मॉडल के रूप में परिणत कर दिया है।

भारत से हर साल लगभग 1.75 लाख तीर्थयात्री पवित्र हज यात्रा पर जाते हैं। सऊदी अरब साम्राज्य (केएसए) के साथ घनिष्ठ समन्वय में, भारतीय हज समिति के माध्यम से चार महीने तक चलने वाले इतने व्यापक और संवेदनशील ऑपरेशन का प्रबंधन करना राष्ट्रीय समन्वय, कूटनीति और सेवा का एक महत्वपूर्ण नमूना है।

अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय के माध्यम से भारत सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि यह आध्यात्मिक यात्रा निर्बाध होने के साथ-साथ गरिमापूर्ण, समावेशी और तकनीकी रूप से सशक्त भी हो। बिना किसी पक्षपात के सभी समुदायों की सेवा करने की अपनी दृढ़ प्रतिबद्धता के साथ, सरकार हज के अनुभव को विदेशों में अब तक किए गए सबसे उन्नत सार्वजनिक सेवा संचालन में से एक के रूप में परिणत कर रही है।

**स्वास्थ्य मंत्रालय के इ-हेल्थ कार्ड और इ-हॉस्पिटल मॉड्यूल को इस वर्ष ऐप के साथ जोड़ दिया गया है।**

हज सुविधा ऐप को भारत सरकार ने 2024 में लॉन्च किया था। इसका उद्देश्य तीर्थयात्रियों के अनुभव को सरल और बेहतर बनाना था। इसके माध्यम से प्रत्येक तीर्थयात्री से जुड़े राज्य हज निरीक्षकों के विवरण के साथ-साथ निकटतम स्वास्थ्य सेवा और परिवहन सुविधाओं सहित आवास, परिवहन और उड़ान संबंधी विवरण जैसी सूचनाओं तक तत्काल पहुंच कायम करना संभव हो रहा है। यह ऐप शिकायत प्रस्तुत करने, उसकी ट्रैकिंग करने, बैगेज ट्रैकिंग, आपातकालीन एसओएस सुविधाएं, आध्यात्मिक सामग्री और तत्काल सूचनाएं प्राप्त करने में भी सक्षम बनाता है। पिछले साल 67,000 से अधिक तीर्थयात्रियों ने ऐप इंस्टॉल किया था, जो स्वीकृति की उच्च दर का संकेत देता है। केएसए में भारत सरकार द्वारा हाजियों के लिए स्थापित प्रशासनिक ढांचे द्वारा 8000 से अधिक शिकायतें और 2000 से अधिक एसओएस उठाए गए और उनका जवाब दिया गया।

ऐप की फीडबैक- संचालित डिजाइन तीर्थयात्रा की पूरी अवधि के दौरान निरंतर सुधार की सुविधा देती है। हज-2024 के दौरान ऐप से प्राप्त जानकारी ने 2025 के लिए हज नीति और दिशानिर्देश तैयार करने के लिए महत्वपूर्ण इनपुट के रूप में काम किया। ये डेटा-समर्थित निर्णय भारत सरकार के अपने नागरिकों के लिए उत्तरदायी शासन के मॉडल का उदाहरण हैं।

2024 में इस सफलता को आगे बढ़ाते हुए, सरकार ने अब हज सुविधा ऐप 2.0 लॉन्च किया है। यह हज के पूरे दायरे को कवर करता है और तीर्थयात्रियों के लिए वास्तव में एंड-टू-एंड डिजिटल समाधान तैयार करता है।

हज 2.0 में हज यात्रियों के डिजिटल आवेदन, चयन (कुर्रा), प्रतीक्षा सूची का प्रकाशन, भुगतान एकीकरण, अदाही कूपन जारी करने और रद्दीकरण तथा धन वापसी की प्रक्रियाओं से लेकर हज की पूरी प्रक्रिया शामिल है। अपडेट किया गया ऐप बैंकिंग नेटवर्क के साथ सहज एकीकरण प्रदान करता है, जिससे तीर्थयात्री यूपीआइ, डेबिट/क्रेडिट कार्ड और इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर सकते हैं। यात्रा के दौरान सुविधा के लिए तत्काल उड़ान संबंधी सूची और इलेक्ट्रॉनिक बोर्डिंग पास भी प्रदान किए जाते हैं।

ऐप को पेडोमीटर सुविधा के साथ संवर्धित किया गया है। इसका उद्देश्य तीर्थयात्रियों में पैदल चलने की आदत डालना है, ताकि उनमें आगे की कठिन यात्रा के लिए आवश्यक सहनशक्ति विकसित हो सके।

तीर्थयात्रियों की सहायता के लिए तत्काल मौसम के अपडेट भी जोड़े गए हैं, ताकि तीर्थयात्रियों को जलवायु संबंधी प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना करने में मदद मिल सके और साथ ही उन्हें स्वस्थ और हाइड्रेटेड रखा जा सके।

भारतीय हज चिकित्सा दल को सर्वश्रेष्ठ माना जाता है और यह मक्का एवं मदीना में हज के दौरान स्थापित क्षेत्रीय अस्पतालों तथा औषधालयों के नेटवर्क के माध्यम से तीर्थयात्रियों को विश्व स्तरीय चिकित्सा सेवाएं प्रदान करता है। एंबुलेंस का एक नेटवर्क आपातकालीन चिकित्सा सहायता प्रदान करता है।

स्वास्थ्य मंत्रालय के इ-हेल्थ कार्ड और इ-हॉस्पिटल मॉड्यूल को इस वर्ष ऐप के साथ जोड़ दिया गया है। इसका लक्ष्य तीर्थयात्रियों के लिए निर्बाध प्रवेश और उपचार सुनिश्चित करना है। इससे डॉक्टरों को उपचार के लिए उपलब्ध डेटा की गुणवत्ता में भी वृद्धि होगी और हज 2025 के लिए तीर्थयात्रियों को समुचित चिकित्सा सेवा प्रदान की जाएगी।

ऐप की बहुविध सराहनीय लगेज ट्रैकिंग प्रणाली को आरएफआइडी आधारित टैगिंग के साथ और उन्नत किया गया है। यह गुम हुए सामान को ट्रैक करने की प्रक्रिया को सरल बनायेगा और उच्चतम स्तर की सेवा सुनिश्चित करेगा।

मीना, अराफात और मुजदलिफा सहित माशाएर क्षेत्र की डिजिटल मैपिंग द्वारा हज अनुष्ठानों के नेविगेशन को बदल दिया गया है।

तीर्थयात्रियों को उनके गंतव्य तक मार्गदर्शन करने और रेगिस्तान की अत्यधिक गर्मी में खो जाने के जोखिम को कम करने के लिए शिविर स्थलों की पहचान की जाती है और मानचित्र पर ट्रैक किया जाता है।

नमाज अलार्म, किबला कम्पास और अस्पतालों, बस स्टॉप, सेवा केंद्रों और भारतीय मिशन कार्यालयों की स्थान-आधारित मैपिंग जैसी सुविधाएं तीर्थयात्रियों के समग्र अनुभव और सुविधा को काफी समृद्ध करती हैं।


एआइ द्वारा संचालित एक चैटबॉट को डिजिटल पर्सनल असिस्टेंट के रूप में शामिल किया गया है। यह चैटबॉट संवादात्मक लहजे में नियमित प्रश्नों का उत्तर देने, तत्काल सहायता और सलाह प्रदान करने के लिए है।

सुविधाओं का यह समग्र सेट सरकार की मंशा का संकेत है कि वह न केवल सेवा वितरण के साधन के रूप में प्रौद्योगिकी का लाभ उठाना चाहती है, बल्कि एक ऐसे उपकरण के रूप में भी है, जो आध्यात्मिक पथ पर चलने वालों सहित सभी के लिए सम्मान, सुविधा और सक्षमता को सशक्त बनाता है।

हज सुविधा ऐप 2.0 भारत के डिजिटल सार्वजनिक इंफ्रास्ट्रक्चर में अग्रणी है और यह भारत सरकार के इस दृष्टिकोण का प्रमाण है कि शासन प्रत्येक नागरिक तक सार्थक तरीके से पहुंचे।

प्रौद्योगिकी की शक्ति का इस्तेमाल करते हुए, भारत तीर्थयात्रियों के प्रबंधन के लिए नये अंतरराष्ट्रीय मानक स्थापित कर रहा है, जिससे अपने नागरिकों को निर्बाध, सुरक्षित और आध्यात्मिक रूप से बेहतर अनुभव मिल रहा है।

**(लेखक : संयुक्त सचिव, अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय, भारत सरकार हैं और लेख में व्यक्त किये गये विचार लेखक के निजी हैं।)**



## कोल्हान की खबरें

# सूर्य मंदिर परिसर के सौंदर्यीकरण का पूर्णिमा साहू ने किया शिलान्यास



**सोन मंडप का किया जायेगा जीर्णोद्धार**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पूर्वी की विधायक पूर्णिमा साहू ने सिदगोड़ा स्थित प्रसिद्ध सूर्य मंदिर परिसर के सौंदर्यीकरण और सुरक्षा को लेकर विभिन्न विकास योजनाओं का शिलान्यास किया। इन योजना के अंतर्गत चिल्ड्रेन पार्क में झूलों की मरम्मत, आगंतुकों के लिए शौचालय की मरम्मति एवं रंग-रोगन कार्य तथा पूरे मंदिर परिसर की साज-सज्जा शामिल है। सुरक्षा व्यवस्था को भी ध्यान में रखते हुए परिसर में आवश्यक विकास कार्यों की नींव रखी गयी है। इन कार्यों का उद्देश्य मंदिर परिसर को श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए और अधिक सुविधाजनक और आकर्षक बनाना है। शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक पूर्णिमा साहू ने कहा कि सूर्य मंदिर परिसर की खूबसूरती में आज एक नया अध्याय जुड़ रहा है। सूर्य मंदिर परिसर पूरे झारखंड में अपनी भव्यता और धार्मिक आस्था के लिए प्रसिद्ध है। उन्होंने आश्वस्त किया कि भविष्य में अन्य आवश्यकताओं को भी प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जायेगा। इसके पश्चात, विधायक पूर्णिमा साहू ने सूर्य मंदिर परिसर से सटे सोन मंडप का भी दौरा किया। निरीक्षण के दौरान सोन मंडप की स्थिति अत्यंत खराब पायी गयी। भवन में रंग-रोगन की कमी, पीने का पानी, एयर कंडीशनर, फर्श की दशा एवं परिसर में स्वच्छता की स्थिति बेहद दयनीय दिखी। श्रीमती साहू ने सोन मंडप की मौजूदा स्थिति पर चिंता जताते हुए आधारभूत संरचनाओं की मरम्मति को लेकर गंभीरता दिखायी। उन्होंने आगामी दिनों में विधायक निधि से सोन मंडप के जीर्णोद्धार का कार्य शुरू करने की बात कही। इससे सोन मंडप की सुरक्षा के साथ नागरिकों को सुविधायुक्त सेवा का लाभ मिल सके। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि गुंजन यादव, सूर्य मंदिर समिति के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, दिनेश कुमार, मिथिलेश सिंह यादव, कुलवंत सिंह बंटी, अमरजीत सिंह राजा, लक्ष्मीकांत सिंह, सुशांत पांडा, शैलेश गुप्ता, बंटी अग्रवाल, शशिकांत सिंह, प्रेम झा, बोलटू सरकार, कंचन दत्ता, प्रमोद मिश्रा, पवन अग्रवाल, राकेश सिंह, टुनटुन सिंह, पप्पू उपाध्याय, सूरज सिंह, विकास शर्मा, युवराज सिंह, हरेराम यादव, छक्कन चौधरी, बिमला साहू, कुमार अभिषेक, साकेत कुमार, ममता भूमिज, अनिकेत रॉय समेत अन्य मौजूद रहे।

## 2.60 करोड़ रुपये की लागत से बनेगा तेतला-बांदुआ के बीच पुल

# विधायक संजीव सरदार ने किया शिलान्यास

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पोटका।** पोटका विधायक संजीव सरदार की अनुशंसा पर प्रखंड के तेतला एवं बड़ा बांदुआ के बीच नदी पर मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना से 2 करोड़ 60 लाख रुपये की लागत से पुल का निर्माण होगा। इस कार्य का विधिवत शिलान्यास शनिवार को विधायक संजीव सरदार द्वारा सैकड़ों ग्रामीणों की उपस्थिति में किया गया। इस बहुप्रतीक्षित मांग के पूरा होने पर तेतला एवं जुड़ी पंचायत के ग्रामीणों ने विधायक का जोरदार स्वागत पारंपरिक तरीके से किया गया। मौके पर विधायक ने कहा कि पोटका विधानसभा के सभी गांवो में विकास की रोशनी पहुंचे उनका यही प्रयास है।



राज्य सरकार के द्वारा उनके अनुशंसा पर विधानसभा के लगभग सभी गांवों को मुख्य सड़क से जोड़ने हेतु 60 से अधिक सड़क का सुदृढ़ीकरण एवं मरम्मत के योजना को स्वीकृति एवं दर्जनों पुल पुलिया निर्माण को मंजूरी प्रदान की गयी है, ताकि सभी गांव मुख्य सड़क से जुड़ सके और ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा हो। आजादी के बाद से इलाके के ग्रामीणों की मांग थी कि इस नदी के ऊपर पुल बने, बरसात के मौसम में नदी में पानी बढ़ने के कारण बाढ़ जैसे हालात हो जाते थे और आवागमन पूरी तरह बाधित हो जाता था, अब तक किसी जनप्रतिनिधि ने पहल नही की थी, लेकिन इस बार विधायक संजीव सरदार के पहल से यहां पुल बनेगा, यह इस इलाके के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है।

**ये रहे कार्यक्रम में मौजूद:** मुखिया अमृत माझी, सांसद प्रतिनिधि यशवंत महतो, ग्रामप्रधान श्यामचरण सरदार, शत्रुघ्न सरदार, पूर्व पार्षद चंद्रावती महतो, सुनील महतो, बबलू चौधरी, सुधीर सोरेन, जगदीश माझी, भुताड़ मुर्मू, दासों टुडू, पंकज पाल, अर्धेंदु गोप, सोनाराम मुर्मू, प्रदीप सरदार, रविन्द्र सरदार, सत्यनारायण सरदार, रमेश महतो, भुवनेश्वर सरदार, भोगलु टुडू, विधासागर दास, बिरेन पात्र, चक्रधर महतो आदि मौजूद थे।

# ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर यात्रा और वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि आज



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** भारतीय संस्कृति और नारी सम्मान के प्रतीक सिंदूर को समर्पित विशेष सिंदूर यात्रा का आयोजन रविवार को भाजपा विधायक पूर्णिमा साहू के नेतृत्व में किया जायेगा। यात्रा सुबह 10 बजे गोलमुरी जॉगर्स पार्क से प्रारंभ होकर गोलमुरी पुलिस लाइन स्थित शहीद स्मारक पर श्रद्धांजलि के साथ संपन्न होगी। यह यात्रा जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों द्वारा भारतीय नारी सम्मान के अपमान के विरोध में तथा ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को समर्पित है। कार्यक्रम में केवल मातृशक्ति भाग लेंगी। आयोजन को लेकर महिलाओं में उत्साह का माहौल है। पूर्व तैयारियों के तहत भाजपा गोलमुरी मंडल द्वारा शहीद स्मारक परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान में पप्पू उपाध्याय सहित अनेक कार्यकर्ता शामिल रहे।

# पीएम जनमन योजना के तहत पूर्वी सिंहभूम को मिला विकास का तोहफा : विद्युत वरण महतो



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** पूर्वी सिंहभूम जिले में विशेष रूप से संरक्षित आदिवासी जनजाति समुदाय के उत्थान हेतु केंद्र सरकार ने पीएम जनमन योजना के तहत 17 बहुउद्देश्यीय भवन और 8 नई सड़कों की स्वीकृति दी है। यह योजना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दुर्लभ जनजातियों को मुख्यधारा से जोड़ने के उद्देश्य से शुरू की गई है। शनिवार को सांसद बिद्युत बरण महतो के विशेष अनुशंसा पर यह स्वीकृति मिली है। बहुउद्देश्यीय भवनों का निर्माण पोटका, गुड़ाबांदा, घाटशिला, मुसाबनी और डुमरिया प्रखंड के चयनित गांवों में किया जाएगा। वहीं लगभग 32 किमी लंबाई की 8 नई सड़कों का निर्माण चाकुलिया, डुमरिया, मुसाबनी, पटमदा और पोटका प्रखंडों में होगा।सांसद महतो ने कहा ये परियोजनाएं पीवीटीजी समुदाय के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाएंगी और उन्हें विकास की मुख्यधारा से जोड़ने में सहायक होंगी।

# ड्रीम सिटी अपार्टमेंट से गिर कर एनआइटी की एक छात्र की मौत



**आदित्यपुर (आजाद सिपाही)।** सरायकेला जिले के आरआइटी थाना अंतर्गत ड्रीम सिटी अपार्टमेंट से गिरकर एनआइटी जमशेदपुर के छात्र दिव्यांशु गांधी (20) की मौत हो गई है। घटना शुक्रवार देर शाम की बतायी जा रही है। घटना के बाद सोसाइटी के लोगों ने उसे टीएमएच पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। शनिवार को छात्र के शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया। दिव्यांशु मूल रूप से रांची के जगन्नाथ पुर थाना क्षेत्र के हवाई नगर का रहने वाला था। उसके पिता ब्रजकिशोर प्रसाद रेलवे में लोको पायलट हैं।

# कांग्रेसियों ने भाजपा नेताओं का फूंका पुतला, जम कर की नारेबाजी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में साकची गोलचक्कर में भाजपा के मंत्रियों व नेताओं का पुतला दहन किया गया। यह कार्यक्रम जिलाध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे के नेतृत्व में संपन्न हुआ। श्री दुबे ने कहा मध्य प्रदेश सरकार के मंत्री बिजय शाह व अन्य भाजपा नेताओं द्वारा भारतीय सेना की वीर महिला अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी के विरुद्ध की गई टिप्पणी बेहद अपमानजनक और निंदनीय है। कर्नल कुरैशी, जो ऑपरेशन सिंदूर का नेतृत्व कर रहीं थीं, उनकी देशभक्ति पर सवाल उठाना न केवल सेना बल्कि हर देशभक्त



व नागरिक का अपमान है। कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने कहा भाजपा नेताओं के बयान यह दशार्ते हैं उन्हें न सेना की मर्यादा की समझ है, न ही देशभक्ति की गरिमा का आभास। सेना में न जात होती है, न धर्म। वहां सिर्फ भारत माता होती हैं। उन्होंने कहा भाजपा सिर्फ दिखावे के लिए तिरंगा यात्रा निकालती है। लेकिन देशभक्ति का वास्तविक सम्मान उसे तब करना चाहिए जब वह ऐसे नेताओं को पार्टी और मंत्रिमंडल से बाहर करे।

इस अवसर पर कांग्रेस के सैकड़ो वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने एक सुर में भारत माता की जय का नारा लगाते हुए भाजपा नेताओं की बयानबाजी की कड़ी शब्दों में निंदा की।

## कांडी बीडीओ को प्रोन्नति मिलने पर जनप्रतिनिधियों और कर्मियों ने दी बधाई



कांडी (आजाद सिपाही)। प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी राकेश सहाय को प्रशासनिक सेवा में प्रोन्नति मिलने पर शनिवार को कांडी प्रखंड कार्यालय परिसर में प्रखंड प्रमुख नारायण यादव, क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, डीलर संघ अध्यक्ष बृजमोहन मिश्रा, प्रखंड एवं अंचल कर्मियों सहित कई लोगों ने उन्हें पुष्पगुच्छ और माला पहनाकर बधाई दी। जानकारी के अनुसार, झारखंड प्रशासनिक सेवा के कुल 118 अधिकारियों को अनुमंडल पदाधिकारी अथवा समकक्ष कोटि में प्रोन्नति दी गयी है। इसमें कांडी के बीडीओ राकेश सहाय का नाम 49वें स्थान पर दर्ज है। इस मौके पर बीडीओ राकेश सहाय ने कहा, प्रखंड और अंचल कर्मियों की मेहनत और समर्पण से ही सरकार के विकास कार्यों को गति मिलती है। पद के साथ जिम्मेदारियां भी बढ़ती हैं और हमें चाहिए कि हम हर कार्य न्याय और आदर के साथ करें।

# कार्रवाई : दुलदुलवा गांव में महुआ का गोदाम सील

**100 कुंटल से अधिक महुआ, गुड़ आदि सामग्री थी गोदाम में, जो गांव की अवैध शराब भट्ठियों को बेची जाती थी यह सामग्री**

**स्थानीय लोग भी रहे एसडीएम के साथ, दिया कार्रवाई में साथ**



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** सदर एसडीएम संजय कुमार अवैध शराब निर्माण के अनैतिक कारोबार की जड़ों पर लगातार प्रहार कर रहे हैं, न केवल शराब निर्माण के काम में लगे शराब व्यवसायियों की काउंसलिंग जारी है, बल्कि अवैध शराब निर्माण की रोकथाम की दिशा में भी लगातार दंडात्मक कार्रवाई भी जारी है। इसका असर दुलदुलवा गांव की फिजाओं में स्पष्ट रूप से दिखने लगा है। संजय कुमार पिछले दो हफ्ते से लगातार इस गांव जा रहे हैं। शनिवार को उन्होंने गांव जाकर बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों के साथ गांव के कई इलाकों का भ्रमण किया। लोगों की राय मानते हुए उन्होंने अवैध शराब बनाने के लिए कच्चा सामान जैसे महुआ और गुड आदि बेचने वाले गोदामों पर कार्रवाई करने की योजना बनाई। फल स्वरुप कुछ ही देर में उन्होंने तीन अलग-अलग कारोबारियों के गोदामों/ दुकानों पर छापेमारी की। इनमें से एक विजय गुप्ता के गोदाम में महुआ, गुड़ आदि मिलाकर लगभग 100 कुंटल यानी 10 टन के आसपास सामान रखा हुआ था। विदित हो कि देशी शराब बनाने में महुआ और गुड़ का उपयोग किया जाता है। एसडीएम ने जब विजय गुप्ता से इस महुआ और गुड़ आदि के बड़े भंडार के स्रोत और उद्देश्य के बारे में पूछा तो वे कुछ बता नहीं पाये, हालांकि जब इस गोदाम का बिक्री रजिस्टर मांगा गया तो रजिस्टर में उन्हीं लोगों का नाम दर्ज पाया गया, जो हमेशा से गांव में अवैध शराब निर्माण के लिए जाने जाते हैं और जिन पर इस संबंध में कई मामले दर्ज हैं। इससे प्रथम द्दष्टया साबित हो गया कि उक्त सामग्री अवैध शराब निर्माण के काम आनी है क्योंकि यह सामग्री उन्हीं व्यापारियों व व्यवसायियों के बीच बेची जाती है। इस पर संजय कुमार ने दो साल के विक्री रजिस्टर जब्त करते हुये एहतियातन इस गोदाम की वीडियोग्राफी कराते हुए मौके पर ही सील कर दिया तथा गोदाम की चाबी का जिम्मेनामा विजय गुप्ता और एक स्थानीय ग्रामीण को संयुक्त रूप से लिखित में इस शर्त के साथ दे दिया गया कि वे न तो इस गोदाम के ताले को बिना अनुमति खोलेंगे और न ही कोई सामग्री बिक्री करेंगे।

गोदाम मालिक विजय गुप्ता ने स्वीकार किया कि वे अपनी उक्त कच्ची सामग्री गांव के ही शराब माफिया के बीच में बिक्री करते थे, किंतु जब से एसडीएम ने यहां पर अभियान चलाया है उन्होंने बेचना बंद कर दिया है, वे इस बचे सामान को जल्द हटाने वाले थे किंतु वे हटा नहीं पाये हैं, इसी बीच उनके गोदाम की आज जांच हो गयी। इसके अलावा अन्य व्यवसायी रविंद्र चंद्रवंशी के गोदाम में बड़ी मात्रा में सिर्फ गुड़ का भंडार पाया गया, इसमें महुआ का भंडार नहीं पाया गया। इस कारोबारी को भी प्रतिबंधित किया गया कि वह शराब बनाने वाले कारोबारी को यह सामग्री नहीं बेचेंगे। तीसरे कारोबारी के यहां बहुत कम मात्रा में उक्त सामग्री मिली, किंतु उसे भी पूर्व के व्यवसाईयों को दी गई हिदायत दोहराई गयी।

**भट्ठियों के लिए भी सर्च अभियान चलाया :** एसडीएम ने शनिवार की विजिट के दौरान गांव की बस्ती एवं जंगल क्षेत्र में अवैध शराब भट्ठियों को लेकर सर्च अभियान चलाया किंतु अच्छी बात यह रही कि उन्हें 2 घंटे के सर्च अभियान में कहीं कोई शराब भट्टी नजर नहीं आयी। उन्होंने दुलदुलवा में ऐसी स्थिति लाने के लिए समस्त ग्राम वासियों को साधुवाद दिया।

# कांग्रेस ने किया संविधान बचाओ रैली का आयोजन




आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** शनिवार को गढ़वा जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष ओबैदुल्लाह हक अंसारी के नेतृत्व में संविधान बचाओ रैली का आयोजन किया गया। यह रैली कांग्रेस कार्यालय से पैदल मार्च कर इंदिरा गांधी चौक होते हुए बाबा भीम राव अम्बेडकर चौक पर बाबा साहेब के प्रतिमा पर माल्यार्पण के पश्चात सभा आयोजन कर समाप्त हुई। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गढ़वा जिला कांग्रेस के पर्यवेक्षक सत्यनारायण सिंह उपस्थित हुए। मौके पर बोलते हुए सत्यनारायण सिंह ने कहा देश के नेता राहुल गांधी ने जातीय जनगणना के लिए जिस तरीके से संघर्ष किया उसी संघर्ष का देन है कि केंद्र की भाजपा सरकार को झुकना पड़ा और जातीय जनगणना कराने के लिए घोषणा किया। जिला अध्यक्ष ओबैदुल्लाह हक अंसारी ने कहा अगर कांग्रेस पार्टी ने संविधान को लागू करने का काम किया है तो संविधान को बचाने का भी जिम्मेदारी कांग्रेस पार्टी की है।

मौके पर ज़िला उपाध्यक्ष सत्येंद्र पांडेय, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष खुर्शीद आलम, जिला महासचिव ओम प्रकाश चौबे, गढ़वा प्रखंड अध्यक्ष उगेंद्र नाथ चौबे, मझिआंव प्रखंड अध्यक्ष आनंद यादव सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# करियर काउंसिलिंग मार्गदर्शक का काम करता है: मदन केसरी

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** जीएन कॉन्वेंट (10+2) स्कूल के सभागर में 10वीं और 12वीं के सफल विद्यार्थियों के लिए करियर कॉन्सिलिंग सेमीनार का कार्यक्रम किया गया। इस कार्यक्रम में रूंगटा यूनिवर्सिटी भोपाल के एक्सपर्ट राहुल सोनी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। बच्चों को संबोधित करते हुए निदेशक सह शिक्षाविद मदन केसरी ने कहा कि आज के लिए यह विषय करियर कॉन्सिलिंग प्रासंगिक और महत्वपूर्ण है क्योंकि 10वीं और 12वीं के सफल विद्यार्थिय के मन में कई भ्रांतियां एवं बातें आती होंगी कि हमें अब आगे क्या करना है या होगा। यह आप जान लें कि करियर की योजना बनाते समय कई महत्वपूर्ण पहलू पर विचार करना आवश्यक होता है। उसमें प्रथम है आत्म मूल्यांकन- करियर कॉन्सिलिंग का सबसे प्रथम पॉइंट है यह आपके कौशल, रूचियों और मूल्यों पर आधारित व महत्वपूर्ण है। वहीं लक्ष्य निर्धारण जो स्पष्ट और विशिष्ट रूप से होनी चाहिए और उस पर अपने प्रयासों को केंद्रित करने की आवश्यकता होती है। दूसरी ओर आपके शिक्षा और प्रशिक्षण कुशलता भी महत्वपूर्ण है। यह आपके कार्य कुशलता में चार चांद लगाता है। नेटवर्किंग से लगातार जुड़ाव भी अपने आपको अपडेट रहने की जरूरत होती है। यह आपके जीवन में आने वाले नए नए रोजगार या विभागों से आपको अवगत कराते रहता है। मुख्य रूप से कार्यक्रम में वीरेंद्र शाह,विकास कुमार, मुकेश भारती,नीरा शर्मा, सुनीता कुमारी, रागिनी कुमारी, शिवानी गुप्ता,पूजा प्रकाश आदि की उपस्थिति सराहनीय रही।

# ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में समर कैंप का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** स्थानीय ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में शनिवार को ग्रीष्मकालीन शिविर का प्रारम्भ बड़े धूमधाम से किया गया। शिविर का शुरूआत प्रबंधन समिति तथा विद्यालय के प्रधानाचार्य भाष्कर बाला चंदरूडू के द्वारा दीप प्रज्वलन कर तथा फीता काटकर किया गया। मौके पर विद्यालय के निदेशक, सचिव और विद्यालय के प्रधानाचार्य भाष्कर बाला चंद्ररुडू ने सभी बच्चों को शुभकामनायें दी और उज्वल भविष्य के लिए प्रोत्साहित किया। शिविर के पहले दिन योग शिविर का आयोजन किया गया जो अत्यंत सराहनीय रहा। इसके अलावे तिरंदाजी, राइफल सूटिंग के साथ कौशल विकास से युक्त क्रियाकालपों का भी आयोजन किया गया।

इस ग्रीष्मकालीन शिविर का मुख्य उद्देश्य छात्रों में रचनात्मकता, आत्मविश्वास और चरित्र का पोषण करने का अवसर प्रदान करना है। यह आयोजन प्री-नर्सरी से लेकर वर्ग नौ तक सभी बच्चों के लिए किया गया है। लगभग सात दिनों तक चलने वाले इस शिविर कई अनोखे कार्यक्रमों से परिपूर्ण होगा। विद्यालय का लक्ष्य इस कार्यक्रम के माध्यम से एक गतिशील और समावेशी मंच बनाना है। समर कैंप में मुख्य रूप से विद्यालय के सभी शिक्षकगण और कर्मचारी मौजूद थे।

## ऑपरेशन सिंदूर को लेकर निकाली गयी तिरंगा यात्रा



भंडरिया (आजाद सिपाही)। भारतीय जनता पार्टी के नियोजित कार्यक्रम के तहत शनिवार को भंडरिया प्रखंड मुख्यालय में भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेश्वर ठाकुर के नेतृत्व में ऑपरेशन सिंदूर के सफलता को लेकर निकाला गया तिरंगा यात्रा। यह तिरंगा यात्रा भाजपा कार्यालय से शुरू किया गया। इस कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि रूप निरंजन सिन्हा कुंवर सिंह विधायक प्रतिनिधि बिरजू सिंह, महामंत्री विनय जायसवाल, बीरबल भुईयां, मुस्लिम करार, समेत कई प्रमुख नेता मौजूद रहे। इस संबंध में मंडल अध्यक्ष राजेश्वर ठाकुर ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने भारत के शक्ति का पराक्रम पूरी दुनिया को दिखा दिया है। वहीं सांसद प्रतिनिधि रूप निरंजन सिन्हा ने कहा कि भारतीय सेना ने शत्रुओं और पाक समर्थित आतंकियों को घर में घुसकर करारा जवाब दिया है, जिससे पूरे देश को गर्व की अनुभूति हो रही है।

## प्रखंड में आंधी-तूफान ने मचाया कहर कई इलाकों में भारी नुकसान



कांडी (आजाद सिपाही)। शनिवार की दोपहर अचानक आए तेज आंधी-तूफान और बारिश ने कांडी प्रखंड क्षेत्र में भारी तबाही मचाई। तेज हवाओं और बारिश के कारण मुख्य बाजार की सड़कों पर जलजमाव हो गया, जिससे आम जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया और लोगों को आवाजाही में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। मिली जानकारी के अनुसार मझिगावां पंचायत के मुख्य बस्ती से पूर्व दिशा में स्थित शैलेश चौबे के मकान पर एक विशाल नीम का पेड़ गिर गया। इस घटना में घर में उपस्थित सदस्य बाल-बाल बचे, इससे शैलेश चौबे को काफी आर्थिक नुकसान की हुई है। तेज आंधी के कारण आम के पेड़ों को भी भारी नुकसान पहुंचा है, बड़ी संख्या में कच्चे आम टूटकर गिर गये। इसके साथ ही कई जगहों पर जलमीनार की सोलर प्लेट उड़ गईं, जिससे पेयजल संकट उत्पन्न हो गया है। स्थानीय लोग प्रशासन से जल्द से जल्द राहत और आवश्यक मरम्मत कार्यों की मांग कर रहे हैं, ताकि जनजीवन सामान्य हो सके।

# चलायी जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की उपायुक्त ने समीक्षा की

आजाद सिपाही संवाददाता



**बंशीधर नगर।** जिला दंडाधिकारी-सह-उपायुक्त शेखर जमुआर की अध्यक्षता में श्री बंशीधर नगर के प्रखंड सभागार में शनिवार को जिला एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों, मुखियागण, प्रमुखगणों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान उन्होंने प्रखंड क्षेत्र में चलाई जा रही सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की। कार्य संचालन की अद्यतन स्थिति से अवगत हुए और कार्यो में प्रगति लाकर ससमय पूर्ण करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए।

श्री बंशीधर नगर अनुमंडल अंतर्गत अवस्थित नगर उंटारी प्रखंड सभागार में आयोजित बैठक में मुख्यतः मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास (ग्रामीण), अबुआ आवास, 15वें वित्त से संचालित योजना, पेयजल एवं स्वच्छता, स्वास्थ्य सहित अन्य विभागों से संबंधित समीक्षात्मक बैठक आहूत की गयी। विभागों से संबंधित योजनाओं के प्रगति की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। सर्वप्रथम उपायुक्त श्री जमुआर ने बैठक में उपस्थित मुखियागण तथा प्रखंड प्रमुखगाणो से उनके पंचायतों में चलाई जा रही विभिन्न सरकारी जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति से अवगत हुए। उन्होंने उपस्थित जनप्रतिनिधियों से कहा कि आप सभी अपने -अपने पंचायतों में सरकार की जनकल्याकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में अहम योगदान देते है। आप सभी जनप्रतिनिधि अपने स्तर से अपने -अपने पंचायतों में योग्य लाभुकों के चयन में तथा आवास निर्माण में अपना योगदान दे रहे है। कुछ अयोग्य लाभुक भी इस आवास योजना का लाभ लेकर आवास निर्माण करा रहे है उन सभी को आप सभी चिन्हित करते हुए उसकी जानकारी बीडीओ को दें ताकि उनकी जगह पर योग्य लाभुकों को इसका लाभ मिल सके। उक्त बैठक में उप विकास आयुक्त पशुपतिनाथ मिश्रा, अपर समाहर्ता राज महेश्वरम, अनुमंडल पदाधिकारी प्रभाकर मिर्धा, भू अर्जन पदाधिकारी संजय प्रसाद आपूर्ति पदाधिकारी रामगोपाल पांडे पंचायती राज पदाधिकारी प्रवेश कुशवाहा सहित अन्य पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

# सरस्वती विद्या मंदिर में दादा-दादी नाना-नानी सम्मान समारोह संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता




**बंशीधर नगर।** स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर में दादा-दादी, नाना-नानी सम्मान समारोह का शुभारंभ अध्यक्ष- जोखू प्रसाद, सचिव- रविप्रकाश, सह सचिव- चंदन कुमार, कोषाध्यक्ष- राजकुमार प्रसाद, अभिभावक प्रतिनिधि- शशिकला, समिति सदस्या- श्रीमती शैलेंद्रि देवी और प्रधानाचार्य रविकांत पाठक ने संयुक्त रूप से मां शारदे, भारतमाता और ॐ के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन कर किया। उक्त अवसर पर प्रधानाचार्य रविकांत पाठक ने कहा कि दादा-दादी, नाना-नानी परिवार के रीढ़ होते हैं। कोषाध्यक्ष राजकुमार प्रसाद ने कहा कि दादा-दादी, नाना-नानी बच्चों के प्रथम मित्र होते है। उनके द्वारा दी गई सूक्ष्म संस्कारों का नाती-नातिन, पोता-पोती अनुकरण करते हैं। दादी से कहानी, लोरी, गीत सुनते हैं। विद्यालय के बहन आराधना शर्मा, सूचि पांडेय, पीहू अग्रवाल और शची समृद्धि द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। कक्षा- अरुण एवं उदय की बहनों अवनी आरोही सृष्टि संवि वेदिका प्रिया मदीहा द्वारा भावपूर्ण भावनृत्य 'नानी तेरी मोरनी को....' कक्षा प्रभात और प्रथम बहनों आर्मी अनिका मीनाक्षी आणि शालू नंदिनी लवली तन्वी रागनी सुगंध लक्ष्मी द्वारा 'दादाजी की छड़ी....' मनोहारी भावनृत्य प्रस्तुत किया गया। कक्षा प्रथम और द्वितीय के बहन वैदेही श्रेष्ठ काव्य पल्लवी प्राची सुप्रिया द्वारा प्यारी-प्यारी दादी मां...... भावनृत्य प्रस्तुत किया गया। सभी दादा-दादी, नाना-नानी का पांव धोकर उपहार भेंट किया गया। इस समारोह में आचार्य नंदलाल पांडे, सुधीर प्रसाद श्रीवास्तव, कृष्ण कुमार पाण्डेय, सतेंद्र प्रजापति, अविनाश कुमार, नीरज सिंह, सुजीत दुबे, अशोक कुमार, प्रसून कुमार, दिनेश कुमार, रूपेश कुमार, प्रदीप कुमार, उमेश कुमार, हिमांशु झा, विक्रम प्रसाद, ऋषिकेश तिवारी, आरती श्रीवास्तव, नीति कुमारी, रेणु पाठक, प्रियंबदा , सलोनी कुमारी, नेहा कुमारी, खुशबू सिंघल, सुरेश, रेखा, ललिता देवी, रीना देवी, अभिभावक- सुरेंद्र मेहता, परमेश्वर, ध्रुव, रामलखन आदि बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## दो टेंपो की टक्कर, युवक गंभीर रूप से घायल



भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के मकरी ढ़ेकुलिया गांव के समीप शनिवार के दोपहर दो टेंपो के बीच हुई आमने सामने की टक्कर में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक बरवारी गांव निवासी प्रदीप यादव के पुत्र चंदू कुमार है। उसे सिर में चोट लगी है। तत्काल उसे ईलाज के लिए स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल गढ़वा रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार चंदू कुमार शनिवार के दोपहर भवनाथपुर से कोचिंग क्लास कर टेंपो से अपना घर जा रहा था, तभी मकरी ढ़ेकुलिया गांव के समीप विपरीत दिशा से आ रही एक टेंपो से आमने सामने की टक्कर हो गयी।

## एमके इंटरनेशनल विद्यालय में समर कैंप संपन्न



बंशीधर नगर (अजाद सिपाही)। बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए उचित संस्कार के साथ तनाव मुक्त शिक्षा प्रदान करना विद्यालय का लक्ष्य है, उक्त बातें एमके इंटरनेशनल विद्यालय के अध्यक्ष डॉ अभिमन्यु कुमार सिंह ने समर कैंप के समापन के अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा। श्री सिंह ने कहा कि एमके इंटरनेशनल स्कूल की स्थापना इस क्षेत्र के बच्चों के सर्वांगीण विकास के लक्ष्य को निर्धारित करके किया गया है। हमें खुशी है कि अपने निर्धारित लक्ष्य को विद्यालय बड़ी तेजी से प्राप्त कर जिले में ऊंची मुकाम को हासिल किया है। उन्होंने कहा कि विद्यालय में आधुनिक पद्धति के द्वारा शिक्षा व्यवस्था की गयी है। उन्होंने बताया कि समर कैंप का शनिवार को अंतिम दिवस था। यह कार्यक्रम स्कूल में पिछले 5 दिनों से आयोजित किया जा रहा है, जिसमें बहुत से विद्यार्थियों ने भाग लिए थे। अभिभावकों के मनोरंजन के लिए कुछ गेम भी कराये गये। उक्त अवसर पर अभिभावकों ने गाना, भाषण आदि भी प्रस्तुत किये। स्कूल के शिक्षक और अभिभावक सभी लोगों ने नृत्य प्रस्तुत किया।

# बीडीएसयू में राष्ट्रीय युवा तकनीकी दिवस का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** शनिवार को बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय में फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के संस्थान में शनिवार को राष्ट्रीय युवा तकनीकी दिवस का भव्य आयोजन किया गया। यह दिवस प्रतिवर्ष 11 मई को मनाया जाता है। किंतु इस वर्ष 11 मई को रविवार होने के कारण इसे दिनांक 16 मई को मनाया गया।

इस विशेष अवसर पर विश्वविद्यालय के संकायाध्यक्ष प्रोफेसर (डॉ) पंकज कुमार एवं एस के ओझा, स्थापना पदाधिकारी की उपस्थिति रही। कार्यक्रम की शुरूआत कंप्यूटर साइंस विभाग के व्याख्याता सुयश राजवंश द्वारा संबोधन भाषण की, जिसमें उन्होंने राष्ट्रीय युवा तकनीकी दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला।

संकायाध्यक्ष प्रोफेसर (डॉ) पंकज कुमार ने तकनीकी शिक्षा को महाभारत एवं रामायण जैसे पौराणिक संदर्भों से जोड़ते हुए छात्रों को यह समझाया कि तकनीक केवल ज्ञान नहीं, बल्कि जीवन को सरल और सुलभ बनाने का माध्यम है। उन्होंने विद्यार्थियों से इस क्षेत्र में अपनी समझ और जानकारी को निरंतर सुदृढ़ करने की प्रेरणा दी। उन्होंने विद्यार्थियों को समस्याओं से घबराने के बजाय समाधान की दिशा में आगे बढ़ने का संदेश दिया। इस अवसर पर कला एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं में सृष्टि कुमारी, आकाश, अनस नूरानी, अविनाश नाथ, सुरेंद्र और रंजन प्रजापति आदि मुख्य रूप से शामिल हुए। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्थान के प्रोफेसर राजीव कुमार सिंह, आकाश कुमार, नीतू सिंह, सुमित कुमार आनंद, ऋतिक द्विवेदी, अनिमेष कुमार चौबे सहित सभी संकाय सदस्य एवं छात्र-छात्राओं की सक्रिय भागीदारी रही। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति दिनेश प्रसाद सिंह एवं कुलपति प्रोफेसर डॉ एमके सिंह ने इस आयोजन की सराहना करते हुए सभी प्रतिभागियों को बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

## आवेदक कल तक एफिडेविट और पांच गवाह का आधार करें जमा : शोभा मिश्रा

रंका (आजाद सिपाही)। रंका प्रखंड अंतर्गत कंचनपुर पंचायत के पंचायत सचिव शोभा मिश्रा ने पंचायत के ग्रामीणों को सूचित करते हुए कहा है कि जो आवेदक 7 मई 2025 को जन्म प्रमाण पत्र के लिए आवेदन जमा किए हैं, वे आवेदन में एफिडेविट एवं पांच गवाहों का आधार 19 मई 2025 तक लगाना अथवा कार्यालय में जमा करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा है कि जब तक आवेदक अपने-अपने आवेदन में उक्त कागजात संलग्न नहीं करते हैं तब तक आवेदन अधुरा माना जायेगा और उनका जन्म प्रमाण पत्र नहीं बन पायेगा।

## पूर्व पत्रकार और व्यवसायी के पिता का निधन

बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। पूर्व पत्रकार व युवा व्यवसायी मिठू जायसवाल के पिता अनिल जायसवाल 60 वर्ष का निधन शुक्रवार की शाम में हो गया। वे लंबे समय से माउथ कैंसर से पीड़ित थे। उनका इलाज रांची के एक निजी अस्पताल से चल रहा था। शुक्रवार की रात 9 बजे रांची अस्पताल से लौटने के क्रम में उन्होंने लातेहार के समीप दम तोड़ दिया। उनके निधन से श्री बंशीधर नगर एवं धुरकी में शोक की लहर है। अनिल जायसवाल एक सहज-सरल स्वभाव, मिलनसार के साथ साथ सदैव दूसरों की सहायता के लिये हमेशा तत्पर रहते थे। वे अपने पीछे पत्नी, दो पुत्र पुत्री समेत भरा पूरा परिवार छोड़ गये हैं।

# क्रशर से 400 लीटर डीजल और पार्ट्स की चोरी का खुलासा, चार चोर गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**बारियातू।** थाना क्षेत्र के बानालात ग्राम स्थित एक क्रेशर से डीजल और पार्ट्स की चोरी मामले का खुलासा बारियातू पुलिस ने कर दिया है। पुलिस ने चार शातिर चोरों को गिरफ्तार करते हुए चोरी में प्रयुक्त दो पिकअप वाहन, भारी मात्रा में डीजल, जेनरेटर इंजन और अन्य सामान बरामद किया है। थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार ने शनिवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि 15 मई को क्रेशर संचालक की ओर से आवेदन देकर चोरी की शिकायत दर्ज कराई गई थी। आवेदन के अनुसार अज्ञात चोरों ने क्रेशर के मुख्य गेट का ताला तोड़कर करीब 400 लीटर डीजल, मशीन के कई कीमती पार्ट्स और नकद की चोरी की थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए कांड संख्या 27/25, धारा 334(2)/305(ए) डीएनएस के तहत प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस टीम का गठन किया गया। छानबीन के क्रम में तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने चार चोरों को गिरफ्तार किया, जिनकी पहचान1. राहुल राम, पिता महादेव राम, उम्र 21 वर्ष, ग्राम कोइद, थाना टंडवा, जिला चतरा। 2. राजकुमार भुईयां, पिता स्व. नकूल भुईयां, उम्र 20 वर्ष, ग्राम कोइद, थाना टंडवा, जिला चतरा। 3. आशिष कुमार साहु, पिता विशेसर साव, उम्र 29 वर्ष, ग्राम बरकुट्टे, थाना टंडवा, जिला चतरा। 4. कुन्दन कुमार सिंह, पिता कपिल कुमार सिंह, उम्र 18 वर्ष, ग्राम मनातू, थाना बारियातू, जिला लातेहार। पूछताछ में सभी चारों ने अपने अपराध को स्वीकार कर लिया। उनकी निशानदेही पर पुलिस ने महिंद्रा कंपनी के दो पिकअप वाहन (एक पंजीकृत संख्या जेएच 02 बीपी 2190 और एक बिना नंबर प्लेट), टाटा कंपनी का जेनरेटर इंजन, क्रेशर मशीन के कई पार्ट्स, पांच पीस दांता और 40-40 लीटर डीजल से भरे दो गैलन बरामद किए हैं। थाना प्रभारी ने आगे बताया कि इस गिरोह का सरगना राहुल राम एक शातिर अपराधी है, जो पूर्व में मगध कोलवरी में लेवी मांगने, टंडवा थाना क्षेत्र में लूटपाट तथा बालूमाथ थाना कांड संख्या 195/21, टंडवा थाना कांड संख्या 12/23 और 213/23 में भी आरोपी रह चुका है। इन सभी मामलों में वह जेल जा चुका है। थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार ने कहा कि बारियातू थाना क्षेत्र को अपराधमुक्त बनाने की दिशा में पुलिस पूरी मुस्तैदी से काम कर रही है और किसी भी आपराधिक तत्व को बख्शा नहीं जायेगा।

# दुखन प्रसाद की हत्या की निष्पक्ष जांच हो: प्रतुल शाहदेव

आजाद सिपाही संवाददाता



**लातेहार।** लातेहार भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव लातेहार के सुदूर क्षेत्र में स्थित जालिम गांव पहुंचे। प्रतुल ने पीड़ित परिवार के सदस्यों को ढांढस बंधाया। ग्रामीणों ने शाहदेव को बताया कि जालिम गांव में पुलिस ने दुखन प्रसाद सहित अनेक पुरुष और महिलाओं की बर्बरता पूर्ण तरीके से पिटाई की थी। ग्रामीणों ने बताया कि इसी मार के कारण बुजुर्ग दुखन प्रसाद की मौत हो गयी। परिजनों ने अपने चोट के निशान भी दिखाए। प्रतुल ने इस घटना को अत्यंत ही दुर्भाग्यपूर्ण बताया और मांग की कि दुखन प्रसाद की हत्या की निष्पक्ष जांच हो। प्रतुल ने कहा कि सादे कपड़े में रात ग्यारह बजे आए पुलिसकर्मियों पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। प्रतुल ने कहा कि इस घटना को अंजाम देनेवाले पुलिस पदाधिकारी और सिपाहियों पर इस को तत्काल प्रभाव से ड्यूटी से हटाते हुए निलंबित किया जाये। प्रतुल ने कहा कि पुलिस का रात के 11:00 गांव में सादे कपड़ों में घुसना भी पुलिस मैनुअल का भी उल्लंघन है।

**सड़क जाम में पत्रकारों सहित अनेक निर्दोषों पर दर्ज मुकदमा वापस हो**

प्रतुल ने कहा कि इसके बाद जब आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क जाम किया तो पुलिस ने उन पर लाठी चार्ज किया है। इस लाठी चार्ज के भी जांच की आवश्यकता है कि क्या इतना कठोर कार्रवाई की आवश्यकता थी या फिर ग्रामीणों को समझा पूछ कर जाम समाप्त किया जा सकता था। प्रतुल ने कहा कि सड़क जाम के मामले में पुलिस में मुकदमा दर्ज करते हुए अनेक निदोर्षों को और दो पत्रकारों को भी अभियुक्त बनाया। प्रतुल ने इस मुकदमे को वापस लेने की मांग की। कहा कि वह इस मुद्दे को लातेहार जिला के पुलिस अधीक्षक और उच्च अधिकारियों के सामने भी उठाएंगे। इस अवसर पर लातेहार के पूर्व मंडल अध्यक्ष रितेश प्रसाद, घनश्याम प्रसाद, आशीष शाहदेव, आदि उपस्थित है।

# विधायक प्रकाश राम ने गोनिया पंचायत के कई गांवों का किया दौरा



बारियातू(आजाद सिपाही)। विधायक प्रकाश राम ने शनिवार को गोनिया पंचायत के ग्राम नावाडीह, चुम्बा, गढ़गोमा, बीरबीर, छाताबर और बारा का भ्रमण कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान अधिकतर गांवों से सड़क, शिक्षा और पेयजल की गंभीर समस्याएं सामने आईं। विशेष रूप से चुम्बा मध्य विद्यालय में शिक्षकों की भारी कमी को ग्रामीणों ने प्रमुख मुद्दे के रूप में उठाया। इस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए विधायक राम ने मौके पर ही जिला शिक्षा पदाधिकारी को फोन कर दो दिनों के अंदर दो शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त अन्य कई समस्याओं को भी विधायक ने ऑन द स्पॉट संबंधित अधिकारियों को अवगत कराकर त्वरित समाधान कराया। वहीं, कुछ लंबित समस्याओं के समाधान के लिए उन्होंने ग्रामीणों से आगामी सोमवार, 19 मई 2025 को प्रखंड सह अंचल सभागार, बारियातू में आयोजित जनता दरबार में लिखित आवेदन के साथ उपस्थित होने को कहा।

# पीटीआर के जंगलों में ग्रास प्लांट के नाम पर सरकारी खजाने की हो रही है लूट : रामनाथ सिंह

बरवाडीह(आजाद सिपाही)। लातेहार जिला के पीटीआर क्षेत्र में वन विभाग के वरिय अधिकारियो के द्वारा वृक्षारोपण करने की बजाय ग्रास प्लांट के नाम पर सैकड़ो हरे भरे पेड़ काटी जा रही है, जिस कारण आसपास मे रहने वाले लोगो मे वन विभाग अधिकारियो के प्रति काफी आक्रोश देखा जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार पूर्व भी बेतला पार्क समेत कम्पार्टमेन्ट एक स्थित पलामू किला बीट के सैकड़ों वृक्ष ग्रास प्लोट के नाम पर काट दिए गए इस वर्ष भी कम्पार्टमेन्ट एक के असुरबांध क्षेत्र में ग्रास प्लोट के लिए करीब तीन सौ हेक्टेयर वन-भूमि की हरियाली समाप्त की जा रही है। इस बारे में वन कर्मी कहते है कि डिप्टी डायरेक्टर पीके जेना के आदेश से ग्रास प्लॉट लगाने के लिए तीन सौ हेक्टेयर भूमि की साफ-सफाई की जा रही है। वही इधर वृक्षा की कटाई का विरोध मेदिनी आजाद संघ पलामू के अध्यक्ष रामनाथ सिंह ने की है। उन्होंने कहा कि यह कैसी विचित्र विडंबना है कि आज जंगल के रक्षक ही खुद उसके भक्षक बन बैठे हैं। उन्होंने ग्रास प्लॉट के नाम पर विभाग में चल रहे सरकारी खजाने को लूटना बंद कर करने की मांग हेमंत सरकार से की है।

# उच्च रक्तचाप दिवस पर रक्तचाप को लेकर चला जागरूकता अभियान




बरवाडीह(आजाद सिपाही )। बरवाडीह प्रखंड के सभी स्वास्थ्य केंद्र में शनिवार को विश्व उच्च रक्तचाप दिवस और बुजुर्ग स्वास्थ्य दिवस मनाया गया। इस अवसर पर प्रखंड के प्रभारी चिकित्सा प्रभारी डॉ जयंत लकड़ा के निर्देश पर सभी स्वास्थ्य केंद्रों में लोगों को उच्च रक्तचाप को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अलावा सभी पंचायत स्थित आरोग्य आयुष्मान मंदिर में स्वास्थ्य कर्मी द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसी क्रम में आरोग्य आयुष्मान मंदिर छेचा स्वास्थ्य केंद्र के पोषित गांव और आंगनबाड़ी केंद्रों में एमपीडब्ल्यू दिलकेश्वर राम के नेतृत्व में सभी गांव मे विश्व बुजुर्ग दिवस और विश्व उच्च रक्तचाप दिवस के कार्यक्रम का आयोजन कर लोगो को उच्च रक्तचाप को लेकर जागरूक किया गया। पंचायत की सेविका सहायिका सहिया द्वारा गांव के लाभार्थियों के साथ जागरूकता जुलूस निकाली गयी, जिसमें लोगों से अपनी रक्तचाप का नियमित जांच करते हुई इसे नियंत्रित रखें और लंबी उम्र पाये। उच्च रक्तचाप से बचाव के लिए नियमित व्यायाम करे,फल सब्जियों का सेवन करे,अपने वजन पर नियंत्रण रखें, बीमारी से बचाव के लिए नमक का सेवन कम करे,तंबाकू और शराब का सेवन न करे आदि से लोगो को रक्तचाप नियंत्रण करने के उपाय बताते हुई जागरूक किया गया।

# उत्साह के साथ मनाया गया सरहुल



बरवाडीह(आजाद सिपाही )। बरवाडीह प्रखंड क्षेत्र के खुरा पंचायत अंतर्गत बभनडीह गांव में प्रकृति का महापर्व सरहुल पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ बड़े ही श्रद्धा और धूमधाम से मनाया गया। इस पावन अवसर पर गांव के बैगा (परंपरागत पुजारी) नरेश सिंह द्वारा सुबह 9 बजे से 10 बजे तक विधिवत पूजा-अर्चना की गयी। सरहुल पर्व के दौरान गांव में एक अनोखी परंपरा निभाई जाती है। पूजा संपन्न होने से पहले गांव के किसी भी घर में चूल्हा नहीं जलाया जाता। पूजा संपन्न होने के बाद ही सभी घरों में चूल्हा जलता है, जिससे यह पर्व गांव की एकता और आस्था का प्रतीक बन जाता है। पूजा के पश्चात बैगा द्वारा अर्पित किए गए पुष्प और पवित्र जल को गांववासी अपने-अपने घर ले जाते हैं और उसे अपने घर में सम्मानपूर्वक स्थान देते हैं। यह परंपरा प्रकृति के प्रति सम्मान और कृतज्ञता की भावना को दशार्ती है।

# स्वास्थ्य प्रबंधन समिति में मनमानी नहीं चलेगी : उप प्रमुख

आजाद सिपाही संवाददाता



**चंदवा।** चंदवा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य प्रबंधन समिति को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उप प्रमुख अश्विनी मिश्रा ने आए हुए सभी लोगों की कई समस्याओं पर ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा कि अस्पताल प्रभारी को नियम संगत कार्य करने होंगे, तो प्रबंधन समिति ठीक से चलेगी अगर बैठक समय-समय पर होगी तो कई समस्याओं का निपटारा किया जायेगा । साथ ही श्री मिश्रा ने कहा कि चंदवा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर मनमानी पर उतारू है। डॉक्टर अपने मन से ही छुट्टी लगाकर अपने गंतव्य की ओर चल देते हैं जो सरासर अन्याय है। बताते चले कि 25/1/2025 को लातेहार उपायुक्त जिला के सभी स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टर को कहां है कि जो भी डॉक्टर छुट्टी पर जाते हैं तो हमसे आदेश लेकर छुट्टी पर जाए, परंतु डॉक्टर उपायुक्त के आदेश को अवहेलना करते है। आगे से हम जनप्रतिनिधि उपायुक्त लातेहार को लिखित आवेदन देकर कानूनी कार्रवाई करने के लिए प्रतिबद्ध रहेंगे। वहीं श्री मिश्रा ने उदाहरण देते हुए कहा कि कुछ दिन पहले उपायुक्त लातेहार रात्रि में 2:00 बजे सदर अस्पताल जांच में गये तो वहां की स्थिति देख उन्होंने भी आश्चर्यचकित हो गये। यही हाल चंदवा के अस्पताल में भी देखने और सुनने को मिल रहा है। डॉक्टर रात्रि में अपने कक्ष में ड्यूटी के दौरान नहीं रहते हैं। ड्यूटी करने वाले डॉक्टर अपने निजी रूम में जाकर रात्रि विश्राम करते हैं। मरीज रात्रि में आते है। तो कोई उपस्थित नहीं रहते है। अस्पताल की लचर व्यवस्था पर भी कई बिंदुओं पर श्री मिश्रा के द्वारा चर्चा की गयी। उन्होंने भी कहा कि ऐसी हालत रहेगी तो जनता के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज करने से कतराएगी। वही व्यवस्था पर चर्चा करते हुए अस्पताल में पंखा एंबुलेंस की मर्मति और पर्चा छापने की भी चर्चा की गयी, उसमें सहमति बनी है। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी चंदन कुमार, सांसद प्रतिनिधि महेंद्र प्रसाद साहू, विधायक प्रतिनिधि विजय कुमार दुबे, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉक्टर नीलिमा कुमारी समेत अस्पताल के कर्मी मौजूद थे।

# लोहरदगा जिला स्थापना दिवस पर भाजपा ने जरूरतमंदों को खून दिलाकर बचायी जान

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** जिला के 42वें स्थापना दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी की नगर इकाई ने सेवा भाव की अनूठी मिसाल पेश की। भाजपा नगर अध्यक्ष सचिन कुमार साहू के सक्रिय प्रयासों से एक जरूरतमंद मरीज के लिए तत्काल एक यूनिट ब्लड की व्यवस्था की गयी, जिससे समय पर उपचार संभव हो सका और मरीज की जान बचाई जा सकी। इस अवसर पर बृजेश शर्मा ने 32वीं बार रक्तदान करते हुए समाज सेवा में अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा, ₹रक्तदान सबसे बड़ा दान है। यह न केवल किसी की जान बचाता है, बल्कि रक्तदाता के स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी है। भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ता गुंजन अग्रवाल ने भी रक्तदान के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा, ₹नियमित रक्तदान से शरीर में नया रक्त बनता है, जिससे स्वास्थ्य बेहतर होता है और आयरन का संतुलन बना रहता है। इससे हृदय व लिवर संबंधी रोगों की आशंका भी कम होती है। उन्होंने युवाओं से रक्तदान के प्रति जागरूक होने और इस पुण्य कार्य में आगे आने की अपील की। यह पहल भाजपा कार्यकताओं की जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता को दशार्ती है और लोहरदगा जिला स्थापना दिवस पर समाज के प्रति एक सकारात्मक संदेश देती है।

# जिला के विकास के लिए आपसी सद्भावना जरूरी : डॉ वाघमारे

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** लोहरदगा जिला का 42वां स्थापना दिवस समारोह शनिवार को समाहरणालय मैदान में मनाया गया। इस मौके पर जिला प्रशासन के विभिन्न विभागों द्वारा मेला में स्टॉल लगाया गया जिसे विकास मेला का नाम दिया गया। विकास मेला का उद्घाटन उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक समेत अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने कहा कि लोहरदगा जिला का गठन वर्ष 1983 में किया गया जिसके बाद यह जिला लगातार विकास की राह पर बढ़ता रहा। जब मैंने उपायुक्त के रूप में इस जिला का कार्यभार संभाला तो आपसी सद्भाव के लिए बहुत बड़ी चुनौती थी। सभी जन के प्रयास से जिला में अमन चैन स्थापित किया जा सका। असल में आपसी समन्वय, सद्भावना और सहभागिता ही किसी जिला के विकास की नींव होती है। इसके बिना कोई भी विकास की राह पर आगे नहीं बढ़ सकता। सभी छात्र-छात्राएं यह बात गांठ बांध लें कि अशांति के साथ प्रगति नहीं हो सकती। इसके लिए हम सभी को एक दूसरे का सम्मान करते हुए आपस में मिल-जुल कर रहना होगा। जो विरासत हमें दी गयी है उसे आगे ले जाना है। जिला प्रशासन की टीम हमेशा युवाओं के उत्थान के लिए कार्य कर रही है। उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा संचालित होमी जे भाभा कोचिंग संस्थान में वर्तमान में इंजीनियरिंग और मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी करनेवाले अभ्यर्थियों की संख्या बढ़ी है। वैसे छात्र-छात्राएं जो इन प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी के लिए कोचिंग संस्थान का खर्च नहीं उठा सकते थे उनको जिला प्रशासन के द्वारा तैयारी के लिए यह पहल की गयी थी। उस समय छात्र-छात्राओं के बीच जाकर उन्हें तैयारी के लिए प्रोत्साहित किया जाता था, लेकिन आज स्थिति बदल गयी है। आज छात्र-छात्राएं स्वयं कोचिंग संस्थान आ रहे हैं और अपना रजिस्ट्रेशन करा रहे हैं। छात्र-छात्राएं भी यहां तैयारी कर अपना नामांकन एम्स और आईआईटी जैसे संस्थानों करने की इच्छा रखते हैं। अभी हाल ही में जब आईआईटी/जेईई मेंस के रिजल्ट आये तो जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय नदिया हिंदू प्लस टू के दो छात्रों निशान कुमार और शिशुपाल उरांव ने अच्छे अंक लाकर यह बता दिया कि यहां के भी स्टुडेंट्स कठिन परीक्षाओं में बेहतर कर सकते हैं। जिला प्रशासन को पूर्ण भरोसा है कि इन दोनों का नामांकन किसी अच्छे इंजीनियरिंग कॉलेज में अवश्य होगा। जो शुरूआत अब लोहरदगा जिला में हुई है उसे अगले बार हम इसकी संख्या दोगुना और चौगुना करना चाहेंगे। कार्यक्रम में वन प्रमंडल पदाधिकारी अभिषेक कुमार, जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी, उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, विधायक प्रतिनिधि नीशीथ जायसवाल, जिला परिषद उपाध्यक्ष विनोद उरांव, जिला परिषद सदस्य किस्को संदीप कुमार, जिला परिषद सदस्य सेन्हा राधा तिर्की, जिला परिषद सदस्य कैरो सुखदेव उरांव समेत जिला स्तरीय व प्रखण्ड स्तरीय पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

# बेमौसम बारिश होने से केरा झरिया पुल के पास मिट्टी में चलना मुश्किल



सेन्हा(आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के सीमा वर्ती क्षेत्र लोहरदगा गुमला मुख्य पथ पर केरा झरिया पुल के समीप संवेदक द्वारा पथ निर्माण कराया जा रहा है। पथ निर्माण कार्य मे संवेदक द्वारा रास्ता में नगडा मिट्टी डाल दिया गया है, जिसे शनिवार को करीब 4 बजे अच्चानक बारिश होने से मिट्टी गिल्ला हो गयी, जिस पर पैदल राहगीरों,मोटर साइकिल सवार चार पहिया वाहन तथा भारी वाहनों की लंबी कतार लग गयी। कुछ वाहन आवश्यकता अनुसार इधर से उधर जाने का चालक द्वारा प्रयास करने पर वाहन चक्का को मिट्टी पकड़ लिया, जिससे कुछ मोटर साइकिल सवार गिर गये। वही आवागमन में इस तरह की घटना को देख कर अन्य वाहन चालक और राहगीर को दूसरे रास्ता का सहारा लेना पड़ा। वही छोटी वाहन कंडरा से लरंगो के रास्ते गमहरिया होकर गुजरी तो बड़ी वाहनों का कतार लग हुआ है, जिससे सड़क पर जाम की स्थिति बनी हुई है। सूचना मिलने पर सेन्हा थाना प्रभारी वारिश हुसैन के निर्देश पर गस्ती दल पहुंच कर यातायात को बहाल करने में लगी हुई है। पुअनि मनीष कुमार महतो ने कहा कि बेमौसम बारिश होने के कारण मिट्टी गिल्ली हो गयी है, जिससे दो पहिया और छोटी बड़ी तथा भारी वाहनों के पहिया मिट्टी में धंस रहा है।

# आंधी तूफान में किसान के घर का उड़ा एस्बेस्टस



सेन्हा(आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र में अच्चानक बूंदा बूंदी होने के साथ तेज हवा चलने से गरीब किसानों के घर का एस्बेस्टर उड़ गया, जिससे लोगों को रहने के लिये काफी परेशानी हो रही है। बूंदा बूंदी के साथ तेज हवा चलने से प्रखंड क्षेत्र के अलौदी पंचायत अन्तर्गत चंदवा गढ़गांव में किसानों का घर का एस्बेस्ट उड़ गया। वही चंदवा निवासी चन्द्र उरांव का पुत्र प्रसाद उरांव, राजनाथ खेरवार की पत्नी लसनिया देवी,स्व.देवनाथ खेरवार कस पुत्र मुखलाल खेरवार और चरवा उरांव का पुत्र बीरा उरांव ने बताया कि बूंदा बूंदी के साथ तेज हवा चलने से घर का एस्बेस्ट उड़ गया, जिससे परिवार के साथ रहने में और घर का समान तथा मवेशियों को रखने में काफी असुविधा हो रही है। लोगों ने सरकार से मुवावजा के लिए गुहार लगायी है। वही अंचलाधिकारी मोदस्सर नजर मंसूरी से इस संदर्भ में जायजा लेने पर बताया कि कोई भी पीड़ित व्यक्ति आवेदन नही दिया है। यदि आंधी तूफान से किसानों के घर का नुकसान हुआ होगा तो सरकारी प्रावधान के अनुरूप मुवावजा दिया जायेगा।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकार पहुंचा भारत स्काउट और गाइड के बच्चों के बीच




आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** लोहरदगा जिला विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा भारत स्काउट और गाइड के बच्चों के बीच पहुंचकर उन्हें कानूनी जानकारी दी। नालसा और झालसा के निदेर्शानुसार डालसा अध्यक्ष राजकमल मिश्रा के निर्देश पर जिला के विभिन्न विधालयों में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी के तर्ज पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव राजेश कुमार भारत स्काउट और गाइड के बच्चों के बीच पहुंचे। श्री कुमार ने स्काउट गाइड के बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि डालसा जनहित के लिए हमेशा तैयार रहती है। जनसमस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुलझाने का काम करती है। ऐसे कार्य जो डालसा के माध्यम से सुलझाएं जा सकता है हम सुलझाने की दिशा में कार्य करते हैं। डालसा स्कूलों के अलावा गांव घर में भी पहुंच कर अपने सकारात्मक कार्यों को अंजाम दे रहा है। कानून में बदलाव, कानूनी सहायता, समाजिक सहयोग जैसे कार्यों में डालसा हमेशा तत्पर रहती है। स्काउटिंग गाइडिंग भी समाज हित में बच्चों को तैयार करती है। ऐसे में इन बच्चों को डालसा के उद्देश्यों को जानना भी जरूरी है, ताकि जनहित में ये कार्य को बढ़ावा दे सकें। एवी डीएवी पब्लिक स्कूल में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान डालसा सचिव राजेश कुमार ने बच्चों के द्वारा बनायें गये रंगोली और टेंट का भी मुआयना किया। और बच्चों की कुशलता की सराहना की। इस मौके पर स्कूल के प्राचार्य जीपी झा ने डालसा सचिव राजेश कुमार का शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया।

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 18 मई, 2025
www.azadsipahi.in



# जमीन विवाद में महिला की हत्या

## तीन-चार अपराधियों ने मारी गोली, मौके पर ही हुई मौत

- रिश्तेदार पर संदेह, घटना के बाद से सभी फरार

आजाद सिपाही संवाददाता


मृतका विमला देवी की फाइल फोटो और मौके पर मौजूद लोग।

**छतरपुर/पलामू।** जिले के छतरपुर थाना क्षेत्र के बाघामाड़ा के बोहला टोला में शुक्रवार की रात 50 वर्षीय एक महिला की गोली मारकर हत्या कर दी गई। उसकी पहचान विमला देवी के रूप में हुई है। उधर, घटना की जानकारी मिलते ही छतरपुर थाना के एसआई राहुल कुमार और सुशील उरांव घटनास्थल पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर छतरपुर थाना ले आये। इंस्पेक्टर द्वारका राम ने बताया कि काफी नजदीक से गोली मारकर हत्या की गई है। घटनास्थल से खोखा भी बरामद किया गया है। साथ ही मामला दर्ज कर जांच में जुट गयी। जबकि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए मेदिनीनगर एमएमसीएच भेज दिया गया है। इस संबंध में मृतका के के पति हरि भुइयां ने बताया कि शुक्रवार की रात खाना खाने के बाद दोनों पति-पत्नी घर के बाहर चारपाई डालकर सो गये थे। रात करीब 11 बजे गोली चलने की आवाज सुनकर उसकी नींद खुली, तो देखा कि विमला देवी के सिर से खून बह रहा है और उनकी मौत हो चुकी है। आसपास देखने पर उन्हें नजर आया कि 2-3 लोग घटनास्थल से भाग रहे हैं. लेकिन अंधेरा होने के कारण अपराधियों को नहीं पहचान सके। वहीं, मृतका के पुत्र राकेश भुइयां ने बताया कि हम दो भाई परिवार के साथ एक रिश्तेदार के यहां शादी में गए थे। छोटा भाई घर के अंदर सोया हुआ था। राकेश ने आशंका व्यक्त करते हुए कहा कि रिश्तेदार के साथ उनका जमीनी विवाद चल रहा था। आशंका है कि इसी वजह से उसकी मां की हत्या की गयी है। उधर, छतरपुर एसडीपीओ अवध कुमार यादव ने बताया कि परिजनों के अनुसार यह जमीन के विवाद में हत्या हुई है। पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है। पता चला है कि महिला के रिश्तेदार के साथ जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। संभवतः इसी को लेकर महिला की गोली मारकर हत्या की गई है, क्योंकि जमीन विवाद में महिला मुखर थी और पूरे घर की जिम्मेवारी संभाल रही थी। दूसरी ओर, घटना के बाद से महिला के रिश्तेदार फरार है। पुलिस उनकी गिरफ्तारी के लिए छापामारी कर रही है। इस पुलिस को घटनास्थल से कारतूस का खोखा भी बरामद किया है।

# पॉलिटेक्निक प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा आज

## पलामू के नौ परीक्षा केंद्रों पर 4546 परीक्षार्थी होंगे शामिल

- सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में होगी परीक्षा
- परीक्षा केंद्र में इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों या गजेट्स ले जाने की मनाही
- परीक्षा को लेकर एसडीओ ने जारी की निषेधाज्ञा, नोडल पदाधिकारी की अध्यक्षता में हुई बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पॉलिटेक्निक प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन रविवार को होगा। पलामू जिले में नौ परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इन केन्द्रों पर 4,546 परीक्षार्थी परीक्षा देंगें। सुबह 10.30 बजे से एक बजे तक परीक्षा संचालित होगी। जिसकी निगरानी सीसीटीवी कैमरो से की जाएगी। वहीं परीक्षार्थियों की बायोमैट्रिक उपस्थित दर्ज की जाएगी। इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों या गजेट्स यथा मोबाईल, कैलकुलेटर, डिजिटल डायरी, पेजर, लॉग टेबल, स्मार्ट वॉच आदि का प्रयोग वर्जित रहेगा। कोई परीक्षार्थी इन इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों या गजेट्स का प्रयोग नहीं कर सकेगा। परीक्षा केंद्रों पर इसे ले जाने की भी मनाही है। उधर, परीक्षा को लेकर जिला प्रशासन सजग है। प्रशासनिक तैयारी पूरी कर ली गई है। परीक्षा केंद्रों पर शांति एवं विधि-व्यवस्था बनाये रखने के लिए प्रत्येक परीक्षा केन्द्रों के लिए स्ट्रैटिक दंडाधिकारी एवं उड़नदस्ता-सह-गश्ती दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है। डीसी शशि रंजन एवं पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने परीक्षा को लेकर संयुक्त आदेश जारी कर कदाचारमुक्त एवं शांतिपूर्ण परीक्षा संपन्न कराने का निर्देश दिया है। डीसी के निर्देश पर नोडल पदाधिकारी सह डीआरडीए निदेशक रतन कुमार की अध्यक्षता में शनिवार को समाहरणालय सभागार में सभी केन्द्राधीक्षक, स्टैटिक मजिस्ट्रेट, उड़नदस्ता सह गश्ती दण्डाधिकारी के साथ बैठक हुई। जिसमें परीक्षा को कदाचाररहित, कदाचारमुक्त, सफलता एवं सुगमतापूर्वक संचालन कराने का निर्देश दिया गया।

### परीक्षा को लेकर निषेधाज्ञा जारी

पॉलिटेक्निक प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा को लेकर परीक्षा केंद्रों पर निषेधाज्ञा जारी कर दिया गया है। सदर अनुमंडल पदाधिकारी सुलोचना मीणा ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत प्रदत शक्तियों का उपयोग करते हुए परीक्षा केन्द्रों के 100 मीटर की परिधि में परीक्षा की तिथि को परीक्षा के दौरान बीएनएसएस के अंतर्गत निषेधाज्ञा घोषित की है। इसके बाद से परीक्षा केन्द्रों के 100 मीटर की परिधि के अंदर कोई भी व्यक्ति घातक हथियार, लाठी (बूढ़ा एवं अपंग) को छोड़कर भाला, गड़ासा, छूरा, अग्नेयास्त्र लेकर नहीं चलेगा। वहीं दाह-संस्कार, धार्मिक एवं शादी-विवाह के जुलूस को छोड़कर पांच अथवा पांच से अधिक व्यक्ति एक साथ मजमा बनाकर नहीं चलेगा। कोई भी व्यक्ति का अनावश्यक प्रवेश वर्जित रहेगा या चिट-पुर्जा, प्रश्नपत्र वितरित नहीं करेगा। परीक्षा केन्द्र के 100 मीटर की परिधि के अंदर सभी फोटो स्टेट (फोटो कॉपी) के दुकान में परीक्षा संबंधी कोई भी अनुचित कार्य नहीं होंगे।

### इन परीक्षा केंद्रों पर होगी परीक्षा

पॉलिटेक्निक प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा के लिए पलामू में 9 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इन परीक्षा केंद्रों में राजकीय प्लस टू उच्च विद्यालय (जिला स्कूल), विमला पाण्डेय मेमोरियल ज्ञान निकेतन स्कूल, बैरिया, एमकेडीएवी पब्लिक स्कूल, चियांकी, आरके गिरिवर प्लस टू उच्च विद्यालय, ब्राइट लैण्ड स्कूल, बाईपास रोड, एलिट पब्लिक बी एड कॉलेज, चियांकी, बीसीसी मिशन बालिका उच्च विद्यालय, आबादगंज वाइएसएनएम कॉलेज एवं आरके ब्राह्मण प्लस टू उच्च विद्यालय शामिल हैं।

# वज्रपात की चपेट में आने से किशोर की मौत, तीन घायल



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के जमुआ पंचायत के माधे कचहरी गांव के पास शनिवार की दोपहर वज्रपात की चपेट में आकर एक किशोर की मौत हो गयी, जबकि अन्य तीन अन्य घायल हो गए। मृतक की पहचान ओमप्रकाश चंद्रवंशी (17) के रूप में हुई है। जहकि घायलों में रामाशीष पासवान, बादल कुमार और रविंद्र पासवान शामिल हैं। जानकारी के मुताबिक इस दिन दोपहर हुसैनाबाद क्षेत्र में तेज आंधी के साथ बारिश शुरू हो गयी। उससे बचने के लिए ओमप्रकाश और तीन अन्य लोग एक पेड़ के नीचे छिप गये। इस दौरान हुए वज्रपात की चपेट में आकर सभी झुलस गये। इसमें गंभीर रूप से झुलसे ओमप्रकाश चंद्रवंशी को परिजन आनन-फानन में हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल ले जये, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उधर, घटना की सूचना मिलते ही राजद के प्रदेश महासचिव रवि यादव अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचे और मृतक के परिजनों से मिलकर उन्हें ढांढस बंधाया। साथ ही हर संभव मदद का भरोसा दिलाया।

# कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात, जनहित के मुद्दों पर की चर्चा

## मुख्यमंत्री से राजनीति नहीं, जनहित की हुई बात : ऋषिकेश

आजाद सिपाही संवाददाता


मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात करते कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता ऋषिकेश सिंह।

**हुसैनाबाद।** झारखंड कांग्रेस के प्रवक्ता सह पलामू जिले के हुसैनाबाद निवासी ऋषिकेश सिंह ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शिष्टाचार मुलाकात की। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री से मुलाकात में राज्यहित से जुड़े कई अहम मुद्दों पर गंभीर चर्चा की गयी। कहा कि मुख्यमंत्री की अगुवाई में सरकार की ओर से चलाई जा रही मंइयां सम्मान योजना, अबुआ आवास योजना, कृषि ऋण माफी योजना, बिजली बिल माफी योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, फूलो झानों आशीर्वाद योजना, ग्राम गाड़ी योजना, युवाओं के लिए मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, गुरूजी स्टूडेंट क्रेडिट योजना, ग्रीन कार्ड योजना, सोना सोबरन धोती-साड़ी सहित जनहित से जुड़े जनकल्याणकारी योजनाओं से लाखों जरूरतमंदों को फायदा पहुंच रहा है। इसके लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया। साथ ही बालू नीति में पारदर्शिता, जेपीएससी और जेएसएससी परीक्षाओं में पारदर्शी एवं समयबद्ध प्रक्रिया सुनिश्चित करने जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। इस दौरान राज्य के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर जमीनी अनुभव साझा किए गए। ऋषिकेश सिंह ने विशेष रूप से युवाओं की पीड़ा और आकांक्षाओं को मुख्यमंत्री के समक्ष मजबूती से रखा। कहा कि योजनाएं तभी सार्थक होंगी जब वे समय पर, बिना भेदभाव के और पारदर्शी ढंग से जरूरतमंदों तक पहुंचे। वहीं, मुख्यमंत्री ने सभी विषयों को गंभीरता से सुना और भरोसा दिया कि राज्य सरकार जनभावनाओं का सम्मान करते हुए पूरी प्रतिबद्धता से आवश्यक कदम उठाएगी।

# फरार अभियुक्त के घर चिपकाया इश्तेहार



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर पुलिस ने शनिवार को हैदरनगर थाने में एक मामले में फरार चल रहे अभियुक्त वीरेन्द्र पासवान के घर शनिवार को इश्तेहार चिपका कर उसे न्यायलय में उपस्थित होने को कहा है। थाना प्रभारी सौरभ चौबे ने बताया कि नावाडीह निवासी शिवकुमार पासवान के बेटे वीरेंद्र पासवान काफी दिनों से फरार चल रहा है। वीरेंद्र के विरुद्ध कोर्ट से इश्तेहार निर्गत हुआ है। विश्रामपुर थाने के एसआई शिवनाथ रंजन एवं एएसआई बलराम दास ने नवाडीह के ग्रामीण व आरोपी के परिजनों की उपस्थिति में ढोल बजवा कर घर की दीवार पर इश्तेहार लगवाया।

# पलामू के सरकारी अस्पतालों के लिए खरीदी गयी दवाओं की जांच की गयी

- खरीदी गई दवाओं की जांच के लिए सिविलसर्जन ने जनवरी में ही औषधि निरीक्षक को लिखा था पत्र
- जांच रिपोर्ट आने तक स्टोर रूम में ही राखी गई है दवाएं

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** सरकारी अस्पताल के लिए खरीदी गई दवाओं की गुणवत्ता की जांच के लिए पलामू के सिविलसर्जन ने दो जनवरी को पलामू के औषधि निरीक्षक को पत्र लिखा था। सिविलसर्जन डॉ अनिल कुमार ने औषधि निरीक्षक पलामू को पत्र लिख कर कहा था कि 2024-25 में निविदा द्वारा खरीदी गई दवाओं की विवरणी साथ दी गई थी। डॉ अनिल कुमार ने बताया कि उन्होंने दवाओं की गुणवत्ता जांच का आदेश औषधि निरीक्षक को दिया। जिसके आलोक में दवाओं की जांच करायी गयी। कहा कि उन्होंने पूरी पारदर्शिता के साथ एल वन होने वाले फर्म से दवा की खरीद की। पर फर्म की ओर से उपलब्ध कराई गई दवाओं की जांच उन्होंने इस लिए कराना उचित समझा कि जो दवा आपूर्ति की गई है, वह मानक के मुताबिक है या नहीं। कहा कि औषधि निरीक्षक ने जांच करने में देरी की। उन्होंने खुद दवाओं की जांच का आदेश पत्र के साथ दवाओं की सूची भी दिया है। इसमें उन्होंने कहीं से कोई लापरवाही नहीं की है। सिविलसर्जन डॉ अनिल कुमार ने बताया कि अगर उनकी मनसा साफ नहीं होती तो वह औषधि निरीक्षक को दवाओं की सूची के साथ जांच का आदेश क्यों देते। कहा कि इस मामले में कुछ लोग उनके साथ षड्यंत्र कर रहे हैं। इसकी जांच होने पर स्पष्ट हो जाएगा कि इसमें कौन गलत और कौन सही है। डॉ अनिल कुमार ने कहा कि आपूर्ति कंपनी के खिलाफ कार्रवाई करेंगे।

### खरीदी गयी दवा मानक के अनुरूप नहीं

उधर, पलामू स्वास्थ्य विभाग की जांच में अब तक 21 दवा सबस्टैंडर्ड मिले है। विगत सोमवार को भी 18 दवा सब स्टैंडर्ड पाया गया था। पलामू ड्रग इंस्पेक्टर को मिले रिपोर्ट में अब इसकी सूची बढ़कर 21 तक पहुंच गई है। पलामू के ड्रग इंस्पेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग के स्टोर रूम एवं तरहसी सीएचसी से 62 अलग-अलग प्रकार की दवा का सैंपल लिया था। सभी दवा को जांच के लिए सेंट्रल लैब कोलकाता भेजा गया था। सेंट्रल लैब की तरफ से धीरे-धीरे रिपोर्ट उपलब्ध करवाई जा रही है। इस रिपोर्ट में अब तक 21 दवाओं को सब स्टैंडर्ड पाया गया है। सभी दवा मानक के अनुरूप नहीं हैं और मरीज को यह नुकसान पहुंचा सकते थे। यह जांच पलामू के सिविलसर्जन डा अनिल कुमार के पत्र के आलोक में कराई गई है। पलामू के औषधि निरीक्षक कैलाश मुंडा ने बताया कि कई दवाओं की रिपोर्ट आना बाकी है। उन्होंने बताया कि 46 दवाओं की रिपोर्ट जल्द आने की उम्मीद है। डॉ अनिल कुमार ने बताया कि गुजरात की एक कंपनी ने टेंडर के बाद दवा आपूर्ति का कार्य शुरू किया था। पलामू स्वास्थ्य विभाग ने आपूर्ति हुई दवाओं का सैंपल लिया था और जांच के लिए भेज दिया था। पलामू स्वास्थ्य विभाग ने पूरे मामले में कार्रवाई के लिए भी लिखा है। कंपनी से दवाओं को वापस लेने के लिए भी कहा है। पलामू स्वास्थ्य विभाग के सिविलसर्जन के अनुसार यह दवा मरीजों के बीच वितरण नहीं किया गया था, बल्कि जिला के स्टोर रूम और सीएचसी के स्टोर रूम में रखा गया था। क्योंकि जनवरी में जांच के लिए औषधि निरीक्षक को पत्र लिख कर दवाओं की जांच का आदेश दिया गया था। जांच रिपोर्ट सही आने के बाद ही दवाओं को वितरण किया जाता।

# पलामू पुलिस एवं टीएसपीएस नक्सलियों के बीच मुठभेड़

कई नक्सलियों को गोली लगने की सूचना, हथियार बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू पुलिस को नातू में टीएसपीएस नक्सलियों के खिलाफ कार्रवाई में बड़ी सफलता मिली है। पुलिस और प्रतिबंधित नक्सली संगठन तृतीय सम्मेलन कमेटी के बीच पलामू में भीषण मुठभेड़ हुई है। जिसके बाद पुलिस ने मौके से एके-47 के मैगजीन सहित कई सामग्री बरामद की है। इस मुठभेड़ में कई नक्सलियों को गोली लगने की भी आशंका है। पुलिस पूरे इलाके में सर्च अभियान चला रही है। जानकारी के मुताबिक पलामू पुलिस को सूचना मिली थी कि टीएसपीसी का 10 लाख रुपये का इनामी कमांडर शशिकांत के नेतृत्व में एक दस्ता किसी आपराधिक घटना को अंजाम देने की फिराक में है। इसी सूचना के आलोक में पलामू के एसपी अभियान राकेश कुमार सिंह के नेतृत्व में एक सर्च अभियान शुरू किया गया था। सर्च टीम मनातू के होटवार जंगल में पहुंची। तभी टीएसपीसी के नक्सलियों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी फायरिंग की है। समाचार लिखे जाने तक इलाके में पुलिस सर्च अभियान चला रही थी। इस बाबत पलामू एसपी रीष्मा रमेशन ने बताया कि टीएसपीसी के शशिकांत के दस्ते के साथ मुठभेड़ हुई है। इलाके में सर्च अभियान चलाया जा रहा है। मौके से कई नक्सली सामग्री और हथियार मिले हैं। सर्च अभियान में एएसपी अभियान राकेश कुमार सिंह नेतृत्व में चलाया जा रहा है।

# खैराचातार आंगनबाड़ी में 0 से 6 माह के बच्चों को लगाया गया टीका



**कसमार/बेरमो (आजाद सिपाही)।** कसमार प्रखंड के आंगनबाड़ी केंद्र के खैराचातर 2 में शनिवार को स्वास्थ्य विभाग की ओर से 0 से लेकर 6 माह के बच्चों को कार्यक्रम आयोजित कर टीका लगाया गया। साथ ही पोलियो और रोटा 1 की खुराक भी खिलाई गई। वहीं, गर्भवती महिला रेखा देवी, रितु भगत, रिंकू देवी को टीटी का इंजेक्शन लगाया गया। इस दौरान आंगनबाड़ी खैराचातर 2 में शनिवार को रेडी टू इट से सम्बंधित सामग्री का वितरण सेविका नीलम जायसवाल और सहायिका रेणु देवी ने गर्भवाती, धात्री और सात माह से तीन साल के बच्चों के बीच किया। इस मौके समाजसेवी सुनील कपरदार, अनुप जायसवाल, दीवाकर जायसवाल, अब्दुल शाहिद, आंगनबाड़ी सेविका नीलम जायसवाल और सहायिका रेणु देवी मौजूद थी।

# घर बंद कर विवाह समारोह में गये घरवाले चोरों ने ताला तोड़कर उड़ाये लाखों के गहने

## खोजी कुत्ते की मदद से चोरों तक पहुंचने की कवायद शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता



**विश्रामपुर/पलामू।** जिले के रेहला थाना क्षेत्र में चोरी की घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रहा है। लगातार हो रही चोरी की घटना से लोग काफी भयभीत हैं। अब तक किसी मामले का उद्भेदन नहीं होने से लोगों में पुलिस के खिलाफ आक्रोश भी बढ़ रहा है। नये थाना प्रभारी गुलशन बिरूआ के योगदान देने के 24 घंटे के अंदर चोरों ने फिर से चोरी की घटना को अंजाम देकर चुनौती पेश कर दी है। ताजा मामला रेहला थाना क्षेत्र अंतर्गत गोदारमा गांव के लरंगाहा टोला में हुई। शुक्रवार की रात बसंत विश्वकर्मा के घर से नगद एवं जेवरात सहित करीब आठ लाख रुपये की संपति चोरी हुई है। पता चला है कि घटना की रात घर में कोई नहीं था। सभी लोग गढ़वा जिले के मेराल में एक शादी समारोह में शामिल होने गये थे। शनिवार की सुबह पड़ोसियों से चोरी की खबर मिलने के बाद पूरा परिवार भागे-भागे घर वापस पहुंचा। वसंत विश्वकर्मा ने बताया कि अपने तीन भाइयों के साथ इस मकान में रहते हैं। शुक्रवार के दोपहर पूरा परिवार रिश्तेदार के यहां विवाह में शामिल होने गया था। घर में ताला लगा था। जिसे तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। बसंत विश्वकर्मा की मानें तो नकद और जेवरात सहित आठ लाख रुपये से भी अधिक की संपति का नुकसान हुआ है। उधर, घटना की सूचना मिलने पर रेहला पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन में जुट गयी। वहीं, खोजी कुत्ते को भी बुलाया गया है, ताकि मामले का उद्भेदन जल्द किया जा सके। हालांकि समाचार लिखे जाने तक पुलिस के हाथ कोई सुराग नहीं लगा है।

# बच्चों के सर्वांगीण विकास में अभिभावकों का है महत्वपूर्ण योगदान : कुशजी पांडेय

जपला सरस्वती विद्या मंदिर में अभिभावक गोष्ठी का आयोजन, शैक्षणिक प्रगति पर हुई चर्चा




**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** जपला सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में शनिवार को अभिभावक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा अरुण से पंचम तक के छात्र-छात्राओं के 84 अभिभावक शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रबंधकारणी समिति के सदस्य सतीश सिंह, आलोक कुमार, अभिभावक प्रतिनिधि राजेश सिंह, प्रधानाचार्य कुशजी पाण्डेय ने संयुक्त रूप से विद्या की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती एवं भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य ने कहा कि भैया-बहनों के विकास के लिए विद्यालय कटिबद्ध है। पर बिना अभिभावकों के सहयोग के यह कार्य सफल होना संभव नहीं है। अभिभावकों के पास समस्या है कि बच्चों की सारी जरूरत को कैसे पूरा करें? लेकिन उससे ज्यादा जरूरी है बच्चों को कैसे तैयार करें। ताकि वह कठिन चुनौती का सामना सफलतापूर्वक कर सके। इसके लिए आपका सहयोगी विद्यालय है। अभिभावक एवं विद्यालय के बीच के संपर्क पर जोर डालते हुए कहा कि समय-समय पर संपर्क कर एवं गृह कार्य की जानकारी अथवा अन्य विषयों पर भी दोनों के बीच सही सामंजस्य से ही भैया-बहनों में सकारात्मक विकास संभव है। वहीं, अभिभावकों ने भी अपने विचारों का आदान-प्रदान किया। सभी अभिभावकों के सुझाव एवं समस्या के निदान पर चर्चा हुई। अभिभावक प्रतिनिधि सह समिति सदस्य राजेश सिंह ने बताया कि शिशु मंदिर हमारे बच्चों में संस्कार भरता है। बच्चों के पूर्ण विकास के लिए आचार्यों के साथ ही अभिभावकों को भी कोशिश करनी होगी। इस मौके पर उषा कुमारी, सुषमा कुमारी, अनुराधा मेहता, चंदन कुमार, नीतीश मिश्रा, अनुप चतुर्वेदी, योगेंद्र महतो, मनोज सिंह, अभिषेक पाठक, छाया कुमारी, मृत्युंजय प्रसाद, राजेश्वर सिंह यादव, अरविंद यादव, दीपक पाण्डेय, रंजीत मिश्र, संजय सिन्हा, राजकुमार सिंह और सुनील गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

## बिरहोर समुदाय के 21 परिवारों को पहली बार जाति प्रमाण पत्र



पालकोट (आजाद सिपाही)। पालकोट प्रखंड अंतर्गत जलडेगा गांव में विशेष रूप से पीजीटीजी समूह के रूप में चिह्नित बिरहोर समुदाय के 21 परिवारों को पहली बार जाति प्रमाण पत्र उपलब्ध कराया गया है। जाति प्रमाण नहीं रहने के कारण लंबे समय से बिरहोर समुदाय के इन परिवारों को सरकारी योजनाओं और संवैधानिक अधिकारों से वंचित रहना पड़ रहा था। क्योंकि उनके पास आवश्यक जाति प्रमाण पत्र नहीं था। यह कार्य उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के निर्देश उपरांत किया गया। यह स्थिति लगभग 40 वर्षों से बनी हुई थी, जिससे शिक्षा, रोजगार, आरक्षण और कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उन्हें नहीं मिल पा रहा था। इस अनुशंसा को कार्मिक, प्रशासनिक सुधार एवं राजभाषा विभाग को प्रेषित किया गया, जिसके आधार पर उन्हें जाति प्रमाण पत्र निर्गत किए गये।

## बाजारटांड़ और बस स्टैंड में उत्पाद विभाग की छापेमारी, 40 लीटर अवैध शराब जब्त



गुमला (आजाद सिपाही)। पुलिस और उत्पाद विभाग की संयुक्त कार्रवाई में बाजारटांड़ और बस स्टैंड इलाके में अवैध शराब बिक्री के खिलाफ अभियान चलाया गया। छापेमारी के दौरान बाजारटांड़ से शीला देनी नाम की महिला को 8 लीटर अवैध महुआ चुलाई शराब के साथ पकड़ा गया। कुल 40 लीटर अवैध महुआ चुलाई शराब जब्त की गयी। 30 लीटर हड़िया मौके पर ही नष्ट कर दी गई। यह कार्रवाई उत्पाद अधीक्षक क्षितिज मिंज व मुख्यालय डीएसपी वीरेंद्र टोप्पो के निर्देश पर की गयी। अभियान में गुमला थाना से पुलिस अवर निरीक्षक हिमांशु शेखर सिंह और उत्पाद विभाग से अवर निरीक्षक प्रदीप कुमार करमाली शामिल रहे। इनके साथ पुलिस बल, उत्पाद बल और सशस्त्र गृहरक्षक बल भी मौजूद थे।

## एकदिवसीय जागरूकता सेमिनार का आयोजन



चैनपुर (आजाद सिपाही)। चैनपुर प्रखंड क्षेत्र के संत पौल सभागार टोंगो में एराउज संस्था गुमला के द्वारा जैविक खेती को लेकर एकदिवसीय जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया। इस सेमिनार में संत पीटर उच्च विद्यालय और उर्सलाइन बालिका उच्च विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। सेमिनार में विशेषज्ञों ने जैविक खेती के महत्व और लाभों के बारे में जानकारी दी। सेमिनार में मुख्य रूप से रोशन, अजित, अवित, अतुल, खेडयूस, रेमेजीयूस, अनिमा, ममता, और सी जया सहित दोनों विद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। सेमिनार में छात्रों ने जैविक खेती के महत्व और लाभों के बारे में जानकारी प्राप्त की और अपने भविष्य को बेहतर बनाने के लिए प्रेरित हुए।

## नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन



गुमला (आजाद सिपाही)। 32वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, सिलम द्वारा नागरिक कल्याण कार्यक्रम के तहत नि:शुल्क मानव चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर किस्को प्रखंड के नक्सल प्रभावित गांव देवदारिया और खरिया में लगाया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व कमांडेंट राजेश सिंह ने किया। शिविर में देवदारिया पंचायत के 118 मरीजों की जांच की गयी। इनमें 56 पुरुष, 49 महिलाएं और 13 बच्चे शामिल थे। सभी की जांच सहायक कमांडेंट और चिकित्सा अधिकारी डॉ. हिमांशु गिरी ने की। कार्यक्रम के अंत में ग्रामीणों ने 32वीं वाहिनी का आभार जताया।

# सड़क हादसे में पारा शिक्षक की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

पालकोट। सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल पारा शिक्षक योगेंद्र प्रधान की इलाज के दौरान मौत हो गयी। पालकोट थाना के समीप शुक्रवार शाम 7 बजे के करीब उनकी बाइक और पिकअप के बीच हुई सीधी भिड़ंत हो गई थी। जिसमें पारा शिक्षक योगेंद्र प्रधान गंभीर रूप से घायल हो गये थे। हादसे के बाद गुमला सदर अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था। जानकारी के मुताबिक पारा शिक्षक योगेंद्र प्रधान और गांव का ही साथी युवक रमेश गोप शुक्रवार शाम निजी कार्य से



मृतक पारा शिक्षक का फाइल फोटो।

पालकोट आये थे। इसी दौरान शाम 7 बजे के करीब पालकोट थाना के समीप ओड़िशा की ओर से आ रही एक तेज रफ़्तार पिकअप से टक्कर हो गयी, जिसमें बाइक सवार दोनो युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। पालकोट सीएचसी में प्राथमिक उपचार के पश्चात दोनों घायल युवकों को बेहतर इलाज के लिए गुमला सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान योगेंद्र प्रधान की मृत्यु हो गयी। घटना के बाद पालकोट पुलिस ने वाहन तथा वाहन चालक को अपनी हिरासत में ले लिया है। इधर शनिवार को मृत पारा शिक्षक योगेंद्र प्रधान की अंत्येष्टि गांव के मुक्ति धाम में हुई, जिसमें पालकोट प्रखंड के सभी पारा शिक्षकों ने शिरकत की।

## शशि संगीता ने गुमला में भार और माप पदाधिकारी के रूप में कार्यभार संभाला



गुमला (आजाद सिपाही)। गुमला जिले में नवपदस्थापित भार और माप पदाधिकारी के रूप में शशि संगीता बारा ने अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया है। शशि संगीता एक अनुभवी और दक्ष प्रशासनिक अधिकारी हैं। भार एवं माप विभाग उपभोक्ताओं के अधिकारों की रक्षा तथा व्यवसाय में मानक और पारदर्शिता बनाए रखने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने नवनियुक्त अधिकारी को शुभकामनाएं देते हुए आशा व्यक्त की है कि शशि संगीता जिले में माप-तौल की मानक व्यवस्था सुनिश्चित करने, व्यापारिक अनुशासन बनाये रखने तथा आम नागरिकों के हितों की रक्षा हेतु सक्रिय भूमिका निभायेंगी।

### उपायुक्त की अध्यक्षता में प्रोस्पर कार्यक्रम की प्रगति और समन्वय को लेकर बैठक आयोजित

# विकास में व्यक्तिगत भागीदारी सुनिश्चित करें पदाधिकारी : डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में शनिवार को समाहरणालय सभागार में प्रोस्पर कार्यक्रम की प्रगति, क्रियान्वयन और समन्वय को लेकर विशेष समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिले में चल रहे कार्यक्रम की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गयी। प्रोस्पर कार्यक्रम के अंतर्गत गुमला जिले के 100 चयनित गांवों में प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन तथा आर्थिक सशक्तिकरण के उद्देश्य से योजनाएं चलाई जा रही हैं। इस कार्य में कम्युनिटी सिविल सोसाइटी संगठनों जैसे - प्रदान, अजीम प्रेमजी फाउंडेशन, विकास



भारती, एफआईए एवं डबल्यूओटआर की सक्रिय भागीदारी है। बैठक में बताया गया कि चैनपुर, सिसई एवं भरनो प्रखंड को छोड़कर शेष प्रखंडों की 35 ग्राम पंचायतों के लिए डेढ़ वर्ष की अवधि के लिए एमओयू किया गया है। इन पंचायतों में मिट्टी एवं जल संरक्षण के लिए 'चोटी से घाटी' मॉडल पर आधारित योजना तैयार की जा रही है। इसमें जीआईएस आधारित योजना निर्माण, सीएसओ द्वारा क्षमता वर्द्धन प्रशिक्षण एवं मौजूद योजनाओं का प्रभावी समन्वय सुनिश्चित किया जा रहा है। उपायुक्त ने बैठक में उपस्थित सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने प्रखंड में चयनित दो गांवों को गोद लेते हुए वहां के विकास में व्यक्तिगत भागीदारी सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि इन गांवों में कृषि विकास, जल संरक्षण, आधारभूत संरचना एवं योजना समन्वय के माध्यम से स्थायी आजीविका का निर्माण किया जायेगा।

इसके अतिरिक्त सभी प्रखंडों में कुल 10 गांवों का चयन कर वहां प्राथमिक सुविधाओं में सुधार एवं आर्थिक स्थिति सुदृढ़ करने हेतु कार्य योजनाएं बनाई जायेंगी। उपायुक्त ने यह भी स्पष्ट किया कि कार्यक्रम का उद्देश्य केवल योजनाओं का संचालन नहीं, बल्कि ग्रामीणों के जीवन में दीर्घकालिक सकारात्मक परिवर्तन लाना है।

## लापता युवक के परिजनों ने थाना में दिया आवेदन



लापता युवक का फाइल फोटो।

कामडारा (आजाद सिपाही)। कामडारा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत गांव रामतोलया बालीटोली का युवक कोनो तोपनो उम्र 19 वर्ष खूंटी से हुआ लापता। परिजनों ने कामडारा थाना में आवेदन देकर ढुंढ निकालने की गुहार लगायी है। परिजनों ने बताया कि गत 27 मार्च 2025 को कोनो तोपनो अपने बड़े भाई सुनील तोपनो के साथ आधार कार्ड सुधार कराने के लिए खूंटी गया हुआ था। वहीं दुसरे दिन 28 मार्च को सुबह के वक्त कोनो तोपनो घर से बाहर निकला और आज तक घर वापस नहीं लौटा है। परिजनों के मुताबिक लापता युवक कोनो तोपनो का मानसिक संतुलन अक्सर खराब होते रहता है। घर से बाहर निकलने के वक्त वह काला रंग पैंट और लाल रंग गंजी पहना हुआ था। इधर शनिवार को लापता युवक के परिजन (भाभी बहामनी तोपनो और भाई सुनील तोपनो) कामडारा थाना में एक आवेदन सौंपकर ढुंढ निकालने की गुहार लगाया है। वहीं किसी सज्जन को लापता युवक दिख जाये तो फोन नं 8252650809 मे संपर्क करने का अपील किया गया है।

## साप्ताहिक इ-जनशिकायत कार्यक्रम का आयोजन



चैनपुर (आजाद सिपाही)। चैनपुर में शनिवार को उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में साप्ताहिक ई-जनशिकायत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में चैनपुर के नागरिकों ने ऑनलाइन माध्यम से जुड़कर अपनी समस्याओं को बताया। कार्यक्रम प्रखंड विकास पदाधिकारी यादव बैठा के कक्ष में चैनपुर प्रखंड से लगभग 9 आवेदकों ने अपनी समस्याओं का विवरण दिया।उपायुक्त ने कहा कि प्रशासन आम जनता की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने स्थानीय रूप से जिन समस्याओं का समाधान किया जा सकता है उसका त्वरित निष्पादन करने का निर्देश दिया। शिकायत दर्ज करने वाले लाभुकों ने उपायुक्त के इस पहल की सराहना की। लाभुकों में मुख्य रूप से बोनिफास कुजूर, शांतियुस टोप्पो, पंकज कुमार, सहित कई अन्य उपस्थित थे।

## युवक ने घर में फांसी लगाकर की आत्महत्या

चैनपुर (आजाद सिपाही)। चैनपुर थाना क्षेत्र के डीपा बुकमा गांव में एक युवक ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान बिपिन रोशन कुजूर (40 वर्ष) पिता लेवनार्ड कुजूर के रूप में हुई है। पुलिस परिजनों से पूछताछ कर रही है और मामले की जानकारी जुटाने में जुटी हुई है।

## फरार अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा जेल

पालकोट (आजाद सिपाही)। पालकोट पुलिस में वर्ष 23 के एनडीपीएस एक्ट के फरार अभियुक्त नीलकंठ नायक ग्राम रासि पतरा सबडेगा जिला सुंदरगढ़ उड़ीसा को शुक्रवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जानकारी देते सब इंस्पेक्टर गौतम वर्मा ने बतलाया कि पालकोट पुलिस ने वर्ष 23 में अवैध गांजा के तस्करी के मामले में 22 किलोग्राम गांजा के साथ तीन तस्करों खुस्तर अंसारी मोइन अंसारी और आफताब अंसारी को आनंदपुर थाना बगडू जिला लोहरदगा को गिरफ्तार किया था।













































## चतरोचट्टी में लगा मेगा स्वास्थ्य शिविर

**ललपनिया/चतरोचट्टी (आजाद सिपाही)।** बोकारो डीसी विजया जाधव के निर्देश पर शनिवार को गोमिया प्रखंड के चतरोचट्टी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में मेगा स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। इस दौरान चिकित्सक, स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे। शिविर में डॉक्टर पूर्णेंदु गोस्वामी एवं उनके अन्य सहयोगियों द्वारा विभिन्न बीमारियों से ग्रसित 404 ग्रामीण महिला-पुरुषों की जांच कर मुफ्त दवाइ दी गयी। साथ ही लोगों को बेहतर रहन सहन, खानपान और भीषण गर्मी से बचने की सलाह दी गयी। मौके पर एएनएम ज्योति कुमारी, अंजली कुमारी, वीणता सुरीन, सिद्धार्थ कुमार शर्मा एलटी, नरेंद्र प्रजापति एसटीएलएस, राखी कुमारी पीएचएम, सोमनाथ भारती एनसीडी काउंसिलर, गौतम कुमार, अनिल टैगोर आदि थे।

### धनबाद में शोषित मजदूरों के समर्थन में खड़े हुए अमर बाउरी

# सूदखोरों की जगह जेल : अमर बाउरी

**कहा- पूरे जिले के सूदखोरों की सूची तैयार कर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू होगी**

आजाद सिपाही संवाददाता



महाजनी प्रथा के खिलाफ आयोजित बैठक में शामिल अमर बाउरी एवं अन्य।

**धनबाद।** सूदखोरों की प्रताड़ना से हमारे लोग आत्महत्या कर रहे हैं। मजदूरों के परिश्रम का पूरा रुपया सूदखोर हड़प जाते हैं। इसमें बीसीसीएल, बैंक के अधिकारी की मिलीभगत होती है। उक्त बातें भाजपा नेता अमर बाउरी ने कहा कही। वे गुरुवार को उत्सव भवन में महजनी प्रथा के खिलाफ आयोजित बैठक में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि सूदखोर पूरा रुपया हड़प लेते हैं और पुलिस प्रशासन कुछ नहीं करती है। सूदखोरों के जाल में फंसकर मजदूर आत्महत्या तक कर लेते हैं। लेकिन पुलिस मुकदर्शक बन देखती रह जाती है। किसी को सजा तक नहीं मिलती है। जिससे ऐसे असामाजिक तत्वों का मनोबल बढ़ता जा रहा है। ऐसे लोगों के खिलाफ बड़ी लड़ाई लड़ी जाएगी। इसे कोयलांचल मजदूर शोषण मुक्ति आंदोलन का नाम दिया गया है। इसे लेकर बीसीसीएल के 12 एरिया के प्रभारी मनोनयन किया गया। जो सूदखोरों की सूची तैयार करेंगे। जिसे पुलिस प्रशासन के अला अधिकारियों से लेकर आयोग को सौंपी जाएगी। सूदखोरों के चंगुल में फंसे लोगों को मदद की जाएगी। इस दौरान केंद्रीय समिति का गठन किया गया। इसमें केंदीय संयोजक अमर कुमार बाउरी को बनाया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता बलदेव महतो और संचालन मीडिया प्रभारी बप्पी बाउरी ने किया। इस मौके पर बलदेव महतो, शेखर सिंह, केपी गुप्ता, योगेंद्र यादव, उचित महतो, गौर चंद बाउरी, डबलू बाउरी, ध्रुव हरि, अजय निषाद, ललन पासवान, प्रकाश बाउरी, परेश चंद्र दास, अश्विनी खेत्रपाल, अजय कुमार दास, विनय रजवार, श्रीमंत बाउरी, फूल जोशी, उरी, मनोज मिश्रा, संजय सिंह, रुदल पासवान, बलराम हरि, गणेश बाउरी, रूपेश पासवान उपस्थित थे।

## यशोदा देवी ने की मंत्री योगेंद्र प्रसाद से मुलाकात पेयजल समस्या को लेकर कराया ध्यान आकृष्ट

**डुमरी/ बेरमो (आजाद सिपाही)।** आजसू की डुमरी विधानसभा प्रभारी सह केंद्रीय महासचिव यशोदा देवी शनिवार को रांची स्थित प्रोजेक्ट भवन में जाकर राज्य के पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के मंत्री योगेंद्र प्रसाद से मुलाकात की और उन्हें क्षेत्र की पेयजल समस्याओं से अवगत कराया। आजसू नेत्री ने मंत्री से जामतारा पंचायत के करिहारी स्थित डुमरी ग्रामीण जलापूर्ति योजना को पुनः नए प्रारूप से निर्माण कराने एवं गर्मी को देखते हुए डुमरी क्षेत्र में पेयजल की समुचित व्यवस्था कराने की मांग की। साथ ही इसरी नदी में



एक चेकडैम बनाने की भी मांग की। उन्होंने बताया कि मंत्री ने आश्वासन दिया है कि वे डुमरी आकर पेयजल आपूर्ति समस्या का निरीक्षण करेंगे। इसके अलावा आजसू नेत्री ने अन्य समस्याओं से भी मंत्री जी को अवगत कराया। इसमें सभी पंचायतों में डीप बोरिंग और चापकल लगाने, बंद पड़े हर घर जल योजना के तहत सभी बंद पड़े टंकी को पुनः संचालित करने, डुमरी विधानसभा के सभी ग्रामीण जल आपूर्ति योजना को सुचारू रूप से चलाने, अधूरे बने ग्रामीण जलापूर्ति योजना को पूरा करना शामिल है।


**जिला पशुपालन कार्यालय, कोडरमा**
द्वितीय तल्ला, लेफ्ट विंग, कोडरमा समाहरणालय भवन, कोडरमा – 825410
Email - ahdkoderma@gmail.com

**– : आम सूचना :–**
**(निःशुल्क टीकाकरण)**

केन्द्रीय योजना पशु स्वास्थ्य एवं रोग नियंत्रण कार्यक्रम (LH&DCP) अन्तर्गत गौवंशीय पशुओं एवं भैंस में होने वाले FMD (खुरहा एवं मुहपका रोग) एवं LSD (Lumpy Skin Disease) बीमारी के रोक – थाम हेतु दिनांक 19.05.2025 से 18.07.2025 तक निःशुल्क FMD (खुरहा एवं मुहपका रोग) एवं LSD (Lumpy Skin Disease) टीकाकरण कार्यक्रम 2025–26 चलाया जाएगा। जिसमें कोडरमा जिला अन्तर्गत सभी गाय एवं भैंस में उक्त टीकाकरण करना आवश्यक है।

आप सभी पशुपालक भाईयों से अनुरोध है कि अपने आधार एवं मोबाईल नंबर से अपने पशुओं को पंजीकरण कराते हुए टैगिंग एवं टीकाकरण करवाना सुनिश्चित करेंगे। इस कार्य हेतु विभाग द्वारा प्रत्येक गाँव/पंचायत के लिए टीकाकर्मी घर – घर जाकर पशुपालकों से संपर्क कर निःशुल्क टीकाकरण करेंगें।

अतः सभी पशुपालक भाई – बहनों एवं जनप्रतिनिधियों (प्रमुख, मुखिया वार्ड सदस्य) का सहयोग आपेक्षित है।

PR 352748 (Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department) 25-26 (D)

निवेदक
जिला पशुपालन पदाधिकारी, कोडरमा


## रिटायरमेंट के बाद भी सेवा में जुटे फौजी रोमी सिंह, उनसे प्रशिक्षण पाकर सफल हो रहे बच्चे

आजाद सिपाही संवाददाता



**चिरकुंडा।** निरसा विधानसभा क्षेत्र के एग्यारकुंड प्रखंड अंतर्गत डुमरकुंडा दक्षिण पंचायत क्षेत्र में रियाटरमेंट के बाद भी देवनारायण उर्फ रोमी सिंह नामक सेना के जवान अपनी जिम्मेदारियों का बखूबी निर्वाहन कर रहे हैं। चांच कोलियरी बाबू डंगाल फुटबॉल ग्राउंड में प्रतिवर्ष कड़ा परिश्रम कर बच्चों को उन सभी तरह का प्रशिक्षण दें रहे है जो सेना में जाने के लिए एक युवा को चाहिए। 30 जून 2021 को सेवानिवृत हुए सेना के जवान रोमी सिंह अपने क्षेत्र के बच्चों को प्रशिक्षण देकर फौलादी बना रहें हैं। उसने प्रशिक्षणप्राप्त अब तक कुल नौ छात्र-छात्राएं देश के अलग-अलग विभागों मे अपनी सेवा दे रहे हैं। इनमें अग्निवीर में एक, नर्सिंग में एक, बीएसएफ में तीन, केंद्रीय सुरक्षा बल में एक, चौकीदार में एक और हाल ही में बिहार पुलिस में दो बच्चों को नौकरी मिली है। इस बाबत रोमी सिंह से जानने की कोशिश की गयी इक इस प्रशिक्षण का क्या उद्देश्य हैं, तो उन्होंने बताया कि आज देश में सेना की अति आवश्यकता हैं। पिछले दिनों ऑपरेशन सिंदूर में जिस तरह हमारे जवानों ने पड़ोसी देश पाकिस्तान को धूल चटाया। मुझे अपने फौजी भाईयो पर गर्व हैं। हमारा थोड़ा सा प्रयास अगर देश सेवा में काम आये तो यह हमारे लिए गर्व की बात होगी। जिस भी बच्चे के प्रशिक्षण में थोड़ी भी कमी हैं वैसे बच्चों को प्रशिक्षित करता हूं। वर्तमान में हमारे पास 40 से 50 बच्चे प्रतिदिन प्रशिक्षण ले रहे हैं। उन्हें सफलता भी मिल रही है। देश सेवा के दौरान मैने हरियाणा और पंजाब सहित हर प्रांत में घूमा हूं। मैं भी चाहता हूं कि जिस तरह दूसरे राज्यों में हर घर में फौजी होते है उसी प्रकार हमारे क्षेत्रों से भी हर घर से एक फौजी हो और देश की सेवा करे। वहीं, स्थानीय निवासी एकराम अंसारी ने रोमी सिंह की प्रशंसा करते हुए कहा कि हमारे क्षेत्र से सेना में जाने की संख्या धीरे-धीरे कम हो रही थी, लेकिन रोमी सिंह के प्रशिक्षण के कारण आज क्षेत्र से प्रति वर्ष 4 से 5 बच्चे देश के विभिन्न संस्थाओं में अपना योगदान दे रहे हैं। दूसरी ओर, रोमी सिंह के कड़ी प्रशिक्षण को देखते हुऐ सेवानिवृत जूनियर कमिश्नर ऑफिसर मनोज कुमार सिन्हा ने कहा कि बच्चों के लिए यह सुनहरा अवसर हैं। बच्चे लग्न से परिश्रम करें, सफलता कदम चूमेगी। आज नहीं तो कल सफलता जरूर मिलेगी। वहीं, बिहार पुलिस ने सफल हुए अभ्यर्थी सुजाता ने कहा कि अगर मन में इच्छा हो तो नामुमकिन कुछ भी नहीं हैं। महज छह महीने की कठिन परिश्रम से मैने यह सफलता प्राप्त की हैं जिसमें रोमी सर और हमारे अभिवावकों का भरपूर सहयोग मिला। बतातें चलें कि प्रशिक्षण में 8 से लेकर 25 साल तक के बच्चे-बच्चियां खूब परिश्रम कर रहे हैं। 8 साल की बच्ची तन्वी यादव भी कंधे से कंधे मिलाकर प्रतिदिन ग्राउंड में खूब मेहनत कर रही हैं। उसने बताया कि मैं पिछले दो वर्षों से ग्राउंड में सुबह आ जाती हूं। मुझे बड़ा होकर सेना में जाना और देश की सेवा करना है।

## लुटेरा गिरोह का पर्दाफाश, बिहार के कटिहार से एक गिरफ्तार



**झरिया/जोड़ापोखर (आजाद सिपाही)।** सिंदरी, जोरापोखर, सुदामडीह आदि थाना क्षेत्रों में पिछले दो महीने में लोगों से की गई छिनतई की घटनाओं में पुलिस की विशेष टीम ने बिहार के कटिहार में छापामारी कर एक शातिर अपराधी को गिरफ्तार किया है। उसके पास से लूट के पैस और हथियार भी बरामद किया गया है। शनिवार को जोरापोखर थाना में संवाददाता सम्मेलन कर एसडीपीओ आशुतोष कुमार सत्यम ने बताया कि अनुमंडल क्षेत्र के उक्त थाना क्षेत्रों में घटित लूट की सभी घटनाओं में बिहार के कटिहार जिला के नया टोला रोतारा के संगठित कोढ़ा गिरोह के सदस्य शामिल थे, जो धनबाद में आकर बैंकों में रेकी कर पैसा निकासी कर झोला या पर्स में रखकर ले जाने के क्रम में झपट्टा मारकर लूट लिया करते थे। पिछले महीने डिगवाडीह बैंक से पैसा निकासी कर उत्तम सुपकार अपनी बेटी के साथ जब सुदामडीह अपने घर जा रहे थे तब बाइक से आये दो अपराधियों ने सुपकार की पुत्री से 50 हजार रुपये से भरा झोला छीनकर फरार हो गया था। इसी तरह की घटनाओं में लगातार हो रही वृद्धि पर एसएसपी ने गंभीरता दिखाते हुए जोरापोखर थाना प्रभारी राजेश प्रकाश सिन्हा एवं सिंदरी थानेदार संजय कुमार के नेतृत्व में छापामारी दल का गठन कर घटना की उद्भेदन का निर्देश दिया था। जिसने घटना की जांच के क्रम में बिहार पुलिस की मदद से कटिहार में छापामारी कर कोढ़ा गिरोह के अपराधी राहुल कुमार यादव को एक कट्टा और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। उसकी निशानदेही पर सुदामडीह की घटना में हुई लूट की घटना में 2500, झरिया थाना में तीन लाख और जोरापोखर में 40 हजार (कुल तीन लाख 42 हजार 500 रुपए) नकदी सहित हरा रंग का टीशर्ट, कारतूस सहित अन्य सामान बरामद किया है। पकड़े गये बदमाश राहुल ने अपना अपराध स्वीकार कर दिया है। उसने पुलिस को बताया कि सिंदरी अनुमंडल क्षेत्र में जितनी भी लूट की घटनाएं हुई है उसमें उसके अलावे कोढ़ा गिरोह के दीपक यादव, शिबलू यादव, सिंटू यादव एवं पीकू ग्वाला (सभी कटिहार) शामिल थे। उसने यह भी कहा कि उनका लक्ष्य वो व्यक्ति होते थे जो बैंक से पैसा निकासी कर बैग, झोला एवं पर्स में रखकर ले जाते थे।


**कार्यालय, जिला पशुपालन पदाधिकारी, लोहरदगा**
वीरबुद्धू भवन, समाहरणालय परिसर, लोहरदगा
E-mail Id-lohardagadaho@gmail.com

**आम सूचना**
**-: FMD टीकाकरण अभियान Round-V Phase I एवं LSD:-**

भारत सरकार के केन्द्र प्रायोजित योजना (LHDCP) योजनान्तर्गत जिला में FMD Vaccination कार्यक्रम Round-V Phase I (FMD बीमारी मुँह पका खुर पका) तथा LSD Vaccination 2025–26 (गांठदार त्वचा रोग) का रोकथाम एवं उन्मूलन हेतु दिनांक 19.05.2025 से 18.07.2025 तक निःशुल्क टीकाकरण अभियान चलाया जाना है। इस अभियान अन्तर्गत टीकाकर्मी पशुपालकों के घर घर जाकर सुयोग्य गौ एवं भैंस जाति के पशुओं में टीकाकरण करेंगे। LSD Vaccine का टीका सिर्फ गौजाति में किया जाएगा।

खुरहा–मुँह पका (FMD) रोगमुख्यता गोवंशीय एवं भैंस जाति के पशुओं में होने वाली एक गंभीर संक्रामक विषाणु जनित रोग है। इस रोग से आक्रांत पशुओं में तेज बुखार के साथ भूख न लगना, सुस्ती, मुँह से अत्याधिक लार का श्राव, मसूडे एवं जीभ में छाले पडजाना, खुर में घाव होना, थन एवं बाट में फफोले, दुग्ध उत्पादन में अत्याधिक कर्मी, गाभिन गायों/भैंसों में गर्भपात आदि बीमारी से बचाव हेतु पशुओं में टीकाकरण किया जाना है।

टीकाकरण से पूर्व सभी गौ एवं भैंस जातियों के पशुओं को 12 अंकों के UID टैग से टैगिंग करते हुए Bharat Pashudhan App में निबंधन किया जाना अत्यावश्यक है साथ ही टीकाकरण का कार्य निर्धारित समय–सीमा के अन्दर ही किया जाना है।

अतः सभी पशुपालकों से आग्रह है कि वेक्सीनेटरों द्वारा किये जा रहे टीकाकरण कार्यक्रम में पशुस्वामी द्वारा अपना आधार नं0 एवं मोबाईल नं0 उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा ताकि टीकाकरण से पूर्वपशुओं को UID टैग सेटैगिंग एवं Bharat Pashudhan App में निबंधन किया जा सके तथा इसकार्य में विभाग को सहयोग प्रदान करें।

उक्तकार्य के लिए विभागीय कर्मी, पशुधन सहायक/प्रावैधिक सहायक/पारा भेट/कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्ता/मैत्री/पशुमित्र एवं अन्य इच्छुक युवक–युवक्तियों को प्रशिक्षण देकर कार्य में लगाया जाएगा। जिसके लिए भारतस रकार द्वारा मानदेय निर्धारित की गई है।

समी स्तर के माननीय जन प्रतिनिधियों से सादर अनुरोध है कि इस कार्यक्रम को अपने अपने क्षेत्र में वृहत प्रचार प्रसार कर पशुपालकों को प्रेरित करें।

नोट :– अधिक जानकारी के लिए अपने प्रखण्ड के पशु चिकित्सा पदाधिकारियों से सम्पर्क करें।

–: निवेदक :–
जिला पशुपालनप दाधिकारी
लोहरदगा

PR 352825 Lohardaga (25-26)_D


## आंधी-तूफान एवं बर्फबारी से लोगों का जीवन हुआ अस्त व्यस्त

**भंडारीदह/बेरमो (आजाद सिपाही)।** तेज आंधी-तूफान एवं बर्फबारी में शनिवार को अलारगो, चीरूडीह, फुलवारी, तारमी एवं भंडारीदह में भारी नुकसान हुआ है। वहीं, अचानक आंधी-बारिश से लोगों का जीवन अस्त व्यस्त हो गया। बड़े आकार के बर्फब़ारी से अलारगो के दो दर्जन से अधिक घरों के एस्बेसट्स सीट टूट गये। जबकि तेज हवाओं ने कई घरों के छप्पर उड़ा ले गये। खेतो में लगी गरमा फसल को भी भारी क्षति हुई है।

## अनुपमा सिंह बनी चास नगर की कांग्रेस प्रभारी



**झरिया/धनबाद (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय कांग्रेस के महासचिव केसी वेणुगोपाल के निर्देश पर 20 से 30 मई के बीच झारखंड के निगम क्षेत्र के लिए कांग्रेस नेत्री अनुपमा सिंह को चास नगर निगम क्षेत्र का 'जय हिंद' सभा कार्यक्रम का प्रभारी बनाया गया है। इसके तहत सभाओं में कांग्रेस जनों के साथ सेना के पूर्व सैनिक, सेवानिवृत्त कर्मचारी एङ्क '१ भागिदारी सुनिश्चित कर सशस्त्र सेनाओं द्वारा दिखाए गए सर्वोच्च शौर्य बलिदान और देशभक्ति के प्रति सामूहिक सम्मान प्रदर्शित करना है। उधर, अनुपमा सिंह को प्रभारी बनाए जाने पर एके झा, ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह, संतोष सिंह, एसके शाही, रामगोपाल भुवानिया, रामप्रीत यादव, नवनीत नीरज, बंमभोली सिंह सतपाल सिंह ब्रोका, मनोजसिंह, जयप्रकाश चौहान, अन्नू पासवान और अक्षेयवर प्रसाद आदि ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

## 57 छात्राओं ने कराया कैंपस प्लेसमेंट में पंजीकरण

**कथारा/बेरमो (आजाद सिपाही)।** केबी कॉलेज जारंगडीह में शनिवार को बेरमो के प्लेसमेंट सेल एवं कैरियर काउंसलिंग सेल की ओर से आयोजित कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में कला, वाणिज्य एवं विज्ञान संकाय के 57 छात्राओं ने प्रतिष्ठित कंपनी के लिए पंजीकरण कराया है। कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में नीट एनआईआईटी फाउंडेशन के स्टेट कोऑर्डिनेटर मृत्युंजय कुमार, कोऑर्डिनेटर करण दुबे उपस्थित रहे। उन्होंने जॉब प्रोफाइल, कंपनी विवरणी, जॉब के प्रकार आदि की अद्यतन जानकारी दी। जॉब के लिए छात्राओं को प्रशिक्षण दिया गया। इसमें कैसे बायोडेटा बनाने, ऑनलाइन अप्लाई करना सिखाया गया। ग्रेजुएट एग्जीक्यूटिव जैसे पदों पर चयन कर महीने का 20 से 25 हजार रुपये प्रतिमाह के जॉब से स्टार्टिंग सैलरी देगी। कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर कॉलेज के प्राचार्य लक्ष्मी नारायण, प्रो इंचार्ज गोपाल प्रजापति, प्लेसमेंट सेल कोऑर्डिनेटर डॉ अरुण कुमार रॉय महतो, डॉ प्रभाकर कुमार ने चयनित छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं, प्राचार्य लक्ष्मी नारायण ने बताया अगर स्पष्ट लक्ष्य, समर्पित, निरंतर अभ्यास एवं आत्मविश्वास हो तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है।

# धनबाद कोयलांचल में लोगों को कंगाल बना रही 'कुबेर' लॉटरी

### पवन झुनझुनवाला, कुलदीप गुप्ता, समीर और निक्की एंड कंपनी का डर्टी गेम

**- लॉटरी माफिया स्थानीय स्तर पर खुद की मशीन से ही करवाते हैं टिकट की छपाई**

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** बिहार और बंगाल का 'कुबेर' नामक लॉटरी इन दिनों धनबाद कोयलांचल सहित झारखंडियों को कंगाल बना रहा है। प्रदेश के कई जिलों में नगालैंड, सिक्किम और पश्चिम बंगाल जैसे हू-बहू नकली लॉटरियों के टिकट खुलेआम बेचे जा रहे हैं। इस अवैध धंधे का गढ़ इन दिनों धनबाद का झरिया बना हुआ है। जिसका संचालन पवन झुनझुनवाला, कुलदीप, समीर और निक्की एंड कंपनी करवा रहे हैं। इनकी लॉटरी धनबाद जिले के चौक-चौराहे पर खुलेआम बिक रहे हैं। बतातें चलें कि झारखंड में लॉटरी टिकट बेचना पूरी तरह प्रतिबंधित है। बावजूद इसके बिहार के डेहरी ऑनसोन का रहने वाला पवन झुनझुनवाला, निरसा का कुलदीप और जे प्रकाश जैसे लॉटरी किंग को प्रशासन का कोई भय नहीं है। ये लोग डंके की चोट पर लोग धनबाद, झरिया, सिंदरी, बलियापुर और निरसा जैसे इलाकों में अवैध लॉटरी का साम्राज्य बेखौफ चला रहे हैं। बताया जा रहा कि झुनझुनवाला का रांची से धनबाद तक सेटिंग है।

### धंधेबाजों के साथ सांठगांठ कर काम कर रहे लोग



झरिया में बल्लू, तीसरा में अनील, बलियापुर में राजेश निषाद, जोरापोखर में गणेश, डिगवाडीह में रंजन और मुना, चासनाला में बुलेट और बरारी में छोटू जैसे लोगों द्वारा लॉटरी टिकट आसानी से खरीदा और बिकवाया जा रहा है। ये लोग अवैध लॉटरी की आपूर्ति में बच्चों का इस्तेमाल करते हैं, ताकि आसानी से पुलिस की नजर में न आ सकें। पुलिस के हत्थे चढ़े बिना अपने काम को वे बखूबी अंजाम दे रहे हैं। धंधे पर पूरी तरह से अंकुश लगाने में पुलिस इसलिए भी विफल हो जाती है, क्योंकि इसके सरगना शातिर तरीके से काम करते हैं। यहां प्रतिदिन लाखों रुपये की लॉटरी टिकट बेची जाती है। अधिकांश गरीब लोग ही अमीर बनने के चक्कर में आसानी से धंधेबाजों के जाल में फंस कर अपनी गाढ़ी कमाई लुटवा रहे हैं। इस गोरखधंधे के जरिए कई धंधेबाज आज करोड़पति बन चुके हैं। जबकि लॉटरी खरीदने वाले खासकर रिक्शा चालक, फुटपाथी दुकानदार आदि कंगाल होते जा रहे हैं।

इसलिए उसके खिलाफ पुलिस कोई कार्रवाई नहीं करती है।

### फर्जी लॉटरी टिकट का होता है कारोबार

पहले लॉटरी टिकट नागालैंड, सिक्किम आदि जगहों से लाकर बेचे जाते थे। पर अब लॉटरी टिकट की छपाई भी माफिया खुद स्थानीय स्तर पर मशीन से करवाते हैं। जो पूरी तरह से नकली होते हैं। इस कारोबार में उन्हें पहले की तुलना में लाखों रुपये की सीधी बचत हो जाती है। वे लोग रिजल्ट का मिलान उसी ऑनलाइन नागालैंड वाले टिकट से ही करते हैं। इसके अलावे अब चॉइस नंबर का खेल भी फोन के जरिये खूब खेला जा रहा है। इस बाबत पूछे जाने पर झारखंड भाजपा के अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी का कहना है कि प्रतिबंध के बावजूद अगर लॉटरी की खुलेआम बिक्री हो रही है, तो उसके लिए खुद राज्य सरकार जिम्मेदार हैं।


e-Procurement Cell
**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**SPECIAL WORKS DIVISION**
**BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT, RANCHI.**

**VERY VERY SHORT TERM NOTICE INVITATION QUOTATION**
**Quotation Reference No:EE/BCD/Special Work Division BCD, Ranchi/NIQ-05/2025-26**
**( Rate Purpose Only)**

E- quotations are invited for the work of **Construction of Proposed Jharkhand Guest House at Puri Odisha for the year of 2025-2026** for supply fitting and fixing for all materials from Reputed Shop Keepers, Manufacturers, Suppliers, tree plant Suppliers, Retailers, Distributors, Registered B.C.D. Contractors and other for following items. They should quote their rates for unit mentioned in the table. If they do not deals all of the below mentioned items. Then they are allowed to quote their rate for part of the items which ever they deals. The rates should be exclusive of all types of Taxes, GST, Contractor's Profit and overhead charges etc. but inclusive of Royalty. All Rates should be exclusive of Labour Cess.

Term and Condition

1. The quotationer shall furnish pan, GST registration no.
2. The rate quoted by quotationer shall be firm and final.
3. The undersigned reserves the right to accept or reject/cancel any or all quotations without assigning any reason thereof.

नोटः–

1. वेबसाईट में ई–कोटेशन प्रकाशन की तिथि 26.05.2025 के अपराह्न 3:00 बजे।
2. वेबसाईट में ई–कोटेशन अपलोड की अंतिम तिथि 02.06.2025 के अपराह्न 3:00 बजे तक।
3. ई–कोटेशन खोलन की तिथि एवं समय 03.06.2025 अपराह्न 3:30 बजे।
4. ई–कोटेशन आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता कार्यपालक अभियंता, विशेश कार्य प्रमण्डल, भवन निर्माण विभाग, राँची।
5. ई–कोटेशन प्रकोश्ठा का दूरभाष सं0–7903899611

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

**Nodal Officer**
e-Procurement Cell, Office of the Executive Engineer
Special Works Division, BCD, Ranchi

PR 352780 Building (25-26)_D



**झारखंड सरकार**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, गुमला**

**ई– निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा संख्या:- 02/2025-26/RWD/W/EE/GUMLA दिनांकः–15.05.2025

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गुमला द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | | कार्य समाप्ति की अवधि। | टेंण्डर कॉल सं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अंक में (लाख) | अक्षर में | | |
| 1 | RWD/GUMLA/UNT/09/2025-26 | Construction of RCC Culvert (3.0mx2.0m) at Village- Helta, Panchayat-Helta, Block-Bishunpur, District-Gumla. | 10.903 | दस लाख नब्बे हजार तीन सौ रूपय मात्र। | 03 माह | प्रथम |
| 2 | RWD/GUMLA/UNT/10/2025-26 | Construction of RCC Culvert (5.0mx2.0m) at Village- Helta, Panchayat-Helta, Block-Bishunpur, District-Gumla. | 21.223 | एक्कीस लाख बाईस हजार तीन सौ रू0 मात्र। | 03 माह | प्रथम |

2 वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथिः– 19.05.2025
3 ई– निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समयः–28.05.2025 अपराहन 05.00 बजे तक।
4 निविदा खोलने की तिथि एवं समयः– 30.05.2025 अपराहन 03.30 बजे।
5 निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गुमला, विकास भवन, गुमला के बगल में, पिन–835207
6 ई–निविदा प्रकोश्ठ का दूरभाश सं0–06524–465040 ।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

ह0/–
कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमण्डल, गुमला

PR 352767 (Rural Work Department)25-26*D

# मधुपुर में बरौनी-हल्दिया पाइप लाइन से क्रूड ऑयल चोरी का खुलासा, दो गिरफ्तार

- पाइप लाइन को क्षतिग्रस्त कर टैंकर से हो रही थी चोरी

आजाद सिपाही संवाददाता



**देवघर।** मधुपुर पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। एक सप्ताह पूर्व मधुपुर थाना क्षेत्र के बदिया गांव के पास बरौनी-हल्दिया पाइप लाइन को क्षतिग्रस्त कर टैंकर द्वारा भारी मात्रा में क्रुड ऑयल चोरी मामले में पुलिस ने बीती रात छापेमारी कर सारवां थाना क्षेत्र के तेलियाडीह निवासी निताय हाजरा व देवघर थाना क्षेत्र के रिखिया निवासी मनोज यादव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस ने आरोपी के पास एक बाइक, 17 हजार नगद तथा तेल चोरी करने के कई औजार भी बरामद किये है। पुलिस ने बताया कि टैंकर को भी बरामद कर लिया गया है। फिलहाल टैंकर कोडरमा थाना में सुरक्षित रखा गया है। पुलिस घटना में संलिप्त अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी है।

**क्रूड ऑयल चोरी में संगठित गिरोह है सक्रिय :** इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड (आइओसीएल) की पारादीप-हल्दिया-बरौनी भूमिगत क्रूड ऑयल पाइपलाइन को एक बार फिर संगठित गिरोहों ने निशाना बनाना शुरू कर दिया है। देवघर और जामताड़ा जिलों में बीते एक साल के भीतर चार बार पाइपलाइन को क्षतिग्रस्त कर हजारों लीटर तेल की चोरी की जा चुकी है। इन मामलों की गंभीरता को देखते हुए पुलिस मुख्यालय से निर्देश मिलने के बाद देवघर व जामताड़ा जिला पुलिस की विशेष टीमें गठित की गयी है आइओसीएल की यह पाइपलाइन पारादीप (ओड़िशा) से शुरू होकर कई गांवों से गुजरती है और अत्यधिक ज्वलनशील क्रूड ऑयल ले जाती है। इस तरह की अवैध छेड़छाड़ से न केवल बड़ा विस्फोट हो सकता है. बल्कि जन-धन की भारी क्षति और पर्यावरणीय आपदा भी हो सकती है। इसके बावजूद अपराधियों द्वारा इस तरह की घटनाओं को अंजाम दिया जाना चिंताजनक है।

## आंधी-बारिश से देवघर में कई पेड़ गिरे छत गिरने से महिला जख्मी

**देवघर (आजाद सिपाही)।** देवनगरी में शनिवार दोपहर के बाद मौसम ने करवट ली। आंधी बारिश के कारण जहां एक ओर जहां लोगों को गर्मी से राहत मिली। वहीं ग्रामीण इलाके में घर, पेड़ गिर गये। इसमें एक महिला घायल हो गयी। शहर के बंपास टाउन में सड़क किनारे एक पेड़ तेज हवा की चपेट में आकर गिर गया। गिरते समय पेड़ ने एक बिजली के पोल को भी नुकसान पहुंचा, जिससे इलाके में विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई। प्रशासन ने सुरक्षा के मद्देनजर बिजली आपूर्ति को अस्थाई रूप से काट दिया है। इसके अलावा जिले के कई हिस्सों से ठनका गिरने की भी सूचना मिली है। हालांकि अब तक किसी के हताहत होने की पुष्टि नहीं हुई है। करनीबाग इलाके के आजाद नगर में एक घर की एसेबेस्ट्स की सीट गिरने से पड़ोस के घर की एक महिला जख्मी हो गई। जख्मी महिला क्रांति कुमारी को इलाज के लिए परिजनों ने सदस्यता में भर्ती कराया है उसके सिर में गहरी चोट आई है। आंधी बारिश में एक सप्ताह पहले सारठ के पथरड्डा में भी भारी तबाही हुई थी।

## देवघर में चरमरायी बिजली व्यवस्था, हर घंटे लोड शेडिंग, इंटक ने दी आंदोलन की चेतावनी

**देवघर (आजाद सिपाही)।** झारखंड प्रदेश इंटक के प्रदेश सचिव अजय कुमार ने देवघर में चरमरायी विद्युत व्यवस्था में अविलंब सुधार लाने की मांग झारखंड राज्य विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के महाप्रबंधक प्रतोष कुमार से की है। श्री कुमार ने कहा कि देवघर में चरमराई विद्युत व्यवस्था के चलते विद्युत उपभोक्ताओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। खासकर व्यवसायिक वर्गो के लोगों को तो और भी ज्यादा, इतना ही नहीं बिजली की लचर व्यवस्था के चलते छात्रों एवं आम लोगों को भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अगर व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो आंदोलन करेंगे। उन्होंने कहा कि चरमराई विद्युत व्यवस्था के कारण शहर से लेकर गांव तक के लोग बिजली के बिना अंधेरे में रहने के लिए मजबूर हैं। बिजली कटौती के कारण कई तरह की लोगों को झेलना पड़ रहा है। बिजली दर बढ़ाने में राज्य विद्युत नियामक आयोग एवं राज्य सरकार की तेजी देखते ही बनती है, विद्युत व्यवस्था को दुरुस्त करने की बात आती है, तो दोनों सुस्त हो जाते हैं।

# स्वास्थ्य विभाग को 500 बेड के अस्पताल निर्माण के लिए नहीं मिल रही 20 एकड़ जमीन

- वर्तमान में 100 बेड के सदर अस्पताल में मरीजों का अत्यधिक दवाब
- जमीन उपलब्ध कराने के लिए सिविल सर्जन कई बार चुके हैं पत्राचार

विजय सिन्हा/मनीष दुबे

**देवघर।** 12 लाख की आबादी वाले देवघर जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं का घोर अभाव है। देश के सबसे बड़े स्वास्थ्य संस्थान एम्स के खुल जाने के बाद भी यहां के मरीज अपना बेहतर इलाज करवाने के लिए कोलकाता, पटना, वेल्लोर का रुख करते हैं। एम्स में अब तक इमरजेंसी सेवा की शुरुआत नहीं हो पायी है। वर्तमान में यहां सिर्फ ओपीडी सेवा चल रही है। वहीं देवघर सदर अस्पताल में मात्र 100 बेड है, जो जिले की आबादी के अनुपात में नाकाफी है। अलबत्ता स्वास्थ्य विभाग ने 500 बेड के नये अस्पताल निर्माण का प्रस्ताव बनाकर मुख्यालय को भेजा है। साथ ही अस्पताल के लिए 20 एकड़ जमीन उपलब्ध कराने के लिए डीसी को भी पत्राचार किया है, लेकिन दो साल बाद भी जिला प्रशासन की ओर से 500 बेड के अस्पताल निर्माण को लेकर जमीन उपलब्ध नहीं करायी है। जमीन को लेकर डीसी से किये गये पत्राचार में सिविल सर्जन ने जिक्र किया है कि वर्तमान परिवेश में सदर अस्पताल देवघर में बढ़ते रोगियों की संख्या को देखते हुए अस्पताल में नये भवन की आवश्यकता महसूस हो रही है। परंतु वर्तमान सदर अस्पताल परिसर में भवन निर्माण हेतु स्थल उपलब्ध नहीं है एवं आवागमन पथ काफी संकीर्ण रहने के कारण अस्पताल के वर्तमान भवन में बढ़ोत्तरी नहीं की जा सकती है। साथ ही उसमें चारों तरफ निजी मकान, भूमि है, जिसके कारण उक्त स्थल भविष्य के लिए अनुकूल नहीं है। देवघर जिला पर्यटन स्थल रहने के कारण भी काफी संख्या में बाहर से लोगों का आगमन होता रहता है। सरकार द्वारा 300 शैया अस्पताल को मेडिकल कॉलेज के रूप में परिवर्तित किये जाने की योजना है। उपरोक्त परिदृश्य को देखते हुए एवं देवघर सदर अस्पताल को 500 शय्या वाले अस्पताल एवं भवन की आवश्यकता महसूस हो रही है। इसके निर्माण के लिए आइपीएचएस मानक के अनुसार 20 एकड़ भूमि की आवश्यकता है एवं उक्त भूमि का एप्रोच पथ चौड़ी हो ताकि भविष्य में सुरक्षा एवं मरीजों को लेकर आने वाली एंबुलेंस/वाहन को परेशानी न हो। मरीज और जनहित को देखते हुए निर्माणधीन समाहरणालय एवं व्यवहार न्यायालय के आसपास पहुंच पथ पर भूमि चिन्हित होने से काफी सुविधा भी होती।

### क्यों जरूरी है 500 बेड का अस्पताल




सदर अस्पताल में प्रतिदिन विभिन्न विभागों में ओपीडी मरीजों की संख्या 500 मरीजों से अधिक होती है। सामान्य वार्ड, प्रसव कक्ष, आइसीयू जेरियेटिक वार्ड, एनबीएसयू, एसएनसीयू, सिजेरियन कक्ष में प्रतिदिन लगभग 250 रोगियों का भर्ती कर इलाज किया जाता है। इस अस्पताल पर देवघर जिले के अलावा आसपास के जिले दुमका, गोड्डा, जामताड़ा, गिरिडीह के साथ बिहार राज्य के बांका, जमुई के रोगी भी रेफर होकर आते है। साथ ही श्रावणी मेला के दौरान आने वाले श्रद्धालुओं के आगमन के अवसर पर अस्पताल में बेड की काफी कमी का सामना करना पड़ता है। साथ ही देवघर जिला धार्मिक नगरी रहने के कारण सालो भर विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन होते रहता हैं। शिवरात्री, बसंत पंचमी एवं प्रत्येक मास की पुर्णिमा तथा धार्मिक संस्थान सत्संग, रिखिया आदि में भी आयोजित कार्यक्रम में भी काफी श्रद्धालुओं का आगमन सालों भर रहता है। वर्तमान में जिला अस्पताल की क्षमता 100 बेड की है। विगत तीन वर्षों का ओपीडी के रोगियों की संख्या देखी जाये तो प्रत्येक वर्ष लगभग 25-40 प्रतिशत की वृद्धि देखी जा सकती है।

### कब कितनी बेड की जरूरत पड़ी

2020-21 में 67,869 बेड 2021-22 में 48,468 बेड एवं 2022-23 73,866 बेड की आवश्यकता पड़ी, जबकि वर्तमान संस्थान में 100 बेड 365 दिन 36,500 बेड ही उपलब्ध है। इससे स्पष्ट हो रहा है कि आइपीडी रोगियों की भी संख्या प्रत्येक वर्ष बढ़ रहीं है। वर्तमान परिपेक्ष में ही लगभग 200 बेड की आवश्यकता महशूस की जा रहीं है तथा जिस प्रकार प्रत्येक वर्ष ओपीडी एवं आइपीडी रोगियों की संख्या बढ रहीं है, उसको देखते हुए संस्थान को अगले 05 वर्ष के अंदर 500 बेड की आवश्यकता पड़ेगी। अस्पताल परिसर में अतिरिक्त भवन के निर्माण हेतु भूमि उपलब्ध नहीं है। जिस कारण इस परिसर में अस्पताल का विस्तार संभव नहीं है। इसलिए अन्यत्र कम स कम 20 से 25 एकड़ भूमि की आवश्यकता होगी।

### ओपीडी में मरीजों की संख्या

2020-21 -87,889 मरीज
2021-22 -1,09,451 मरीज
2022-23 -1,60,995 मरीज

### भर्ती होने वाले मरीजों की संख्या

2020-21- 22,623 मरीज
2021-22 -16,156 मरीज
2022-23 - 24,622 मरीज
















































आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**